मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 240

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook | YouTube | twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, रविवार, 26 जुलाई, 2026

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

### सरसंघचालक ने 'युगानुकूल मातृत्व' विषय पर सत्र को किया संबोधित

# महिलाओं पर हर जिम्मेदारी डालना गलत, पुरुष भी निभाएं भागीदारी : भागवत

महानगर टाइम्स संवाददाता




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि महिलाओं के सक्षम होने का यह मतलब नहीं है कि उन पर हर जिम्मेदारी डाल देनी चाहिए। भागवत ने कहा कि परिवार को एक टीम की तरह कार्य करना चाहिए। सभी में जिम्मेदारियों का बंटवारा होना चाहिए और यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महिलाओं की आकांक्षाएं कहीं खो नहीं जाएं। विश्वमांगल्य सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'युगानुकूल मातृत्व' विषय पर व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तर सत्र को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि घर की जिम्मेदारियों में पुरुषों की भागीदारी भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसा वातावरण बनाना चाहिए, जहां महिलाओं को समान सम्मान और सहयोग मिले। भागवत ने कहा कि शांति और संतोष तभी मिलता है, जब व्यक्ति वह कर सके जो वह वास्तव में करना चाहता है। परिवार को आपसी सहमति से अपनी प्राथमिकताएं तय करनी चाहिए और सामंजस्य बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इन सभी जिम्मेदारियों के बीच महिलाओं की अपनी आकांक्षाएं और इच्छाएं दम नहीं तोड़ दें। परिवार को स्वयं से पूछना चाहिए कि वह उसे ऐसे कौन से अवसर दे सकता है, जिनसे वह अपने सपनों को पूरा कर सके।

#### 'सलाह-मशविरा से चलते थे परिवार'

भागवत ने कहा कि पुरुषों और महिलाओं दोनों में जागरूकता आवश्यक है और बदलाव की शुरुआत परिवार से ही होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित पुरुषों से अपील करते हुए कहा कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करें। शुरुआत स्वयं से करें। अपने घर में सही माहौल बनाएं। इसके बिना बदलाव संभव नहीं होगा। भागवत ने कहा कि पहले के समय में परिवार आपसी सलाह-मशविरा से चलते थे। महिलाएं परिवार की वित्तीय व्यवस्था और महत्वपूर्ण निर्णयों में प्रमुख भूमिका निभाती थीं। उन्होंने कहा कि साझेदारी की उसी भावना को फिर से जीवित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें वही वातावरण दोबारा बनाना होगा। आज 'मैं' और 'मेरा' की भावना यानी व्यक्तिवाद अत्यधिक बढ़ गया है। हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करना फिर से सीखना होगा और यह केवल संवाद के माध्यम से ही संभव है।

#### 'कई बार जानबूझकर फैलाया जाता है भ्रम'

सरसंघचालक ने परिवार में घटते संवाद पर चिंता जताते हुए कहा कि परिवार में समय देना और संवाद बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान माता-पिता को करना होगा, जिसके लिए स्वयं का ज्ञान भी निरंतर बढ़ाना जरूरी है। बच्चे उपदेश से अधिक अनुकरण से सीखते हैं, इसलिए माता-पिता को स्वयं आदर्श आचरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में अनेक विमर्श भ्रम के कारण चलते हैं और कई बार जानबूझकर भ्रम फैलाया जाता है। भारतीय संस्कृति के बारे में भी लंबे समय तक भ्रम फैलाया गया कि हमारी परंपराएं गलत हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि हमारा सांस्कृतिक आधार अत्यंत प्रबल और प्रत्यक्ष है। हमें अपने इतिहास, ज्ञान व परंपराओं पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

#### 'व्यवस्था को मजबूत करना समय की आवश्यकता'

भागवत ने कहा कि एकता ही सत्य है और विविधता के बीच एकात्म भाव भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है। भारत में रहते हुए भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप जीवन जीना चाहिए। अन्य देशों की जीवनशैली को बिना विचार किए अपनाने के बजाय भारतीय दृष्टिकोण के आधार पर समाज और परिवार व्यवस्था को मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

### कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के बीच मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा प्रहलाद जोशी को अतिरिक्त प्रभार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के बाद शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधान के इस्तीफे के बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को शनिवार को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया, जबकि वे खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री के रूप में अपना मौजूदा कार्यभार भी संभालते रहेंगे। यह घटनाक्रम परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुआ है। राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से इस नियुक्ति की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रधान का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया।

यह स्वीकृति संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत की गई है। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) पिछले 36 दिनों से जंतर-मंतर पर धरना दे रही थी। इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके और अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया है।


धर्मेंद्र प्रधान


प्रहलाद जोशी

#### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर दीपके की प्रतिक्रिया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। यह इस बात का सबूत है कि अगर आप डरते नहीं हैं और सरकार के सामने झुकते नहीं हैं तो आप किसी से भी इस्तीफा ले सकते हैं। लोकतंत्र में डरें नहीं। जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए अभिजीत दीपके ने कहा कि डरने की कोई जरूरत नहीं है। यह लोकतंत्र है। उन्होंने इस्तीफा दे दिया है, लेकिन हमारी दो और मांगें हैं। हम ऐसे ही नहीं जाएंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है, लेकिन जिन बच्चों ने आत्महत्या की, उनके परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए और दूसरी बात 20 तारीख को जिन पुलिस वालों ने गुंडागर्दी की, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

#### एक स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में याद रहेगा प्रधान का कार्यकाल : भजनलाल



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में धर्मेंद्र प्रधान का कार्यकाल एक स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में याद किया जाएगा। उनका कार्यकाल देश में कई ऐतिहासिक शैक्षिक सुधारों का साक्षी बना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से लेकर आईआईटी, नीट, जेईई और बीटेक जैसे तकनीकी व प्रतियोगी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई और परीक्षाओं को भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराकर उन्होंने भाषाई बाधाओं को समाप्त करने का अभूतपूर्व कार्य किया है।

#### 12 साल में पहली बार विरोध के बाद मंत्री का इस्तीफा

2014 में पहली बार मोदी सरकार बनने के बाद 12 साल के कार्यकाल में धर्मेंद्र प्रधान पहले मंत्री हैं, जिन्हें विरोध के चलते इस्तीफा देना पड़ा है। हालांकि इससे पहले 2018 में विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर ने इस्तीफा दिया था, लेकिन तब दुनियाभर में 'मी टू' आंदोलन चल रहा था और अकबर पर पत्रकारिता के दिनों में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे।

#### प्रधान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कही यह बात

प्रधान ने युवाओं को संबोधित करते हुए लिखे पत्र में अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने लिखा 'मेरे युवा साथियों, मैं पिछले चार दशक से अधिक समय से छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए समर्पित रहा हूं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है कि एक सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी शिक्षा व्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है। मैं देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करता हूं। भारत की युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करना हम सभी के राजनीतिक और सामाजिक जीवन का नैतिक संकल्प रहा है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र की सेवा करने का जो अवसर मुझे प्राप्त हुआ उसके लिए मैं प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करता हूं।' उन्होंने आगे लिखा, 'चूंकि 3 मई, 2026 को हुई नीट-यूजी की परीक्षा में अनियमितता पाई गई। भारत सरकार ने इसको तुरंत संज्ञान में लेते हुए जांच सीबीआई को सौंपी और परीक्षा को रद्द किया। साथ ही पुनः परीक्षा की तिथि घोषित की गई। इसके साथ ही अगले वर्ष से इस परीक्षा को सीबीटी मोड में करने का निर्णय लिया गया।' उन्होंने कहा कि इस दौरान हमारी प्राथमिकता यह रही कि 20 लाख से अधिक छात्रों की परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की जाए। इसके लिए समग्र सरकारी दृष्टिकोण के तहत काम किया गया। इसमें भारत सरकार के साथ राज्य सरकार, विशेषकर जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही छात्रों, अभिभावक और माता-पिता के सहयोग से 21 जून, 2026 को यह परीक्षा संपन्न हुई। पहले ही दिन से, इस पर मैंने जिम्मेदारी ली और इस परिस्थिति से कभी मुंह नहीं मोड़ा। मेरा यह संकल्प था कि हम किसी भी मेधावी छात्र की संभावना परीक्षा माफिया के कारण खराब नहीं होने देंगे, किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। 16 जुलाई को घोषित नीट-यूजी के परिणाम संतोषजनक रहे, जिसमें गरीब पृष्ठभूमि से आए कई मेधावी छात्रों को भी सफलता मिली। परंतु इस दौरान भी कई छात्रों को गुमराह करने के लिए जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों ने बाधा डालने की कोशिश की, जिससे मन अत्यंत व्यथित हुआ। प्रधान ने लिखा, 'जंतर-मंतर पर और देश में जो स्थिति बनी है, इस स्थिति का राष्ट्र विरोधी ताकतें लाभ ना उठाएं, देश की एकता बनी रहे, भारत के एक भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में ना उलझे, हमारे बच्चे अपना समय पढ़ाई में लगाएं, कॅरियर बनाने पर फोकस करें, इसी बात पर विचार करते हुए मैंने अपना त्यागपत्र प्रधानमंत्री को भेज दिया है। मैं प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन, विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही मंत्रिपरिषद के अपने सभी सम्मानित सहयोगियों, मंत्रालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उन सभी व्यक्तियों का भी आभार जताता हूं, जिनके साथ मुझे कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राष्ट्रसेवा मेरे जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं इसके लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

#### धर्मेंद्र प्रधान निर्दोष, इस्तीफा देकर दिखाया बड़प्पन : राठौड़

**पाली।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं और वे किसी भी स्तर पर दोषी नहीं हैं। उन्होंने केवल इसलिए इस्तीफा दिया है, जिससे प्रधानमंत्री किसी दुविधा में नहीं रहें, जो उनके बड़प्पन को दर्शाता है।



#### संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान, सरकार ने छात्रों की सभी मांगें मानीं



दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहा सीजेपी का आंदोलन खत्म हो गया है। केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह एवं सीजेपी की ओर से सौरभ दास और आशुतोष रांका की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंदोलन को खत्म करने का ऐलान किया गया। कॉन्फ्रेंस में सरकार और सीजेपी के बीच तीसरे दौर की बातचीत में सहमति बन गई। सीजेपी के नेताओं ने बताया कि मंगलवार तक उन्हें सरकार से लिखित गारंटी मिल जाएगी। केंद्रीय मंत्री नड्डा के अनुसार आंदोलनकारियों ने चार सूत्री लिखित मसौदा सरकार को सौंपा था। इसमें सभी राज्यों में दर्ज एफआईआर वापस लेने, नियमों के तहत अधिकतम मुआवजा देने और शिक्षा सुधारों को लेकर आंदोलनकारियों द्वारा दिए गए चार्टर का अध्ययन करने तथा उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ आगे बातचीत जारी रखने पर सहमति बनी है।

# बाड़मेर-जोधपुर सहित कई जिलों में तेज बारिश

- बाड़मेर जिले के सेड़वा और चौहटन तहसील के कई गांवों में जलभराव
- जयपुर में देर शाम झमाझम, 28 जुलाई से फिर शुरू होगा तेज दौर



#### गुजरात में भारी बारिश से 5 और असम में बाढ़ से 14 मौतें

नई दिल्ली। गुजरात में लगातार हो रही भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक बाढ़ प्रभावित इलाकों से 40,500 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। बारिश से जुड़े हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं असम में बाढ़ से पिछले 24 घंटे में 14 लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। राज्य के 12 जिलों में बाढ़ से 7.05 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं।

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में मानसून एक बार फिर करवट ले रहा है। जयपुर में दिनभर उमस का दौर बना रहा।

शाम होते होते कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इससे कई सड़कें जलमग्न हो गईं। दूसरी ओर बाड़मेर में तेज बारिश के बाद घरों में पानी घुस गया। जिले सेड़वा और चौहटन तहसील के कई गांव जलमग्न हैं। वहीं अजमेर में शनिवार सुबह एक घर की दीवार गिरने से कई गाड़ियां दब गईं। जोधपुर और उदयपुर में सुबह बरसात हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार रविवार को पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, पाली, जालोर और सिरोही जिलों में कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में 26 जुलाई को बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। हालांकि यह राहत ज्यादा दिन की नहीं होगी। 28 जुलाई से पूर्वी राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय होगा और कई क्षेत्रों में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग में 27 से 29 जुलाई के दौरान बारिश की गतिविधियां कमजोर पड़ेंगी। इस अवधि में केवल छिटपुट बारिश होने के आसार हैं।

# हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब की रिफाइनरी पर हमला

### तीन बैलिस्टिक मिसाइलों से अरामको को बनाया निशाना

विशेष संवाददाता



**वॉशिंगटन डीसी।** हूती विद्रोहियों ने शनिवार को सऊदी अरब के जजान स्थित सऊदी अरामको रिफाइनरी पर 3 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। जजान रिफाइनरी को सऊदी अरब की पांचवीं सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी माना जाता है। इसकी क्षमता प्रतिदिन करीब 4 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस करने की है। यह लाल सागर के किनारे स्थित होने के कारण सऊदी अरब के ऊर्जा और तेल निर्यात नेटवर्क का अहम हिस्सा है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सऊदी अरब ने हाल ही यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके जवाब में हूतियों ने सऊदी के एनर्जी एन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने का दावा किया है। हमले के बाद सोशल मीडिया पर रिफाइनरी से आग और धुएं के वीडियो सामने आए हैं। हालांकि अभी तक सऊदी सरकार या अरामको ने रिफाइनरी पर सीधे मिसाइल लगने या किसी बड़े नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

#### होर्मुज में 28 क्रू मेंबर्स वाले एलपीजी टैंकर पर हमला

ईरान के जलक्षेत्र में एक एलपीजी टैंकर पर हमला हुआ। मोजाम्बिक के झंडे वाला यह टैंकर दिशा 28 भारतीय चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रहा था। भारतीय दूतावास ने पुष्टि की है कि सभी भारतीय सुरक्षित हैं।

### बिड़ला सभागार में करगिल विजय दिवस शौर्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन

# दुश्मन को घर में घुसकर मारता है आज का भारत : भजनलाल

- ऑपरेशन विजय भारत के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक
- पीएम मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में आ रही आत्मनिर्भरता

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि करगिल की विजय भारत के गौरव, पराक्रम, शौर्य और अदम्य राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस युद्ध में भारत के जांबाज सैनिकों ने असंभव को संभव कर दिखाया। टाइगर हिल से लेकर टोलोलिंग तक, बटालिक से लेकर द्रास तक, हर चोटी पर हमारे तिरंगे को फिर से लहराया। मुख्यमंत्री शनिवार को बिड़ला सभागार में करगिल विजय दिवस शौर्य संध्या कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में जब पाकिस्तान ने हमारे देश के खिलाफ साजिश रची, तब भारतीय सेना ने उसे सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन विजय शुरू किया। हमारे जांबाजों ने यह लड़ाई 15 से 18 हजार फीट की ऊंचाई पर करीब 85 दिनों तक लड़ी। करगिल का युद्ध अत्यधिक ठंड, कम ऑक्सीजन व दुर्गम पहाड़ी इलाकों के कारण चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी हमारे वीर जवानों के जोश में कोई कमी नहीं आई और उन्होंने अपने अदम्य साहस का परिचय देकर दुश्मन के कब्जे से हमारे क्षेत्रों को मुक्त कराया। इस दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट सौरभ कालिया जैसे वीर नायकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में भारत के 527 वीर सपूत शहीद हुए तथा 1300 से अधिक घायल हुए। इनमें स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा, कैप्टन अमित भारद्वाज समेत राजस्थान से कुल 58 वीर सपूत शहीद हुए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करगिल युद्ध के शहीदों के परिजन एवं वीर नारियों तथा सेवारत सैन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों को रेक्सको के माध्यम से नियोजन पत्र प्रदान किए।

#### 'देश की सेना का मनोबल हिमालय से भी ऊंचा'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वीरों ने यह सिद्ध किया कि जिस देश की सेना का मनोबल हिमालय से भी ऊंचा हो, उस देश को कोई झुका नहीं सकता। ऑपरेशन विजय केवल एक सैन्य अभियान नहीं था, वह सभी भारतीयों के स्वाभिमान की विजय थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले वर्षों में भारत ने अपनी सुरक्षा नीति को नई शक्ति, नई स्पष्टता और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया है। हमारी सेनाएं आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हो रही हैं। केंद्र सरकार ने सेनाओं को मजबूत बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए डबल इंजन सरकार ने पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सैनिक कल्याण विभाग को सशक्त बनाया है। युद्ध के बलिदानी योद्धाओं के आश्रितों और शौर्य पदक धारकों को 25-25 बीघा भूमि आवंटित की है। बलिदानी योद्धाओं के 154 आश्रितों और परिवारजनों को सरकारी नौकरी दी है। इसी तरह अन्य वीर सैनिकों के 47 आश्रितों का राजकीय सेवा में नियोजन किया गया है। पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी विसंगतियां दूर करने के लिए जिला स्तर पर 418 कैंप लगाकर 1228 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है।

#### कार्यरत भूतपूर्व सैनिकों का मानदेय बढ़ाया

सीएम ने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों में रेक्सको के माध्यम से कार्यरत भूतपूर्व सैनिकों के मानदेय में वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि की है। तीन नए जिलों ब्यावर, खैरथल-तिजारा और फलोदी में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक समुदाय को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 18 जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण क्लिनिक स्थापित किए हैं।

#### 'जयपुर में हुआ ऐतिहासिक सेना दिवस परेड का आयोजन'

मुख्यमंत्री ने कहा कि 78वें सेना दिवस परेड का ऐतिहासिक आयोजन जयपुर में किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना ने अपने अद्भुत साहस, शौर्य और आधुनिक सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल, आधुनिक टैंकों और अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों ने आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड भारतीय सेना के पराक्रम, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति अटूट संकल्प का प्रेरक संदेश थी।

#### करगिल युद्ध भारत के व्यक्तित्व की विजय : राज्यवर्धन राठौड़

सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि करगिल युद्ध केवल सैन्य विजय नहीं, बल्कि भारत के व्यक्तित्व की विजय थी। इस युद्ध से नागरिक भी जुड़े और भारतीय सेना की सेवा के लिए खड़े रहे। कैप्टन विक्रम बत्रा जैसे नौजवानों ने अपनी शहादत देकर देश को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा कि नाम, नमक व निशान से सैनिकों में देश सेवा का जज्बा मजबूत बनता है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा, सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर, चीफ ऑफ स्टाफ मुख्यालय सप्त शक्ति कमान लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल माधवेंद्र सिंह सहित वीर शहीदों के परिजन, वीर नारियां, सैन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# जेडीए की पहल : 'वेस्ट टू आर्ट' थीम पर बनेंगे तीन भव्य स्वागत द्वार, 5.36 करोड़ आएगी लागत

## प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं लोकजीवन की अनूठी झलक दिखेगी


आमेर रोड कुंडा मार्ग



घाटी की गुणी टोल प्लाजा


ढेहर की ढाणी गंगा मार्ग

महानगर टाइम्स संवाददाता


**जयपुर।** शहर की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन आकर्षण एवं सौंदर्यीकरण को नई पहचान देने की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने महत्वपूर्ण पहल की है। आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि जेडीए द्वारा शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर 'वेस्ट टू आर्ट' थीम आधारित भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) विकसित किए जाएंगे। इन स्वागत द्वारों में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं लोकजीवन की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। प्रस्तावित स्वागत द्वार दिल्ली रोड पर कुंडा मोड़ से आमेर जाने वाले मार्ग, घाट की गुणी टोल प्लाजा तथा ढेहर की ढाणी गंगा मार्ग पर प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने स्थापित किए जाएंगे। तीनों स्वागत द्वारों की थीम अलग-अलग होगी। दिल्ली कुंडा मोड़ पर बनने वाला स्वागत द्वार राजस्थान की आत्मीय परंपरा 'खम्मा घणी' की भावना को दर्शाएगा, जो प्रदेश की अतिथि सत्कार की संस्कृति का प्रतीक होगा। घाट की गुणी टोल प्लाजा पर प्रस्तावित स्वागत द्वार राजस्थान के पारंपरिक 'लहरिया' डिजाइन की थीम पर विकसित किया जाएगा, जो प्रदेश की रंग-बिरंगी सांस्कृतिक विरासत और लोककलाओं का प्रतिनिधित्व करेगा। वहीं गंगा मार्ग पर प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने बनने वाला स्वागत द्वार पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में आगंतुकों का स्वागत करते महिला एवं पुरुषों की कलात्मक आकृतियों के माध्यम से प्रदेश की पधारो म्हारे देस की भावना को साकार करेगा।

### निविदा प्रक्रिया शुरू

परियोजना पर लगभग 5.36 करोड़ की लागत प्रस्तावित है, जिसमें सिविल निर्माण, विद्युत कार्य एवं हॉर्टिकल्चर विकास शामिल हैं। इसके लिए निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा तथा इसे छह माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

# वार्ड तय नहीं, दावेदारी कैसे करें?

## निकाय चुनाव से पहले नेताओं में असमंजस



- आरक्षण-परिसीमन के फेर में फंसे दावेदार, नहीं तय किस वार्ड से लड़ेंगे चुनाव
- ओबीसी रिपोर्ट का इंतजार, आरक्षण की लॉटरी पर टिकी हजारों दावेदारों की नजर
- 26 जुलाई तक पूरा होगा सर्वे, 5 अगस्त को मिलेगी रिपोर्ट, फिर निकलेगी लॉटरी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही स्थानीय नेताओं की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं, लेकिन चुनावी तैयारियों से ज्यादा उनकी चिंता अब वार्डों के आरक्षण और परिसीमन को लेकर है। जमीनी स्तर पर बड़ा सवाल अब भी अनसुलझा है कि चुनाव आखिर किस वार्ड से लड़ पाएंगे? यही असमंजस इस समय हजारों संभावित प्रत्याशियों, पूर्व पार्षदों और राजनीतिक दलों की रणनीति पर भारी पड़ रहा है। दरअसल, 26 जुलाई को ओबीसी सर्वे का कार्य पूरा होगा, जिसके बाद राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार कर 5 अगस्त तक राज्य सरकार को सौंपेगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर वार्डों के आरक्षण की लॉटरी निकलेगी और तब यह तय होगा कि कौन-सा वार्ड सामान्य रहेगा और कौन-सा ओबीसी, एससी, एसटी या अन्य आरक्षित श्रेणी में जाएगा। जब तक यह तस्वीर साफ नहीं होती, तब तक हजारों संभावित दावेदारों के सामने चुनाव लड़ने को लेकर असमंजस बना रहेगा।

स्थानीय नेताओं के सामने यह नहीं, बल्कि दो अन्य चुनौतियां भी सामने खड़ी हैं। पहली चुनौती परिसीमन की है। नए सीमांकन के बाद वार्ड की सीमाओं और क्षेत्रफल में बदलाव करने पर कई पुराने वार्ड समाप्त हो चुके हैं और नए वार्डों का दायरा पहले से बड़ा हो गया है। वहीं अन्य बड़ी चुनौती यह है कि अधिकांश दावेदार फिलहाल दो से तीन वार्डों में एक साथ सक्रिय हैं। उन्हें डर है कि जिस वार्ड में उन्होंने वर्षों तक घर-घर जनसंपर्क कर राजनीतिक जमीन तैयार की और अपना वोट बैंक मजबूत किया, कहीं उसी वार्ड से चुनाव लड़ने का अवसर हाथ से न निकल जाए। यही कारण है कि स्थानीय नेताओं की निगाहें अब केवल ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और उसके बाद होने वाली आरक्षण लॉटरी पर टिकी हैं। कारण, इससे कई पुराने नेताओं की दावेदारी प्रभावित हो सकती है, जबकि नए चेहरों के लिए अवसर पैदा होंगे। दरअसल, राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने कई जिलों में सर्वे अधूरा रहने के कारण इसकी अवधि 26 जुलाई तक बढ़ा दी है। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि इसके बाद किसी भी स्थिति में समय नहीं बढ़ाया जाएगा।

### एक नहीं, दो-दो वार्डों में दौड़ रहे दावेदार... लॉटरी के डर से 'प्लान-बी' पर फोकस

अधिकांश संभावित प्रत्याशी और पूर्व पार्षद दो-दो वार्डों में समानांतर सक्रिय हैं। दावेदारों का कहना है कि एक वार्ड में पार्टी का वोट बैंक मजबूत है, तो दूसरे में जातीय समीकरण उनके पक्ष में हैं। कई नेताओं ने अपने स्तर पर जातिगत और सामाजिक समीकरणों का अलग से अध्ययन कराया है। बूथवार मतदाताओं की सूची, जातीय संरचना और स्थानीय प्रभाव का विश्लेषण कर वैकल्पिक रणनीति तैयार की जा रही है, ताकि यदि पहला वार्ड आरक्षित हो जाए, तो तुरंत दूसरे वार्ड से चुनावी दावेदारी पेश की जा सके। कई नेताओं ने पार्टी नेतृत्व के सामने एक से अधिक वार्डों से दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है, ताकि अंतिम समय में विकल्प खुले रहें।

### जयपुर में 250 से घटकर 150 हुए वार्ड, पुराने समीकरण बदले तो बढ़ी चुनौती

राजधानी जयपुर की स्थिति सबसे अधिक दिलचस्प मानी जा रही है। नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर के एकीकरण के बाद अब पूरे जयपुर नगर निगम में 150 वार्ड रह गए हैं, जबकि पहले दोनों निगमों को मिलाकर 250 वार्ड थे। नए परिसीमन के तहत पूरे नगर निगम को 13 प्रशासनिक जोन में विभाजित किया गया है। वार्डों का निर्धारण केवल पुराने वार्डों को जोड़कर नहीं किया गया, बल्कि जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र, शहरी विस्तार और प्रशासनिक सुविधा को आधार बनाकर नई सीमाएं तय की गई हैं। इसका सीधा असर स्थानीय नेताओं के पारंपरिक राजनीतिक क्षेत्रों पर पड़ा है और कई पुराने वार्ड पूरी तरह बदल चुके हैं।

### परिसीमन के बाद बढ़ा चुनावी दायरा, नेताओं की मेहनत हुई दोगुनी

निकाय परिसीमन ने इस बार दावेदारों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पिछली बार जयपुर हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम बनने पर पुराने एक वार्ड को कई हिस्सों में बांट दिया गया था, जिससे नेताओं का जनसंपर्क क्षेत्र छोटा हो गया था। अब दोनों नगर निगमों के एकीकरण के बाद नए परिसीमन में कई पुराने वार्डों को जोड़कर बड़े क्षेत्र तैयार किए गए हैं। इसका सीधा असर यह हुआ है कि दावेदारों का चुनावी दायरा पहले से कहीं बड़ा हो गया है। अब उन्हें अधिक आबादी, नए इलाकों और अलग-अलग सामाजिक समीकरणों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करनी पड़ रही है। पूर्व पार्षदों का कहना है कि इस बार चुनाव जीतने के लिए पहले से दोगुनी मेहनत करनी होगी।

# केसी मालू के अधूरे सपनों को पूरा करना ही होगी सच्ची श्रद्धांजलि : गोपाल शर्मा





- पूर्व केंद्रीय सचिव डॉ. ललित के. पंवार ने मरणोपरांत पद्म सम्मान की वकालत की
- यूनुस खान और सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार के सर्वोच्च सिविल अवॉर्ड राजस्थान रत्न से सम्मानित 'वीणा' समूह के संस्थापक अध्यक्ष केसी मालू के निधन पर जनप्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व परिवहन मंत्री एवं डीडवाना विधायक यूनुस खान, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल तथा विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं भारत सरकार के पूर्व पर्यटन सचिव डॉ. ललित के. पंवार (आईएएस, सेवानिवृत्त) ने मालू परिवार से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि केसी मालू का निधन केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश के सांस्कृतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोक कलाकारों, लोक संगीत और राजस्थानी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में संगीत विश्वविद्यालय, विश्वस्तरीय परफॉर्मिंग आर्ट्स अकादमी, राजस्थानी संस्कृति को समर्पित टीवी चैनल और वैश्विक सांस्कृतिक आयोजनों की परिकल्पना को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पूर्व मंत्री एवं डीडवाना विधायक यूनुस खान ने कहा कि केसी मालू जैसे व्यक्तित्व सदियों में जन्म लेते हैं। उन्होंने हजारों कलाकारों को मंच, सम्मान और नई पहचान दिलाई। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि केसी मालू सुजानगढ़ की पहचान थे। उन्होंने अपने जन्मस्थान का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। पूर्व केंद्रीय पर्यटन सचिव डॉ. ललित के. पंवार ने कहा कि केसी मालू ने 'वीणा' के माध्यम से राजस्थानी लोक संगीत को विश्वभर में नई पहचान दिलाई और वे वास्तव में 'राजस्थान के लोक संगीत के गुलशन कुमार' थे। डॉ. पंवार ने कहा कि राजस्थान और भारत सरकार को केसी मालू के अद्वितीय योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें मरणोपरांत पद्म सम्मान से अलंकृत करना चाहिए।

इस अवसर पर हेमजीत मालू ने बताया कि उनके पिता केसी मालू का सपना अपने पैतृक नगर सुजानगढ़ में लगभग 250 करोड़ की लागत से 250 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना करना भी था, ताकि क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि परिवार संगीत विश्वविद्यालय, परफॉर्मिंग आर्ट्स अकादमी सहित उनके सभी अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित है।

# 97वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में प्रवीणचंद्र छाबड़ा ने खोले के हनुमानजी मंदिर में किए दर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी एवं चूलगिरी तीर्थ के परम संरक्षक प्रवीणचंद्र छाबड़ा ने अपने 97वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध खोले के हनुमानजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। छाबड़ा का इस मंदिर से विशेष आत्मीय संबंध रहा है। वे खोले के हनुमानजी मंदिर संस्थान के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और स्थापना काल से ही मंदिर के विकास एवं सेवा कार्यों से जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर खोले के हनुमानजी मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गिरधारी शर्मा ने छाबड़ा का पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया। वहीं सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार छाबड़ा के निवास पर जाकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।


सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने दी शुभकामनाएं।


खोले के हनुमानजी मंदिर में अभिनंदन।

# आयकर दिवस पर आयकर परिवार आपात सेवा शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** आयकर विभाग से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों की समस्याओं के समाधान के लिए आयकर परिवार आपात सेवा शुरू की गई है। इसका लाभ विभाग में कार्यरत और सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन को मिलेगा।

इसकी शुरुआत शुक्रवार को आयकर विभाग जयपुर द्वारा प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित 167वें आयकर दिवस के अवसर पर की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य आयुक्त सीजीएसटी हरमीत सिंह नारंग रहे। वहीं विभाग में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, टैक्स बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष का बधाई संदेश प्रदर्शित किया गया और विभाग की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। साथ ही वक्ताओं ने करदाता सेवा, विभाग की उपलब्धियों एवं राष्ट्र निर्माण में आयकर विभाग की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार दिए गए। साथ ही विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा टैक्स बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर आयकर भवन परिसर व आयकर कॉलोनियों में पर्यावरण संरक्षण तथा हरित भारत के संदेश के साथ पौधरोपण किया गया।

# शहीद स्मारक पर स्टूडेंट्स का धरना समाप्त

- कहा- सरकार पहले ही चेत जाती तो इतनी जानें नहीं जाती
- जवाहर सर्किल पर पुलिस ने अलसुबह हटाया धरना
- शहीद स्मारक पर स्टूडेंट्स की मांग- दिवंगत छात्रों के परिजनों को मिले राहत पैकेज



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सीजेपी की अगुवाई में कई दिनों से चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार दोपहर बाद केंद्रीय मंत्री धर्मेंद प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्ति की ओर बढ़ा। इस्तीफे की खबर जैसे ही फैली स्टूडेंट्स का जोश परवान चढ़ गया। नाच-गाकर खुशी जताई गई। इससे पूर्व जवाहर सर्किल पर चल रहे धरने को पुलिस प्रशासन ने शनिवार अलसुबह हटा दिया। बाद में धरना दे रहे कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर जुटे और प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। छात्र परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और पेपर लीक के मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### सरकार ने शहर में बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

इससे पूर्व शहर में बढ़ते विरोध प्रदर्शन के चलते राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और डीजीपी राजीव शर्मा ने सभी कलेक्टरों और एसपी को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। हालांकि शनिवार शाम होते-होते इन धरना स्थलों से छात्रों के हटने का दौर जारी रही। छात्रों का कहना है कि सरकार पहले ही इस मामले को लेकर गंभीरता दिखाती तो परीक्षार्थियों को अपनी जान से हाथ नहीं धोना पड़ता। छात्रों का कहना था कि दिवंगत छात्रों की याद में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। हालांकि जश्न के बीच छात्रों ने साफ कर दिया कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। छात्र नेताओं ने कहा कि यह उनके संघर्ष की केवल शुरुआत है और जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### दिल्ली से निर्देश मिलते ही देर रात धरना समाप्त

इधर, दिल्ली के जंतर मंतर पर सीजेपी से जुड़े पदाधिकारियों की प्रेस कॉन्फ्रेस में धरना स्थगित करने की घोषणा के बाद शनिवार देर रात धरना समाप्त कर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने भी सख्ती में ढिलाई बरती।

### जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री ने किया पोस्टर का विमोचन

# पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब कर्मचारी नेता की याद में 2 अगस्त को लगाएगा रक्तदान शिविर

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने 2 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया। यह आयोजन राजापार्क स्थित हरमिलाप भवन में होगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी, मुकेश बंसल, भवानी सिंह शेखावत, अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर राजन विशाल व अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे। सभी ने अभियान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर मानव जीवन बचाने के इस महाभियान से जुड़ने का आह्वान किया। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन (इंटक) के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिलाध्यक्ष ताराचंद सैनी, विधि सलाहकार मुकेश माथुर, यूथ अध्यक्ष अजीत सिंह शेखावत, महामंत्री शैलेश शर्मा एवं कर्मचारी नेता शाहिद उद्दीन ने संयुक्त रूप से बताया कि पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में श्रमिक जगत के लोकप्रिय कर्मचारी नेता एवं प्रेरणास्त्रोत मांगीलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter

### राजस्थान बना निवेशकों की पहली पसंद, 30 से अधिक सेक्टर-विशिष्ट नीतियों से उद्योगों को मिल रही नई गति

# 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग : श्रीनिवास

- पीएएफआई के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय संवाद आयोजित
- उद्योग-अनुकूल नीतियों और निवेश अवसरों से कराया अवगत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान आज लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटीज के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी, सरल एवं निवेशक-अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है। यही कारण है कि राज्य में विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, एआई-एमएल, डाटा सेंटर, रक्षा विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तृत नेटवर्क, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तथा दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर से जुड़ाव निवेशकों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करता है।

यह बात मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को शासन सचिवालय में पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय संवाद बैठक में कही। उन्होंने कहा कि राज्य में 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई है। साथ ही अन्य एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। पिछले ढाई वर्षों में 40 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए हैं तथा औसतन प्रत्येक तीन सप्ताह में एक नया औद्योगिक पार्क विकसित हो रहा है। प्रतिदिन लगभग छह औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है, जिससे निवेशकों को शीघ्र भूमि उपलब्ध हो रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने 30 से अधिक सेक्टर-विशिष्ट नीतियां लागू कर उद्योगों के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया है। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के माध्यम से निवेशकों को राज्य करों की प्रतिपूर्ति, पूंजीगत अनुदान तथा अन्य आकर्षक प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे राज्य में निवेश और अधिक प्रतिस्पर्धी बना है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं राजकीय उपक्रम तथा रीको के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल, सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव रवि कुमार सुरपुर ने भी विचार रखे।

#### निवेशक 31 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

मुख्य सचिव ने निवेशकों को निजी औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी से आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने पात्र निवेशकों से 31 जुलाई 2026 तक आवेदन करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुगम एवं डि-रेगुलेशन सुधारों के माध्यम से उद्योगों के लिए अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल बनाया है। सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए 190 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं, लैंड यूज चेंज की समय-सीमा 30 दिन कर दी गई है, एमएसएमई स्वीकृतियों में तेजी लाई गई है तथा औद्योगिक एवं व्यावसायिक संचालन जैसी कई सुधारात्मक पहलें लागू की गई हैं।

#### पीएएफआई को रिवर्स बायर-सेलर मीट में किया आमंत्रित

मुख्य सचिव ने पीएएफआई के प्रतिनिधियों को दिसंबर, 2026 में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस तथा जयपुर एवं उदयपुर में प्रस्तावित रिवर्स बायर-सेलर मीट में सक्रिय सहभागिता के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि इन आयोजनों से वैश्विक निवेशकों एवं राजस्थान के उद्योग जगत के बीच नए व्यापारिक अवसर विकसित होंगे। बैठक में पीएएफआई एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश को अधिक प्रोत्साहित करने संबंधी सुझाव दिए, जिन पर मुख्य सचिव ने सकारात्मक विचार करते हुए समयबद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य, रीको, आयोजना सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद रहे।

---

### रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में दी जानकारी

## रेलवे की जयपुर सहित दो लॉन्ड्री में एआई ढूंढता है दाग-धब्बे

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय रेलवे की एसी क्लास में यात्रा करने वाले यात्रियों को हर यात्रा में मिलने वाला बेडरोल साफ रहे, इसके लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे की जयपुर, जोधपुर और पुणे स्थित लॉन्ड्री में एआई के जरिए बेडरोल के दाग-धब्बे ढूंढ कर धुलाई कराई जाती है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे ने धुले हुए कपड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पुणे डिवीजन (मध्य रेलवे) और जयपुर एवं जोधपुर डिवीजन (उत्तर पश्चिमी रेलवे) में स्थित लॉन्ड्री में स्वचालित एआई-कैमरा दाग पहचान तकनीक का उपयोग करने की पायलट परियोजना आरंभ की है। सभी मशीनीकृत लॉन्ड्री में कपड़ों की सफाई की प्रभावशीलता की जांच के लिए व्हाइटो-मीटर का उपयोग किया जाता है। लॉन्ड्री संचालन की निगरानी के लिए सभी लॉन्ड्री में आईआर प्रणाली के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे स्वच्छ और स्वास्थ्यकर बिस्तर उपलब्ध कराता है। प्रत्येक बेडरोल पैकेट में दो चादरें, एक तकिया कवर और एक तौलिया होता है। एक चादर स्लीपर सीट पर बिछाने के लिए होती है, जबकि स्टैंडर्ड बेडरोल किट में दी गई अतिरिक्त चादर कंबल के नीचे बिछाने के लिए होती है, ताकि कंबल यात्री के शरीर के सीधे संपर्क में नहीं आए। इस कवर को एक बार इस्तेमाल करने के बाद धोया जाता है।

#### 'निर्धारित मानदंडों के अनुसार बदली जाती हैं वस्तुएं'

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक प्रायोगिक पहल के रूप में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा संचालित ट्रेनों और कामाख्या और हावड़ा के बीच चलने वाली नव-परिचित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में सभी एसी श्रेणी के यात्रियों को कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न लिनेन वस्तुओं का निर्धारित सेवाकाल रेलवे के मौजूदा नियमों के अंतर्गत निर्धारित है और उपयोग, स्थिति और उपयोगिता के आधार पर समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। अनुपयोगी पाई गई लिनेन वस्तुओं को वापस ले लिया जाता है और निर्धारित मानदंडों के अनुसार उन्हें बदल दिया जाता है।

---

### फसल बीमा योजना में इस बार हुए कई बदलाव

## बीमा कंपनियों पर कसा शिकंजा, अब तय समय पर होगा क्लेम का भुगतान

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पिछले वर्षों में रही कमियों को दूर करते हुए कई बदलाव किए गए हैं। इस बार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना में बीमा कंपनियों पर शिकंजा कसा गया है।

बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2026 और रबी 2026-27 की फसलों के लिए कृषि विभाग ने 4 बीमा कंपनियों के साथ अनुबंध किया है। पूर्व में राज्य सरकार 3 साल के लिए टेंडर करती थी, जबकि इस बार केवल एक साल की फसलों के लिए टेंडर किया गया है। पूर्व में राज्य के 33 राजस्व जिलों के 10 क्लस्टर बनाकर बीमा किया जाता था। इस बार चूंकि जिले बढ़कर 41 हो गए हैं, इसलिए इन्हें 8 क्लस्टर में बांटा गया है। एक बीमा कंपनी को अधिकतम 2 क्लस्टर के लिए बीमा करने की जिम्मेदारी दी गई है। बीमा अनुबंध में पहली बार बिड सिक्योरिटी का प्रावधान किया गया है। कार्य निष्पादन प्रतिभूति राशि और अतिरिक्त कार्य निष्पादन के लिए कंपनियों को प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी। पूर्व के अनुबंधों में ये प्रावधान नहीं थे। नए अनुबंध में कंपनियों पर जुर्माना राशि भी तय की गई है, जिससे कि बीमित किसान व परिजनों को तय समय पर क्लेम का भुगतान मिल सके। बीमा कंपनियों को अब राज्य स्तर पर कार्यालय स्थापित करते हुए 2 वरिष्ठ पूर्णकालिक अधिकारियों एवं आवश्यक सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति करनी होगी। साथ ही उनके प्रतिनिधियों को पंत कृषि भवन में भी बैठना होगा। प्रत्येक क्लस्टर में जिला एवं तहसील स्तर पर आवश्यक तकनीकी एवं फील्ड कार्मिकों की नियुक्ति करनी होगी। पिछली बार के मुकाबले बीमा की प्रीमियम दरें भी कम हुई हैं। फसल गिरदावरी को भी फसल बीमा से जोड़ा गया है।

#### तय समय पर सर्वे नहीं करने पर लगेगा जुर्माना

बीमा कंपनी को 7 दिन में किसानों को बीमा पॉलिसी की कॉपी भेजनी होगी और पोस्ट हार्वेस्टिंग हानि प्रकरणों में 48 घंटे में सर्वेयर नियुक्त करना होगा। सर्वेयर नियुक्त नहीं करने और सर्वे नहीं करने पर जुर्माना लगेगा जो 20 हजार रुपए प्रति प्रकरण प्रति बीमा इकाई होगा। नियत अवधि में सर्वे नहीं करने पर प्रति शिकायत 1 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा और 21 दिन में बीमा क्लेम नहीं देने पर 12 प्रतिशत का जुर्माना लगेगा। बीमा कंपनी को बिड सिक्योरिटी के तौर पर 100 करोड़ की बैंक गारंटी देनी होगी। कार्य निष्पादन प्रतिभूति के रूप में अनुबंध राशि का 5 प्रतिशत देना होगा।

#### किस जिले में कौनसी बीमा कंपनी रहेगी

**क्लस्टर 1 :** भरतपुर, चूरू, दौसा, डीग, झालावाड़ और कोटा में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया बीमा कंपनी रहेगी।
**क्लस्टर 2 :** अलवर, हनुमानगढ़, खैरथल-तिजारा, सिरोही और उदयपुर में ओरिएंटल इंश्योरेंस बीमा कंपनी रहेगी।
**क्लस्टर 3 :** बीकानेर, धौलपुर, पाली, फलौदी और प्रतापगढ़ में ओरिएंटल इंश्योरेंस बीमा कंपनी रहेगी।
**क्लस्टर 4 :** अजमेर, जैसलमेर, जालोर, राजसमंद और सवाईमाधोपुर में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रहेगी।
**क्लस्टर 5 :** बारां, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, कोटपूतली-बहरोड़ और नागौर में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी रहेगी।
**क्लस्टर 6 :** बालोतरा, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर और टोंक में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया बीमा कंपनी रहेगी।
**क्लस्टर 7 :** बाड़मेर, बूंदी, डीडवाना-कुचामन, डूंगरपुर और जयपुर में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रहेगी।
**क्लस्टर 8 :** ब्यावर, करौली, सलूंबर, सीकर और श्रीगंगानगर में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी रहेगी।

---

### विधायक गोपाल शर्मा ने खातीपुरा में 81 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## 'आधुनिक शिक्षा और मजबूत आधारभूत सुविधाओं को मिला नया आयाम'





- जगन्नाथपुरा विद्यालय में स्मार्ट क्लास, नए कक्षा-कक्ष विद्यार्थियों को समर्पित
- परिवहन नगर और जय भवानी नगर में सीसी सड़क एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स फुटपाथ का उद्घाटन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र के खातीपुरा में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को लगभग 81 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुई विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं का लोकार्पण किया। शिक्षा एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालयी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ नई सड़कों और फुटपाथों को भी क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में धापू देवी छाजूराम जाट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जगन्नाथपुरा में 21 लाख की लागत से निर्मित चार नए कक्षा-कक्ष एवं सुविधागृह तथा स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा 60 लाख रुपए की लागत से परिवहन नगर एवं जय भवानी नगर में निर्मित सीसी सड़क एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स फुटपाथ भी जनता को समर्पित किए गए।

इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि विकसित सिविल लाइंस का सपना तभी साकार होगा, जब शिक्षा और आधारभूत सुविधाएं समान रूप से मजबूत हों। आधुनिक तकनीक से युक्त राजकीय विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराएंगे, जबकि सुदृढ़ सड़क एवं फुटपाथ नागरिकों की सुरक्षा, सुगम आवागमन और जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शिता के साथ क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, पेयजल, सीवरेज, पार्क और अन्य नागरिक सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक क्षेत्रवासी को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कार्यक्रम में पार्षद चेयरमैन हेमेंद्र शर्मा, पार्षद प्रत्याशी सुखदेव गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य विनीता पाराशर, मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, महामंत्री करण सिंह, रामनिवास चोपड़ा, डॉ. रामचंद्र, रामसिंह, कंवरलाल चौधरी, भंवरलाल चौधरी, अमित चोपड़ा, बृजमोहन यादव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, समाज के प्रबुद्धजन, पार्टी कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

### 'पेड पीरियड लीव' पर आधारित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग एवं संवाद कार्यक्रम

## महिला अधिकारों के लिए किए प्रयासों को दर्शाती है फिल्म

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** फोर्टी राजस्थान कार्यालय में मेटाबालिट्ज, फोर्ट, एमएचएम केआईटी एवं ईको एंटरप्राइज के संयुक्त तत्वावधान में 'पेड पीरियड लीव' विषय पर आधारित डॉक्यूमेंट्री की विशेष स्क्रीनिंग एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों को दूर करना, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्यस्थलों पर महिला हितैषी नीतियों को बढ़ावा देना रहा। डॉक्यूमेंट्री का शुभारंभ एवं स्क्रीनिंग सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, फोर्टी एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट डॉ. अरुण अग्रवाल तथा आईपीएस डॉ. संजीब पाटजोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्लोबल कैंपेनर रंजीता प्रियदर्शिनी एवं वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक चौधरी भी मौजूद रहे।

यह डॉक्यूमेंट्री रंजीता प्रियदर्शिनी के प्रेरणादायक अभियान पर आधारित है। फिल्म में दर्शाया गया है कि किस प्रकार उन्होंने भारत में 'पेड पीरियड लीव' अभियान की शुरुआत की और इस महत्वपूर्ण विषय को संयुक्त राष्ट्र के मंच तक पहुंचाया, जहां उन्हें इस विषय पर अपनी बात रखने का अवसर मिला। डॉक्यूमेंट्री उनके संघर्ष, जन-जागरूकता अभियान एवं महिला अधिकारों के लिए किए गए निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 'ओडिशा, कर्नाटक एवं बिहार' जैसे राज्यों में पेड पीरियड लीव को लेकर नीतिगत पहल एवं क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ। कार्यक्रम में फोर्टी वूमेन विंग अध्यक्ष नीलम मित्तल, राजस्थान हर्बल इंटरनेशनल प्राइवेट लि. के डायरेक्टर एमडी चोपदार, सामाजिक न्याय एवं कल्याण बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा, उद्योगपति गिरिराज गर्ग भी मौजूद रहे।

---

### निकाय-पंचायत चुनाव से पहले भाजपा का बड़ा दांव सातों संभागों में चुनाव संचालन समितियों का गठन

## भाजपा ने सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद और पूर्व विधायकों को सौंपी चुनावी कमान

#### बूथ प्रबंधन से प्रत्याशी चयन तक हर मोर्चे पर रहेगी वरिष्ठ नेताओं की सीधी निगरानी

- हर संभाग में तीन-तीन वरिष्ठ नेताओं की तैनाती
- संगठन और चुनाव प्रबंधन पर रहेगी सीधी नजर


घनश्याम तिवाड़ी


सीपी जोशी


राजेंद्र राठौड़


अशोक परनामी


ओंकार सिंह लखावत

#### संभागवार चुनाव संचालन समिति

- **जयपुर संभाग :** घनश्याम तिवाड़ी (राज्यसभा सांसद), प्रभुलाल सैनी (पूर्व मंत्री), लालचंद कटारिया (पूर्व मंत्री)
- **जोधपुर संभाग :** ओंकार सिंह लखावत, सीआर चौधरी, हेमराज मीणा
- **कोटा संभाग :** सीपी जोशी, अर्जुनलाल मीणा, अजीत मेहता
- **अजमेर संभाग :** अशोक परनामी, ज्योति मिर्धा, देवजी भाई पटेल
- **उदयपुर संभाग :** राजेंद्र राठौड़, नारायण पंचारिया, शांति कुंवर मीणा
- **भरतपुर संभाग :** अरुण चतुर्वेदी, हरिराम रिणवा, शंकर सिंह राजपुरोहित
- **बीकानेर संभाग :** मुकेश दधीच, जसवंत सिंह विश्नोई, संतोष अहलावत।

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में प्रस्तावित निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियों के तहत सातों संभागों के लिए संभागीय चुनाव संचालन समितियों का गठन कर दिया है। प्रदेश मुख्यालय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी द्वारा जारी सूची में अनुभवी सांसदों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों को चुनाव संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार ये समितियां बूथ प्रबंधन, संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय, चुनावी रणनीति, प्रत्याशी चयन से जुड़े फीडबैक और प्रचार अभियान की निगरानी करेंगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले भाजपा का यह कदम संगठन को पूरी तरह चुनावी मोड में लाने की रणनीति माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने हर संभाग में स्थानीय प्रभाव रखने वाले वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी देकर स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव संचालन का पूरा तंत्र अब अनुभवी हाथों में रहेगा। प्रदेश नेतृत्व का लक्ष्य पंचायत और निकाय चुनाव में संगठन की ताकत को बूथ स्तर तक सक्रिय करना है।

---

### फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञों ने की विशेष सर्जरी

# ऑटिज्म से पीड़ित मासूम बच्चे के फेफड़े को स्थायी क्षति से बचाया

- ऑटिज्म के कारण बच्चा नहीं बता सका अपनी परेशानी
- तीन माह तक श्वासनली में फंसी मूंगफली ने सामान्य घटना को बना दिया जटिल



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञों ने एक दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण मामले में तीन वर्षीय ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे के फेफड़े में तीन माह से फंसी मूंगफली एवं उसका छिलका सफलतापूर्वक निकालकर उसे संभावित स्थायी फेफड़ों की क्षति से बचाया। बच्चे के ऑटिज्म से ग्रसित होने के कारण वह अपनी तकलीफ माता-पिता या डॉक्टरों को स्पष्ट रूप से बता नहीं सका, जिससे सही बीमारी का पता लगाने में काफी देरी हुई और उसके फेफड़ों व जीवन दोनों पर गंभीर खतरा मंडराने लगा।

बच्चा तीन माह से लगातार खांसी, रात में बेचैनी, नींद में बाधा तथा सांस लेने में तकलीफ से परेशान था। शुरुआत में परिवार के बाल रोग विशेषज्ञ ने इसे अस्थमा की संभावना मानते हुए सामान्य खांसी की दवाएं और इनहेलर दिए, लेकिन विशेष सुधार नहीं हुआ। इसके बाद बच्चे को फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर लाया गया, जहां डॉ. विनोद कुमार शर्मा कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर एवं एक्सपर्ट ब्रोंकोस्कोपिस्ट ने उसकी विस्तृत जांच की।

जांच के दौरान माता-पिता ने बताया कि लगभग तीन माह पहले मूंगफली खाते समय बच्चे को करीब 30 सेकंड तक लगातार तेज खांसी आई थी। इस महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर चिकित्सकों ने आगे जांच की। सीटी स्कैन में पता चला कि बच्चे की बाईं श्वासनली (एयरवे) में लगभग 4 मिमी गुणा 6 मिमी आकार की छिलके सहित मूंगफली फंसी हुई थी, जिसके आसपास के ऊतक (टिश्यू) में गंभीर सूजन आ चुकी थी। बच्चे की कम उम्र, अत्यंत संकरी एवं संवेदनशील श्वासनली को देखते हुए डॉ. विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेषज्ञों की बहु-विषयक (मल्टीडिसिप्लिनरी) टीम ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत रिजिड ब्रोंकोस्कोपी करने का निर्णय लिया। यह तकनीक छोटे बच्चों में अधिक सुरक्षित मानी जाती है, क्योंकि इससे पूरी प्रक्रिया के दौरान श्वासनली पर बेहतर नियंत्रण बना रहता है। यह प्रक्रिया फ्लेक्सिबल ब्रोंकोस्कोपी की तुलना में अधिक जटिल होती है। लगभग 20 मिनट की सफल प्रक्रिया में सूजे हुए टिश्यू के साथ फंसी मूंगफली को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। उपचार के बाद बच्चे की सभी तकलीफें समाप्त हो गईं और उसे अगले ही दिन स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

#### इनका कहना है...

छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों में भोजन या अन्य छोटी वस्तुओं का गलती से श्वासनली में चले जाना आम बात है। समय पर इसकी पहचान नहीं हो, तो यह फेफड़ों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है। यदि किसी बच्चे की खांसी सामान्य उपचार से ठीक नहीं हो रही हो तो श्वासनली में किसी बाहरी वस्तु के फंसने की संभावना को भी गंभीरता से जांचना चाहिए।

**डॉ. विनोद कुमार शर्मा,** कंसल्टेंट - पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर एवं एक्सपर्ट ब्रोंकोस्कोपिस्ट

ऐसे मामलों में जहां मरीज अपनी तकलीफ स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर पाता, वहां चिकित्सकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे सामान्य संभावनाओं से आगे बढ़कर हर पहलू की जांच करें। इस चुनौतीपूर्ण मामले का उपचार हमारी अनुभवी मल्टीडिसिप्लिनरी टीम, आधुनिक तकनीक और रोगी-केंद्रित उपचार प्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**डॉ. मनीष अग्रवाल,** फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube


# 'एक शिक्षक-एक वृक्ष' अभियान के तहत किया पौधरोपण

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण और शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा), जिला जयपुर प्रथम की ओर से 'एक शिक्षक-एक वृक्ष' अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारकापुरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम बनीपार्क खंड अध्यक्ष गोविंद प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में हुआ। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री सुनीता शर्मा ने पौधों की नियमित देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह राठौड़ ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों को सुरक्षित रखते हुए उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा वेद प्रकाश यादव, महिला मंत्री भावना सक्सेना, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, विजेश कुमार तथा बनीपार्क खंड से नरेश कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, दिलीप राव, प्रदीप कुमार शर्मा, किशन लाल, शंभूदयाल, लव शर्मा, सरला खंडेलवाल, गीतांजलि शर्मा और अनिल सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने और उनके संरक्षण की शपथ ली। 'एक शिक्षक-एक वृक्ष' अभियान के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को जनअभियान बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया।

# खादी ग्राम उद्योग परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 को

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गांधी नगर रेलवे स्टेशन स्थित खादी ग्राम उद्योग परिसर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रामाश्रम सत्संग संस्था की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा, जिसमें देशभर से सत्संगी, श्रद्धालु और अनुयायी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। महोत्सव संत अमित महाराज एवं संत मोहित महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। दोनों संतगण अपने प्रवचनों और सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को अध्यात्म, मानव सेवा और समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना का संदेश देंगे। कार्यक्रम में सत्संग, भजन, गुरु वंदना और आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, संतों द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व, जीवन में गुरु की भूमिका और आध्यात्मिक साधना के विषय में मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। गौरतलब है कि रामाश्रम सत्संग के संस्थापक संत डॉ. चतुर्भुज सहाय महाराज ने जीवनभर अध्यात्म और मानव कल्याण का संदेश दिया। उन्होंने अपने प्रवचनों में सदैव कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन शिष्य और गुरु के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने का सबसे पावन अवसर है। डॉ. सहाय के अनुसार इस दिन गुरु अपने शिष्यों को स्मरण करता है और शिष्यों को भी वर्ष में एक बार अपने गुरु के सान्निध्य में अवश्य जाना चाहिए। यही कारण है कि रामाश्रम सत्संग परंपरा में गुरु पूर्णिमा पर्व को विशेष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है।

# विद्यार्थियों के सपनों को मिला संबल बैंक ऑफ बड़ौदा ने बढ़ाया सहयोग



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनगरिया स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र राजकीय उच्च प्राथमिक आवासीय विद्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं आवासीय सामग्री उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा की महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख परिमिता मिश्रा ने कहा कि बैंक सीएसआर पहल के माध्यम से शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख देबाशीष बक्शी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं आवश्यक हैं। बैंक द्वारा प्रदान की गई यह सहायता विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं आवासीय जीवन को और अधिक सुगम एवं बेहतर बनाएगी। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ होम्योपैथ, आचार्य, चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि विद्यालय को 6 एयर कूलर, 1 आरओ युक्त वाटर कूलर, 200 पेन, 108 ज्योमेट्री बॉक्स, 600 नोटबुक, 110 बेडशीट तथा 110 कंबल प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने बैंक ऑफ बड़ौदा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरबाई मीना, हितेश बगड़िया, बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी, विद्यालय परिवार, ट्रस्ट के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## 'स्वराज सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन

# राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को किया सम्मानित

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में शनिवार को महाराणा प्रताप वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से 'स्वराज सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया गया। फाउंडेशन के सुरेन्द्र सिंह शेखावत और खुशबू शेखावत ने बताया कि समारोह का उद्देश्य राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं और समाजसेवियों को सम्मानित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगड़ी, राजवीर सिंह चलकोई, जयपुर ग्रेटर नगर निगम की पूर्व मेयर सौम्या गुर्जर और फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के जगदीश चंद्रा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान समारोह केवल पुरस्कार वितरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों और संस्थाओं को एक साझा मंच प्रदान किया गया। जहां उनके अनुभवों और उपलब्धियों से नई पीढ़ी ने प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रदेशभर से सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। समारोह में राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र सेवा, आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान, शिक्षा एवं कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं नारी सुरक्षा, सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण, उद्योग एवं रोजगार सृजन, कृषि, पर्यावरण एवं ग्रामीण विकास, कला, संस्कृति एवं साहित्य, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता और युवा नेतृत्व एवं नवाचार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को 'स्वराज सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया।

आयोजकों का कहना है कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले ऐसे व्यक्तित्व, जो निस्वार्थ भाव से देश और समाज के विकास में योगदान दे रहे हैं, उन्हें सम्मानित कर उनके कार्यों को व्यापक पहचान देना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य रहा। साथ ही समाज के अन्य लोगों को भी जनहित और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, युवा नेतृत्व, साहित्यकारों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की सहभागिता रही।

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिली नई ऊर्जा

**'स्वराज सम्मान** समारोह 2026' समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत किया और राष्ट्र सेवा, समाज सेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान किया। यह आयोजन उन व्यक्तियों के लिए प्रेरणास्रोत बना, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं और भविष्य में भी जनहित के कार्यों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सम्मानित होने वाले प्रतिभाओं में ऋषभ माथुर राजस्थान के स्कूली बच्चों को डिजिटल शिक्षा दे रहे हैं।

# गायत्री परिवार : शक्तिपीठों में गुरु पूर्णिमा पर नए साधकों को दी जाएगी गुरु दीक्षा

महानगर टाइम्स संवाददाता)

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा। गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी, मानसरोवर के श्री वेदना निवारण केंद्र, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका में 27 से 29 जुलाई तक विविध आध्यात्मिक एवं संस्कारमय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में गुरु उपासना, अखंड जप, गायत्री महायज्ञ, गुरु दीक्षा, विभिन्न संस्कार के कार्यक्रम होंगे। गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी में 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे से गुरुगीता पाठ होंगे।

28 जुलाई को प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक अखंड जप का आयोजन किया जाएगा। 29 जुलाई को प्रातः 9 से 11 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, पर्व पूजन एवं दीक्षा सहित विविध संस्कार होंगे। वहीं गायत्री शक्ति पीठ कालवाड़ में 28 जुलाई प्रातः 6 बजे से 29 जुलाई प्रातः 6 बजे तक 24 घंटे की अखंड जप साधना होगी। 29 जुलाई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक गुरुचरण वंदना, गुरु दीक्षा, विभिन्न संस्कार एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। साधना वर्ष में साधना करने वाले साधकों से साधना प्रपत्र भी भरवाए जाएंगे।

# पश्चिम रेलवे पर जल भराव के कारण रेल यातायात प्रभावित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, पश्चिम रेलवे पर जल भराव के कारण अमलसाड,



बिलीमोरा स्टेशनों पर ट्रेन मूवमेंट को सस्पेंडेड के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। गाड़ी संख्या 20496, हड़पसर-जोधपुर एक्सप्रेस 28 जुलाई तक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20495, जोधपुर-हड़पसर एक्सप्रेस 27 जुलाई तक रद्द रहेगी।

## सोलर वेंडर्स की समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

# सूर्यघर चिंतन शिविर में गूंजी राजस्थान के सोलर वेंडर्स की आवाज

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर स्थित फर्न हैबिटेट में 'सूर्यघर चिंतन शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान अक्षय ऊर्जा संघ (रियर) की ओर से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही जमीनी चुनौतियों पर चर्चा की गई। चिंतन शिविर के दौरान वेंडर्स ने बैंक एवं ऋण स्वीकृति, बिलिंग में देरी, स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं, लंबित फाइलें, मीटर टेस्टिंग एवं एमसीओ जारी होने में विलंब, विभिन्न एईएन कार्यालयों में अलग-अलग कार्यप्रणाली, डीसीआर एवं नॉन डीसीआर परियोजनाओं से जुड़ी अस्पष्टता, सोलर पैनलों की अनियमित कीमतें, डिस्ट्रीब्यूटर स्तर की चुनौतियां तथा डिस्कॉम कार्यालयों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर रियर के अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि 'सूर्यघर चिंतन शिविर का उद्देश्य केवल समस्याओं पर चर्चा करना नहीं, बल्कि उनके व्यावहारिक समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों एवं समस्याओं को व्यवस्थित रूप से संकलित कर संबंधित अधिकारियों एवं विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। रियर यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेगा कि वेंडर्स की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो और पीएम सूर्यघर योजना का क्रियान्वयन और अधिक सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से हो सके।

# करगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** करगिल विजय दिवस पर 26 जुलाई को मालवीय नगर स्थित शहीद अमित भारद्वाज स्मृति उद्यान में राष्ट्र के वीर सैनिकों एवं अमर शहीदों के सम्मान में दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 7 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं राष्ट्रप्रेमी सहभागी बनेंगे।

कार्यक्रम संयोजक करगिल शहीद अमित भारद्वाज की बहन ममता शर्मा ने बताया कि 26 जुलाई का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व, शौर्य और देशभक्ति का प्रतीक है। इसी दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान के बल पर करगिल की दुर्गम चोटियों से दुश्मनों को खदेड़कर भारत का तिरंगा पुनः शान से फहराया गया था। करगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान देश सदैव स्मरण रखेगा। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उपस्थित नागरिक राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति संकल्प लेंगे।

# शिव धर्मार्थ सेवा संस्थान के पोस्टर का विमोचन आज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शिव धर्मार्थ सेवा संस्थान का रविवार को प्रातः10.30 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर पर विधिवत गणेश वंदना के साथ पोस्टर का विमोचन किया जाएगा।

संस्था के अध्यक्ष चिराग मिश्रा ने बताया कि पिछले चार वर्षों से सभी के सहयोग से सेवा कार्य किया जा रहा है। इसमें हर सोमवार को फलों का वितरण, गो माताओं को चारा व्यवस्था, कुत्तों को भोजन, पक्षियों के लिए दाना-पानी व्यवस्था, जरूरतमंदों को कपड़े, भोजन वितरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना आदि सामाजिक सेवा कार्य शामिल है।

# 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम आयोजित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारत विकास परिषद शाखा प्रताप नगर की ओर से शनिवार को सेक्टर-8, प्रताप नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव जगरूप सिंह यादव ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वन्दे मातरम् गीत के गायन के साथ हुई। शाखा अध्यक्ष अशोक कुमार मंगल ने भारत विकास परिषद का परिचय तथा परिषद् की ओर से स्कूलों में किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' के प्रकल्प प्रभारी राजेश अनुपम ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद 7 श्रेष्ठ गुरुजनों को शॉल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। स्कूल की ओर से चयनित 7 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र, भारत को जानो पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को गतिविधि संयोजक 'संस्कार' मदन चंद्र बंसल ने परिषद् द्वारा निर्धारित शपथ दिलाई।

# 19 साल बाद दर्ज हुई गुमशुदगी, बेटे की अर्जी पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नरेना थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी एक युवक ने करीब 19 वर्ष पहले लापता हुए अपने पिता की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। युवक ने बताया कि उसके पिता मनोहर लाल चौधरी जनवरी 2007 से घर से लापता हैं। परिजनों ने उस समय अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। प्रार्थी हेमराज जाट ने बताया कि जब उसके पिता लापता हुए थे, तब उसकी उम्र महज 4-5 वर्ष थी। कम उम्र होने और परिवार की परिस्थितियों के कारण उस समय गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। पिछले 18-19 वर्षों में भी पिता का कोई पता नहीं चल पाया। युवक ने थाना प्रभारी से पिता की गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई बलवीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रहीं है तथा गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए उपलब्ध सभी माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।



# ड्रेस वितरण व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय विद्यालय हीरावाला नाई की थड़ी, जयपुर में शनिवार को स्कूल ड्रेस वितरण, निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रैली निकाल कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया। समग्र सेवा संस्थान के संस्थापक संयोजक ज्ञानेश हल्दिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक शर्मा आरपीएस, बाबा रंधावा महन्त शनि धाम, सुरेंद्र बज रहे 50 स्कूलों की 1000 छात्राओं एवं नेत्रहीन छात्रों को स्कूल ड्रेस वितरण किए गए 437 व्यक्तियों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच करवाई। साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता व युवा पीढ़ी में बढ़ती धूम्रपान एवं नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए बैनर पोस्टर एवं रैली के द्वारा धूम्रपान एवं नशे से होने वाले खतरों से आमजन को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षाप्रद भजन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक प्रस्तुत किए गए।



# मूर्ति अनावरण एवं नव दिवसीय राम कथा आयोजन के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** विद्याधर नगर कृष्णा कॉलोनी स्थित श्री मंगलमुखी हनुमान मंदिर आश्रम के साकेत वासी महामंडलेश्वर योगीराज रघुवीर



दास महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर 3 अगस्त को मूर्ति अनावरण एवं नव दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। देवशयनी एकादशी पर महंत रामानंद दास महाराज ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। विमोचन कार्यक्रम में मन्दिर के पुजारी रामलोचन दास महाराज, डॉ. रामप्रकाश दास महाराज, डॉ. दयानंद दास महाराज, आचार्य रोहन महाराज, विजय रामदास महाराज, विष्णु दास महाराज, मिट्ठू दास महाराज आदि मौजूद रहे।

# जयपुर टाइगर फेस्टिवल : बाघ संरक्षण पर संवाद करेंगे विशेषज्ञ

## बाघों के सांस्कृतिक-धार्मिक महत्व व अन्य पहलुओं पर होगी चर्चा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर 29 जुलाई को मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में सुबह 8:30 से 10 बजे 'बाघ संरक्षण-संवाद' का आयोजन किया जाएगा। जयपुर टाइगर फेस्टिवल के तहत हो रहे संवाद में प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार, गायक एवं वन्यजीव संरक्षक अभिषेक रे, सरिस्का टाइगर रिजर्व और केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के पूर्व फील्ड डायरेक्टर सुनयन शर्मा तथा प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर आरजू खुराना अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का बीज वक्तव्य एवं संचालन साहित्य अकादमी से सम्मानित सुप्रसिद्ध साहित्यकार, स्तंभकार डॉ. राजेश कुमार व्यास द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक अरुण नारंग ने बताया कि इसमें बाघ और शेर की सांस्कृतिक व धार्मिक महत्ता और पर्यावरणीय संतुलन के लिए इनकी आवश्यकता पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी।

सह संयोजक शुभम अग्रवाल ने कहा कि संवाद का उद्देश्य बाघों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और भारतीय संस्कृति के बीच गहरे संबंधों को उजागर करते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाना है, यह वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और हमारी सांस्कृतिक चेतना को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी के साथ जन-जागरूकता के एक महत्वपूर्ण अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। बताया गया कि संवाद में बाघों, वनों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने वाले उत्सव जयपुर टाइगर फेस्टिवल व प्रोजेक्ट टाइगर पर भी चर्चा होगी।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X/twitter





# रजत रथ पर विराजमान हुए शालिग्राम जी, तुलसी महारानी का हुआ पूजन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आषाढ़ शुक्ल देवशयनी एकादशी पर श्री गोविन्द धाम, ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी महाराज में श्रीमन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में प्रातः मंगला झांकी से पूर्व ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया। ठाकुरजी को लाल रंग की नटवर वेशभूषा, मनोहारी आभूषण, मुकुट एवं छड़ी धारण कराकर शृंगार किया गया। ग्वाल झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी के शालिग्राम (श्री नारायण) स्वरूप को रजत रथ पर विराजमान कर मंदिर के दक्षिण-पश्चिम कोने स्थित तुलसी मंच पर ले जाया गया। वहां महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शालिग्राम भगवान का पंचामृत अभिषेक तथा तुलसी महारानी का पूजन किया। पूजन के बाद भगवान को भोग अर्पित किया गया। तुलसी महारानी और शालिग्राम भगवान की चार परिक्रमा एवं आरती की गई। इसके बाद शालिग्राम भगवान को खाट पर विराजमान कर मंदिर की परिक्रमा कराते हुए पुनः गर्भगृह में विराजमान कराया गया। संध्या झांकी में श्रद्धालुओं के लिए आरती दर्शन खोले गए, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। देवशयनी एकादशी पर ठाकुर श्रीजी को ऋतु फलों में जामुन, सेब, आलूबुखारा, केला एवं आम तथा मूंग, चना, साबुत मूंग, मोठ एवं साबुत चने सहित विविध दालों का विशेष भोग अर्पित किया गया।

### श्री सरस निकुंज में हुआ पदावलियों का गायन

**आचार्य पीठ** श्री सरस निकुंज, दरीबा पान, सुभाष चौक में शनिवार को देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य में नित्य श्री ठाकुर जी की सेवा दर्शन के साथ विशेष ऋतु पुष्पों से शृंगार किया गया। विविध प्रकार की सागारी सामग्रियों का भोग अर्पण किया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने ठाकुर जी सरकार की लाड़ सेवा करते हुए विशेष ऋतु फल एवं सुगंधित इत्र गुलाब, केवड़ा इत्यादि श्री चरणों में अर्पित किया। सायंकाल की बेला में संध्या आरती के बाद 7 बजे से लेकर 9 बजे के क्रम में सामूहिक रूप से पद गायन हुआ। विशेष रूप से शयन की पदावलियों का गायन किया गया। इसके अंतर्गत निज मंदिर में श्री शालिग्राम सरकार की सेवा करते हुए पौढ़ावनी के पद गाए गए। रंगीले रंग विलसो रंग भरी रैन, पौढ़े मिल रसिक रमण पिय प्यारी, पौढ़े रंग महल पिय गौरी, सुमन सेज पौढ़े मिल दम्पति पदावलियों के साथ सामूहिक कीर्तन करते हुए उत्सव का विश्राम हुआ। यह कार्यक्रम की जानकारी श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने दी।

### विशेष दर्शन व्यवस्था से मिली राहत

**मंदिर में** विशेष दर्शन व्यवस्था लागू होने से भक्तों को कोई परेशानी नहीं हुई। भक्तों के लिए बैरिकेडिंग, टेंट, पंखे, कूलर, पेयजल और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए। मंगला से शयन झांकी तक श्रद्धालुओं ने लगभग सवा आठ घंटे दर्शन का लाभ लिया। शाम 4:45 से 5:35 बजे तक मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में देवशयनी पूजन हुआ। इस दौरान ठाकुरजी के दर्शन पट बंद रहे। इसके बाद पुनः दर्शन प्रारंभ होने पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में ठाकुरजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में दर्शन व्यवस्था सुचारु रही और श्रद्धालुओं ने अनुशासित ढंग से दर्शन का लाभ उठाया।

# दुर्गापुरा गौशाला में होगा श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ, पोस्टर का विमोचन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्रावण मास में टोंक रोड दुर्गापुरा स्थित राजस्थान गौसेवा संघ गौशाला में 15-16 अगस्त को दो दिवसीय श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदेश्वर शिवलिंग अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अचूक शिवशक्ति साधना महायज्ञ के रूप में श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। शनिवार को श्री सालासर बालाजी मंदिर के विष्णुदत्त पुजारी ने विद्याधरनगर में आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। आयोजक गोपाल शरण महाराज ने बताया कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। देश भक्ति और देव भक्ति के माहौल के बीच यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर श्याम प्रभु और सालासर बालाजी का दरबार सजाया जाएगा। दूसरे दिन 16 अगस्त को श्रावण मास के उपलक्ष्य में मुख्य महायज्ञ होगा। महामृत्युंजय मंत्रों के वैदिक उच्चारण, रुद्राभिषेक एवं नर्मदेश्वर शिवलिंग का दिव्य अभिषेक संपन्न होगा। यज्ञ में गौसेवा, लोककल्याण, राष्ट्र की सुख-समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति की कामना से विशेष आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

# झोटवाड़ा में निकलेगी नारी शक्ति लट्ठ यात्रा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए 26 जुलाई को झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित बड़ पीपली बालाजी धाम से नारी शक्ति लट्ठ यात्रा निकाली जाएगी। बड़ पीपली धाम के महंत प्रमेन्द्र नाथ महाराज के सान्निध्य में निकलने वाली यात्रा में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल होंगी। आयोजन से जुड़े विक्रम सिंह रूंडल ने बताया कि यात्रा शाम 4 बजे बड़ पीपली बालाजी धाम से रवाना होकर खिरनी फाटक गणेश जी मंदिर तक पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां एक हाथ में तिरंगा तथा दूसरे हाथ में लाठी लेकर चलेंगी। आयोजन का उद्देश्य कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ नारी सशक्तिकरण, आत्मरक्षा और राष्ट्रभक्ति का संदेश देना है। आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में महंत प्रमेन्द्र नाथ महाराज ने कहा कि कारगिल के वीरों का पराक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा है। राष्ट्र की सुरक्षा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की प्रत्येक बेटी का आत्मविश्वासी, अनुशासित और आत्मरक्षा में सक्षम होना भी सशक्त भारत की पहचान है। इसलिए आयोजन में अधिक से अधिक मातृ शक्ति को शामिल करने का प्रयास करना चाहिए। आयोजन से जुड़े लोगों ने महिलाओं, युवाओं और नागरिकों से तिरंगे के साथ यात्रा में शामिल होकर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति के संकल्प को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए मंगलवार को बड़ पीपली धाम में हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

आश्रमों, मंदिरों और आध्यात्मिक संस्थानों में गुरु पूजन समेत होंगे विविध अनुष्ठान

# गुरु पूर्णिमा पर दुर्लभ महासंयोग गुरु कृपा से मिलेगी सफलता

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आषाढ़ माह की गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को अनेक दिव्य और दुर्लभ संयोगों में मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि 28 जुलाई की शाम को प्रारंभ होकर 29 जुलाई की रात्रि तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर गुरु पूर्णिमा का पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन देशभर के आश्रमों, मंदिरों और आध्यात्मिक संस्थानों में गुरु पूजन, वेदव्यास पूजन, सत्संग, यज्ञ, भजन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। इस दिन आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा, महर्षि वेदव्यास पूजन तथा चातुर्मास का शुभारंभ एक साथ होने से इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व कई गुना बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार यह दिन गुरु कृपा प्राप्त करने, जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प लेने तथा ज्ञान, साधना और आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ने का श्रेष्ठ अवसर है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा के साथ किया गया जप, तप, पूजा, दान, स्वाध्याय और गुरु वंदन सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक पुण्यफल प्रदान करता है।



### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

**गुरु पूर्णिमा** के दिन अपने गुरु, शिक्षक, माता-पिता अथवा किसी भी वरिष्ठ व्यक्ति का अनादर नहीं करना चाहिए। बिना कारण किसी की निंदा, विवाद या कटु वचन से बचना चाहिए। लोभ, अहंकार अथवा दिखावे की भावना से किया गया दान और पूजा अपेक्षित फल नहीं देते। इस दिन प्रत्येक धार्मिक कार्य श्रद्धा, विश्वास और निष्काम भाव से करना ही श्रेष्ठ माना गया है।

### तकनीकी युग में भी जरूरी है गुरु का मार्गदर्शन

**तकनीक सूचना** दे सकती है, लेकिन जीवन का मार्ग गुरु ही दिखाते हैं। वर्तमान समय में नई पीढ़ी के पास जानकारी प्राप्त करने के असंख्य साधन उपलब्ध हैं। मोबाइल, इंटरनेट और आधुनिक तकनीक व्यक्ति को सूचना तो दे सकते हैं, लेकिन जीवन के मूल्य, संस्कार, अनुशासन, धैर्य, विवेक और सही निर्णय लेने की क्षमता केवल गुरु के मार्गदर्शन से ही विकसित होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु, शिक्षकों, माता-पिता और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों के प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए।

### छह राशियों को होगा खास लाभ

**इस वर्ष** की गुरु पूर्णिमा का शुभ प्रभाव विशेष रूप से मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु और मीन राशि के जातकों पर दिखाई देगा। इन राशियों के लोगों को व्यापार और व्यवसाय में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति, नई जिम्मेदारियां तथा सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे तथा परिवार में सुख-शांति और सामंजस्य का वातावरण बनेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होने के संकेत हैं। वहीं वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर और कुंभ राशि के लोगों को इस अवधि में धैर्य, संयम और विवेक के साथ निर्णय लेने की सलाह दी गई है। इन राशि वालों के लिए गुरु पूजन, पीले वस्त्र धारण करना, धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करना, गुरुओं का सम्मान करना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना अत्यंत शुभ रहेगा। ऐसा करने से मानसिक शांति प्राप्त होगी और जीवन की अनेक बाधाओं में कमी आएगी।

### होगा भगवान वेद व्यास का पूजन

**गुरु पूर्णिमा** को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेदव्यास ने वेदों का संकलन कर उन्हें व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया तथा महाभारत, ब्रह्मसूत्र, अठारह पुराण सहित अनेक महान ग्रंथों की रचना की। इसी कारण इस दिन गुरु के साथ महर्षि वेदव्यास का पूजन भी किया जाएगा। भारतीय संस्कृति में गुरु को केवल शिक्षा देने वाला नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक, संस्कारों का संवाहक और अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला माना गया है। गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान और कृतज्ञता का पावन पर्व है।

### चातुर्मास का होगा शुभारंभ

गुरु पूर्णिमा का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इसी दिन से चातुर्मास का शुभारंभ हो रहा है। सनातन परंपरा में चातुर्मास के चार महीने आध्यात्मिक साधना, आत्मसंयम, तप, व्रत, सत्संग, स्वाध्याय और सेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस अवधि में किए गए पुण्य कर्म, जप, दान और ईश्वर भक्ति का अनेक गुना फल प्राप्त होता है। यदि कोई व्यक्ति गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु का आशीर्वाद लेकर जीवन में किसी श्रेष्ठ कार्य, आध्यात्मिक साधना, सेवा या आत्मसुधार का संकल्प करता है तो उसे उस संकल्प को पूरा करने के लिए मानसिक शक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

*सुप्ते त्वयि जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम्...*

## देवशयनी एकादशीः गोविंद देवजी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, चातुर्मास शुरू

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी पर शनिवार को छोटीकाशी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर रही। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीहरि विष्णु का विधि-विधान से पूजन कर व्रत रखा। दिनभर जप, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य किया। रात्रि को शयन झांकी के दौरान मंदिरों में शालिग्राम भगवान का पूजन कर सुप्ते त्वयि जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम् विबुद्धे त्वयि बुद्धं च जगत् सर्वं चराचरम् के साथ शयन कराया गया। भगवान विष्णु अब चार माह के लिए क्षीरसागर में योगनिद्रा में विराजमान रहेंगे। इसी के साथ चातुर्मास का शुभारंभ हो गया। देवउठनी एकादशी तक विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत सहित सभी मांगलिक कार्य स्थगित रहेंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा बताया कि चातुर्मास साधना, संयम, आत्मचिंतन, जप, तप, दान और सेवा का सर्वोत्तम काल माना गया है। इस अवधि में किए गए धार्मिक कार्यों का विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। परंपरा के अनुसार चातुर्मास में साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर प्रवचन, स्वाध्याय और धर्मोपदेश करते हैं तथा श्रद्धालु सात्विक जीवन अपनाकर भगवान की आराधना करेंगे। चातुर्मास के दौरान मंदिरों में कथाओं की धूम रहेगी।

पंडित मनमोहन भट्ट राष्ट्रीय स्मृति संगीत महोत्सव कल से

# सजेगी शास्त्रीय संगीत की महफिल, देश के दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत की गौरवशाली परंपरा को समर्पित 42वां पंडित मनमोहन भट्ट राष्ट्रीय स्मृति संगीत महोत्सव 27 और 28 जुलाई को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मुख्य सभागार में आयोजित किया जाएगा। चंडीगढ़ के प्राचीन कला केंद्र और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले महोत्सव के कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 7 से 9 बजे तक होंगे। समारोह में प्रवेश सभी संगीत प्रेमियों के लिए निशुल्क रहेगा। पंडित मनमोहन भट्ट के पुत्र, ग्रैमी अवॉर्ड और पद्मभूषण से सम्मानित मोहन वीणा वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट ने बताया कि इस वर्ष के महोत्सव में देश के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। 27 जुलाई को महोत्सव का शुभारंभ कथक नृत्य से होगा। पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज की पौत्री शिंजिनी कुलकर्णी कथक प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद पद्मविभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के शिष्य निबिर शर्मा बांसुरी वादन करेंगे। जयपुर की मनीषा अग्रवाल की वीडियो फिल्म आओ नी पधारो म्हारे देस का प्रदर्शन किया जाएगा।

विधायक गोपाल शर्मा ने दिया आशीर्वाद

# देवशयनी एकादशी पर परिणय सूत्र में बंधे 21 जोड़े









महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश मेहरा, कहार, कश्यप महासंघ के तत्वावधान में देवशयनी एकादशी पर शनिवार को मानसरोवर के अरावली मार्ग स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित स्वजातीय समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में विभिन्न जिलों से आए 21 वर-वधू वैदिक मंत्रोच्चार एवं हिन्दू रीति-रिवाज से वैवाहिक बंधन में बंधे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता, सादगी और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं तथा ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस अवसर पर महासंघ के संरक्षक भैंरू लाल मेहरा, मुख्य सलाहकार डॉ. दिनेश मेहरा, प्रदेश अध्यक्ष एवं आयोजन अध्यक्ष राजूलाल मेहरा (चौहान), जयपुर जिला अध्यक्ष जगदीश मेहरा, प्रदेश महासचिव नरेश सिंह कश्यप, जयपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा मेहरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल मेहरा तथा जयपुर जिला महिला अध्यक्ष अनीता कश्यप (एडवोकेट) सहित समाज के गणमान्य नागरिक, विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। सम्मेलन में नवदंपत्तियों को आशीर्वाद, शुभकामनाएं एवं आवश्यक गृहस्थी सामग्री भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता, सहयोग और उत्साह का वातावरण बना रहा।

आज तीन स्थानों पर चातुर्मास मंगल कलश स्थापना

# जयपुर में 15 स्थानों पर 50 दिगम्बर जैन संतों का प्रवास

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गुलाबी नगरी जयपुर इस वर्ष दिगम्बर जैन संतों और आर्यिका माताओं के ऐतिहासिक चातुर्मास का साक्षी बनेगी। इस वर्ष शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में 15 स्थानों पर लगभग 50 दिगम्बर जैन संतों एवं आर्यिका माताओं के चातुर्मास सुनिश्चित हुए हैं। चार माह तक चलने वाले इन चातुर्मासों में धर्म, साधना, स्वाध्याय, तप, प्रवचन एवं सामाजिक सेवा की विविध गतिविधियां होंगी। राजस्थान जैन युवा महासभा, जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि 26 जुलाई को शहर में विशेष धार्मिक उल्लास रहेगा। तीन स्थानों पर चातुर्मास मंगल कलश स्थापना तथा तीन स्थानों पर मंगल प्रवेश होगा। इसके बाद 9 अगस्त तक विभिन्न चातुर्मास स्थलों पर मंगल कलश स्थापना समारोह होंगे। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य विशद सागर महाराज ससंघ के 33वें चातुर्मास की मंगल कलश स्थापना रविवार प्रातः 8 बजे सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कॉलोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में होगी। इसी दिन आचार्य आदित्य सागर महाराज ससंघ का जनकपुरी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में तथा आर्यिका अर्हम मति माताजी ससंघ का मंगल विहार कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पहली बार चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित होगा।

इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में गणिनी आर्यिका नंगमति माताजी, गणिनी प्रमुख आर्यिका जिनदेवी माताजी, आचार्य नवीन नन्दी महाराज, उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज, मुनि विश्व विजय सागर महाराज, आचार्य शशांक सागर महाराज, आर्यिका विष्णु प्रभा माताजी, आर्यिका सुविज्ञ मति माताजी, आर्यिका नन्दीश्वर मति माताजी सहित अनेक संतों एवं आर्यिका माताओं के चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह विभिन्न तिथियों पर आयोजित होंगे।

### वीर शासन जयंती पर होंगे प्रवचन

**प्रतिष्ठाचार्य पं.** प्रद्युम्न जैन शास्त्री ने बताया कि जैन आगम के अनुसार चातुर्मास आषाढ़ शुक्ल एकादशी से प्रारंभ होकर कार्तिक कृष्ण एकादशी तक चलता है। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा तथा 30 जुलाई को भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस (वीर शासन जयंती) श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा।

### तीन स्थानों पर होगा मंगल प्रवेश

**रविवार को** निर्यापक मुनि विलोक सागर एवं विमोध सागर महाराज ससंघ का मानसरोवर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी ससंघ का वरुण पथ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर तथा आर्यिका सुकाव्य मति माताजी ससंघ का मुरलीपुरा स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। इन तीनों स्थानों पर 2 अगस्त को चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित किए जाएंगे।

# कारगिल शौर्य दिवस : कारगिल के अमर वीरों की गाथा आज भी राष्ट्र की चेतना को ऊर्जा देती है



## कारगिल शौर्य दिवस 26 जुलाई पर विशेष

**करगिल विजय दिवस 2026 हर वर्ष की तरह 26 जुलाई को मनाया जाएगा। यह दिन भारत के इतिहास में वीरता, साहस और देशभक्ति का प्रतीक माना जाता है। 1999 में करगिल क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भारतीय सेना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद दुश्मन के कब्जे से कई महत्वपूर्ण चोटियों को मुक्त कराया। इस सैन्य अभियान को ऑपरेशन विजय के नाम से जाना जाता है। करगिल की ऊंची बर्फीली चोटियों पर लड़ी गई इस लड़ाई ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और समर्पण को पूरी दुनिया के सामने रखा।**



वासुदेव देवनानी, विधानसभा अध्यक्ष

**प्रतिवर्ष** 26 जुलाई को मनाया जाने वाला करगिल शौर्य दिवस केवल विजय का उत्सव नहीं है, बल्कि उन अमर बलिदानियों के प्रति संपूर्ण राष्ट्र की श्रद्धा, कृतज्ञता और संकल्प का दिवस है, जिन्होंने अपने रक्त से भारत की सीमाओं की रक्षा की और पाकिस्तान के नापाक इरादों को नाकाम किया। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि स्वतंत्रता केवल प्राप्त नहीं होती, बल्कि प्रत्येक पीढ़ी को अपने त्याग, तपस्या और कर्तव्यनिष्ठा से उसे सुरक्षित भी रखना पड़ता है।

राष्ट्र केवल अपनी भौगोलिक सीमाओं से महान नहीं बनता, बल्कि उन वीरों के अद्वितीय त्याग, बलिदान और समर्पण से महान बनता है, जो उसकी रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च अर्पण कर देते हैं। इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जो केवल घटनाएं नहीं रहते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना का स्थाई आधार बन जाते हैं। पाकिस्तान के विरुद्ध करगिल विजय ऐसा ही एक गौरवशाली अध्याय है। यह विजय भारतीय सेना की सैन्य क्षमता का ही नहीं, बल्कि भारत के अदम्य आत्मविश्वास, राष्ट्रीय एकता और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का अमर प्रतीक है।

वर्ष 1999 में हमारे पड़ौसी देश पाकिस्तान के घुसपैठियों ने अपने नापाक इरादों के साथ करगिल, द्रास, बटालिक और टोलोलिंग की दुर्गम पर्वत श्रृंखलाओं पर कब्जा करने का दुस्साहस किया था। समुद्र तल से लगभग 18 हजार फीट की ऊंचाई, शून्य से कई डिग्री नीचे तापमान, ऑक्सीजन की कमी और दुश्मन की सामरिक बढ़त जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देकर पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। ऑपरेशन विजय के माध्यम से हमारे सैनिकों ने एक-एक चोटी पर तिरंगा पुनः फहराकर यह सिद्ध कर दिया कि भारत की एक-एक इंच भूमि की रक्षा के लिए उसका सैनिक हर सीमा तक जाने को तैयार है।

करगिल की दुर्गम एवं बर्फीली चोटियों पर भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस, अद्वितीय शौर्य और सर्वोच्च बलिदान का परिचय देते हुए पाकिस्तान की नापाक घुसपैठ और सैन्य दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' को सफल बनाकर प्रत्येक रणनीतिक चोटी पर पुनः तिरंगा फहराया और विश्व को यह संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता और अखंडता से खिलवाड़ करने वाले किसी भी प्रयास का करारा उत्तर दिया जाएगा। करगिल विजय केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की अमर गाथा है।

करगिल का युद्ध केवल हथियारों का संघर्ष नहीं था, वह साहस और विश्वास की परीक्षा थी। कैप्टन विक्रम बत्रा का 'ये दिल मांगे मोर', कैप्टन मनोज कुमार पांडेय का अदम्य पराक्रम, लेफ्टिनेंट विजयंत थापर का सर्वोच्च बलिदान, ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार जैसी विभूतियों का शौर्य आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रभक्ति की लौ प्रज्ज्वलित करता है। इन वीरों ने अपने जीवन से यह सिद्ध कर दिया कि भारत का सैनिक केवल सीमा का प्रहरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का सबसे सशक्त प्रहरी है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की नापाक हरकतों का करारा जवाब दिया। भारतीय वीर जवानों ने पाकिस्तान के दुस्साहस को निर्णायक रूप से विफल कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की घुसपैठ की साजिश को ध्वस्त कर उसकी मंशा पर पानी फेर दिया। भारतीय सैनिकों ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। करगिल की चोटियों पर भारतीय सेना ने विजय पताका फहराकर पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों का कड़ा संदेश दिया। भारतीय सेना के शौर्य ने पाकिस्तान की सैन्य महत्वाकांक्षाओं को निर्णायक रूप से परास्त कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करगिल विजय दिवस के अवसर पर कहा है कि 'करगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि राष्ट्र के लिए दिया गया प्रत्येक बलिदान अमर होता है। यह विजय भारत की शक्ति, संयम और संकल्प का प्रतीक है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि 'भारत शांति का समर्थक है, किन्तु यदि कोई हमारी संप्रभुता और सीमाओं को चुनौती देता है, तो भारत उसका करारा उत्तर देना भी जानता है।' प्रधानमंत्री के ये विचार आज के भारत की आत्मविश्वासपूर्ण राष्ट्रीय नीति और सैनिकों के प्रति देश की अटूट श्रद्धा को अभिव्यक्त करते हैं।

राजस्थान की धरती शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान की जननी है। महाराणा प्रताप की अडिग राष्ट्रनिष्ठा, दुर्गादास राठौड़ का अद्वितीय साहस, पन्नाधाय का त्याग और हाड़ी रानी का अप्रतिम बलिदान हमारी सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान के अनेक वीर सपूतों ने करगिल की बर्फीली चोटियों पर अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र का मस्तक ऊंचा किया। उनका बलिदान संपूर्ण राजस्थान का गौरव है। करगिल विजय हमें यह भी सिखाती है कि जब पूरा राष्ट्र एकजुट होता है, तब कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। उस समय देश जाति, भाषा, क्षेत्र और राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर भारतीय सेना के साथ एक स्वर में खड़ा था। यही राष्ट्रीय एकात्मता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। लोकतंत्र की सफलता भी इसी राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित है। इसी भावना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से राजस्थान विधानसभा परिसर में करगिल शौर्य वाटिका स्थापित कर उसका विकास किया जा रहा है। यह केवल एक उद्यान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जीवंत तीर्थ है। यहां लगभग 1100 पौधों के रोपण का संकल्प शहीदों की स्मृति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का अभिनव प्रयास है। प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देगा कि शहीदों का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि सतत् सृजन और राष्ट्रीय चेतना से होता है। वीरांगनाओं का सम्मान और शहीद परिवारों की सहभागिता इस पहल को और अधिक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी बनाती है।

इसके साथ ही विधानसभा परिसर में नक्षत्र और हर्बल वाटिकाओं का विकास भी किया जा रहा है। इसके अलावा यहां संविधान, लोकतंत्र, महापुरुषों और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित विषयगत कई नवाचार भी किए जा रहे हैं । मेरा विश्वास है कि विधानसभा केवल कानून बनाने का केंद्र नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कारों, राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रेरणा-स्थल भी होनी चाहिए। इन नवाचारों के माध्यम से राजस्थान विधानसभा देश की उन अग्रणी विधान सभाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना रही है, जहां लोकतंत्र केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि जन-जागरण का सशक्त माध्यम बनता है।

करगिल शौर्य दिवस हमें यह भी स्मरण कराता है कि राष्ट्रनिर्माण केवल सीमा पर ही नहीं होता। शिक्षक जब संस्कार देता है, किसान जब अन्न उपजाता है, वैज्ञानिक जब अंवेषण करता है, चिकित्सक जब जीवन बचाता है और जनप्रतिनिधि जब निष्काम भाव से जनसेवा करता है, तब वे सभी राष्ट्र की सामूहिक शक्ति को सुदृढ़ करते हैं। प्रत्येक नागरिक का उत्कृष्ट कर्तव्यपालन ही करगिल के वीरों के प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है।

आज भारत आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन, आधुनिक सैन्य तकनीक और सुदृढ़ सीमा अवसंरचना के साथ एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह परिवर्तन केवल सामरिक शक्ति का विस्तार नहीं, बल्कि उन वीरों के सपनों का सम्मान भी है जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

करगिल की रणभूमि में भारतीय वीर जवानों ने अद्वितीय शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान की नापाक घुसपैठ का करारा जवाब दिया और उसे ऐसी शिकस्त दी, जिसे इतिहास सदैव याद रखेगा। आइए, करगिल शौर्य दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को अपने जीवन का आधार बनाएंगे, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेंगे, पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाएंगे और आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा तथा कर्तव्यनिष्ठा के संस्कार विकसित करेंगे।

करगिल के अमर वीरों की यह गाथा केवल इतिहास का गौरवशाली अध्याय नहीं, बल्कि भारत के भविष्य का पथप्रदर्शक प्रकाश है। उनका शौर्य, उनका त्याग और उनका अमर बलिदान युगों-युगों तक भारत की आत्मा को ऊर्जा देता रहेगा।

### वीर शहीदों का पुण्य स्मरण

26 जुलाई को पूरे देश में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है और उनके बलिदान को याद किया जाता है। स्कूलों, कॉलेजों, सैन्य संस्थानों और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में इस दिन विशेष आयोजन होते हैं। यह अवसर केवल एक सैन्य जीत का उत्सव नहीं, बल्कि देश की एकता, संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भी दिन है।

**घुसपैठः** साल 1999 की शुरुआत में पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने लद्दाख के करगिल सेक्टर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और ऊंची पर्वतीय चोटियों पर चुपचाप कब्जा कर लिया था।

**ऑपरेशन विजयः** भारतीय सेना ने इन बर्फीली और दुर्गम पहाड़ियों से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए बड़े पैमाने पर 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया था।

**सफलता और विजयः** लगभग 60 दिनों तक चले इस कठिन संघर्ष के बाद, भारतीय जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 26 जुलाई, 1999 को सभी चोटियों पर पुनः तिरंगा फहराया था।

**सर्वोच्च बलिदानः** इस कठिन युद्ध में भारत के 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिनकी याद में हर साल राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि देता है।

## करगिल युद्ध : जब भारत ने अपनी रणनीति से पलट दी बाजी

रेहान फजल

26 साल पहले करगिल की पहाड़ियों पर भारत और पाकिस्तान के बीच जंग हुई थी। इस लड़ाई की शुरुआत तब हुई थी जब पाकिस्तानी सैनिकों ने करगिल की ऊंची पहाड़ियों पर घुसपैठ करके अपने ठिकाने बना लिए थे। 8 मई, 1999 पाकिस्तान की 6 नॉरदर्न लाइट इंफैंट्री के कैप्टेन इफ्तेखार और लांस हवलदार अब्दुल हकीम 12 सैनिकों के साथ करगिल की आजम चौकी पर बैठे हुए थे। उन्होंने देखा कि कुछ भारतीय चरवाहे कुछ दूरी पर अपने मवेशियों को चरा रहे थे। पाकिस्तानी सैनिकों ने आपस में सलाह की कि क्या इन चरवाहों को बंदी बना लिया जाए? किसी ने कहा कि अगर उन्हें बंदी बनाया जाता है, तो वो उनका राशन खा जाएंगे जो कि खुद उनके लिए भी काफी नहीं है। उन्हें वापस जाने दिया गया। करीब डेढ़ घंटे बाद ये चरवाहे भारतीय सेना के 6-7 जवानों के साथ वहां वापस लौटे। भारतीय सैनिकों ने अपनी दूरबीनों से इलाके का मुआयना किया और वापस चले गए। करीब 2 बजे वहां एक लामा हेलिकॉप्टर उड़ता हुआ आया। इतना नीचे कि कैप्टेन इफ्तेखार को पायलट का बैज तक साफ दिखाई दे रहा था। ये पहला मौका था जब भारतीय सैनिकों को भनक पड़ी कि बहुत सारे पाकिस्तानी सैनिकों ने करगिल की पहाड़ियों की ऊंचाइयों पर कब्जा जमा लिया है। करगिल पर मशहूर किताब 'विटनेस टू ब्लंडर- करगिल स्टोरी अनफोल्ड्स' लिखने वाले पाकिस्तानी सेना के रिटायर्ड कर्नल अशफाक हुसैन ने बीबीसी को बताया, 'मेरी खुद कैप्टेन इफ्तेखार से बात हुई है। उन्होंने मुझे बताया कि अगले दिन फिर भारतीय सेना के लामा हेलिकॉप्टर वहां पहुंचे और उन्होंने आजम, तारिक और तशफीन चौकियों पर जम कर गोलियां चलाईं। कैप्टेन इफ्तेखार ने बटालियन मुख्यालय से भारतीय हेलिकॉप्टरों पर गोली चलाने की अनुमति मांगी लेकिन उन्हें ये इजाजत नहीं दी गई, क्योंकि इससे भारतीयों के लिए 'सरप्राइज एलिमेंट' खत्म हो जाएगा।'

कभी इंडियन एक्सप्रेस के रक्षा मामलों के संवाददाता रहे जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह याद करते हैं, 'मेरे एक मित्र उस समय सेना मुख्यालय में काम किया करते थे। फोन करके कहा कि वो मुझसे मिलना चाहते हैं। मैं उनके घर गया। उन्होंने मुझे बताया कि सीमा पर कुछ गड़बड़ है क्योंकि पूरी पलटन को हेलिकॉप्टर के माध्यम से किसी मुश्किल जगह पर भेजा गया है किसी घुसपैठ से निपटने के लिए। सुबह मैंने पापा को उनकी सारी बात बताई उन्होंने तब के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को फोन किया। वे अगले दिन रूस जाने वाले थे। उन्होंने अपनी यात्रा रद्द की और एक्शन शुरू हो गया।

**मकसद था सियाचिन से भारत को अलग-थलग करनाः** दिलचस्प बात ये थी कि उस समय भारतीय सेना के प्रमुख जनरल वेदप्रकाश मलिक भी पोलैंड और चेक गणराज्य की यात्रा पर गए हुए थे। वहां उनको इसकी पहली खबर सैनिक अधिकारियों से नहीं, बल्कि वहां के भारतीय राजदूत के जरिए मिली। सवाल उठता है कि लाहौर शिखर सम्मेलन के बाद पाकिस्तानी सैनिकों के इस तरह गुपचुप तरीके से करगिल की पहाड़ियों पर जा बैठने का मकसद क्या था?

इंडियन एक्सप्रेस के एसोसिएट एडिटर सुशांत सिंह कहते हैं, 'मकसद यही था कि भारत की सुदूर उत्तर की जो टिप है जहां पर सियाचिन ग्लेशियर की लाइफ लाइन एनएच 1 डी को किसी तरह काट कर उस पर नियंत्रण किया जाए। वो उन



पहाड़ियों पर आना चाहते थे जहां से वो लद्दाख की ओर जाने वाली रसद के जाने वाले काफिलों की आवाजाही को रोक दें और भारत को मजबूर होकर सियाचिन छोड़ना पड़े।' सुशांत सिंह का मानना है कि मुशर्रफ को ये बात बहुत बुरी लगी थी कि भारत ने 1984 में सियाचिन पर कब्जा कर लिया था। उस समय वो पाकिस्तान की कमांडो फोर्स में मेजर हुआ करते थे। उन्होंने कई बार उस जगह को खाली करवाने की कोशिश की थी लेकिन वो सफल नहीं हो पाए थे।

**रॉ को दूर-दूर तक हवा नहीं:** सबसे ताज्जुब की बात थी कि भारतीय खुफिया एजेंसियों को इतने बड़े ऑपरेशन की हवा तक नहीं लगी। भारत के पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाकार, पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त और बाद में बनाई गई करगिल जांच समिति के सदस्य सतीश चंद्रा बताते हैं, 'रॉ इसको बिल्कुल भी भांप नहीं पाया। पाकिस्तानियों ने कोई अतिरिक्त बल नहीं मंगवाया। रॉ को इसका पता तब चलता जब पाकिस्तानी अपने 'फॉरमेशंस' को आगे तैनाती के लिए बढ़ाते।'

**सामरिक रूप से पाकिस्तान का जबरदस्त प्लानः** इस स्थिति का जिस तरह से भारतीय सेना ने सामना किया उसकी कई हल्कों में आलोचना हुई। पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल हरचरणजीत सिंह पनाग जो बाद में करगिल में तैनात भी रहे, वे कहते हैं, 'मैं कहूंगा कि ये पाकिस्तानियों का बहुत जबरदस्त प्लान था कि उन्होंने आगे बढ़कर खाली पड़े बहुत बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया। वो लेह करगिल सड़क पर पूरी तरह से हावी हो गए।'

लेफ्टिनेंट पनाग कहते हैं, '3 मई से लेकर जून के पहले हफ्ते तक हमारी सेना का प्रदर्शन 'बिलो पार' यानी सामान्य से नीचे था। उसके बाद जब 8वीं डिवीजन ने चार्ज लिया और हमें इस बात का अहसास होने लगा कि उस इलाके में कैसे काम करना है, तब जाकर हालात सुधरना शुरू हुए। निश्चित रूप से ये बहुत मुश्किल ऑपरेशन था क्योंकि एक तो पहाड़ियों में आप नीचे थे और वो ऊंचाइयों पर थे।' ये उसी तरह हुआ कि आदमी सीढ़ियों पर चढ़ा हुआ है और आप नीचे से चढ़ कर उसे उतारने की कोशिश कर रहे हो। दूसरी दिक्कत थी उस ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी।

**तोलोलिंग पर कब्जे ने पलटी बाजी**

जून का दूसरा हफ्ता खत्म होते होते चीजें भारतीय सेना के नियंत्रण में आने लगी थीं। मैंने उस समय भारतीय सेना के प्रमुख जनरल वेद प्रकाश मलिक से पूछा कि इस लड़ाई का निर्णायक मोड़ क्या था? मलिक का जवाब था 'तोलोलिंग पर जीत। वो पहला हमला था जिसे हमने कॉरडिनेट किया था। ये बहुत बड़ी सफलता थी हमारी। चार-पांच दिन तक ये लड़ाई चली। ये लड़ाई इतनी नजदीक से लड़ी गई कि दोनों तरफ के सैनिक एक दूसरे को गालियां दे रहे थे और वो दोनों पक्षों के सैनिकों को सुनाई भी दे रही थी।'

जनरल मलिक कहते हैं, हमें इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। हमारी बहुत कैजुएल्टीज हुईं। छह दिनों तक हमें भी घबराहट-सी थी कि क्या होने जा रहा है लेकिन जब वहां जीत मिली तो हमें अपने सैनिकों और अफसरों पर भरोसा हो गया कि हम इन्हें काबू में कर लेंगे।'

## राशिफल

**आज दिनांक 26 जुलाई, 2026, रविवार, विक्रम संवत् 2083 आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी, ज्येष्ठा नक्षत्र, बालव करण, इन्द्र योग, राहुकालः दोपहर 5:29 से 7:34 बजे, सूर्योदय सुबह 5:58 बजे, सूर्यास्त सायं 7:07 बजे, चंद्रोदय शाम 4:57 बजे, चंद्रास्त सुबह 3:34 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:13 बजे से 12:22 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:06 से 5:54 बजे तक, चंद्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और अपनों का साथ आपको मानसिक मजबूती देगा। वैवाहिक जीवन में प्यार और समझ बढ़ेगी, वहीं प्रेम संबंधों में भी मिठास आएगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। बड़े भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।





नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य से जुड़ी हल्की परेशानी हो सकती है, लेकिन लापरवाही न करें। पैसों को लेकर किसी से बहस करने से बचें।




लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से आज राहत मिलने के संकेत हैं। कानूनी मामलों में समाधान निकल सकता है। माता-पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। रिश्तों में चल रही गलतफहमियों को बातचीत से दूर करें। कुछ जातकों को नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। ऑफिस पॉलिटिक्स से दूरी रखें और करियर में आगे बढ़ने के मौकों पर फोकस करें।




परिवार का साथ मिलेगा, लेकिन संवाद बनाए रखना जरूरी है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाएं। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन मेहनत रंग लाएगी। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और तनाव से बचें।




मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंचेंगे, लेकिन कोई आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकता है, सतर्क रहें। परिवार के साथ समय बिताना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आर्थिक मामलों में किसी पर आंख बंद कर भरोसा न करें और धन का सही प्रबंधन करें।





आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें समझदारी और आत्मविश्वास से संभाल लेंगे। किसी भी विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं। जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसानदेह हो सकते हैं। आय के नए स्रोत बनने के योग हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।




आज संतुलन बनाए रखना आपके लिए सबसे जरूरी रहेगा। रिश्तों में मधुरता बनाए रखने के लिए अहंकार से बचें। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, लेकिन फिजूलखर्ची न करें। करियर में नए मौके मिल सकते हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, फिर भी दिनचर्या का ध्यान रखें।





आज आर्थिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। पुराने निवेशों से लाभ मिलने के संकेत हैं। नई नौकरी या प्रमोशन का प्रस्ताव मिल सकता है। घर की मरम्मत या प्रॉपर्टी से जुड़ा निर्णय ले सकते हैं। किसी को बड़ी रकम उधार देने से बचें, वापस मिलने में परेशानी हो सकती है।





करियर में आज बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आपकी मेहनत और फैसलों की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी न करें और जरूरत हो तो विशेषज्ञ की सलाह लें। ऑफिस में बेवजह के विवादों से दूर रहें, नहीं तो मानसिक तनाव बढ़ सकता है।




आत्मविश्वास बढ़ेगा और जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। किसी करीबी को आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। अपने लक्ष्य पर फोकस रखें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी कठिनाई महसूस हो सकती है, लेकिन निरंतर प्रयास से सफलता मिलेगी।




आज का दिन मिला-जुला रहेगा। ऑफिस में जरूरी काम पूरे करने के लिए अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकता है, लेकिन बातचीत से स्थिति संभल जाएगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और आय के नए स्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।




स्वास्थ्य को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। तनाव से बचने के लिए परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताएं। प्रोफेशनल लाइफ में नेटवर्किंग से नए अवसर मिलेंगे। करियर की बाधाएं दूर होंगी। बिजनेस में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, धन हानि हो सकती है। घर-परिवार में सकारात्मक माहौल बना रहेगा।

## हीरों से भरा खेत

प्रेरक प्रसंग




**हफीज** अफ्रीका का एक किसान था। वह अपनी जिंदगी से खुश और संतुष्ट था। हफीज खुश इसलिए था कि वह संतुष्ट था। वह संतुष्ट इसलिए था क्योंकि वह खुश था। एक दिन एक अक्लमंद आदमी उसके पास आया। उसने हफीज से कहा, 'अगर तुम्हारे पास अंगूठे जितना बड़ा हीरा हो, तो तुम पूरा शहर खरीद सकते हो, और अगर तुम्हारे पास मुट्ठी जितना बड़ा हीरा हो तो तुम अपने लिए शायद पूरा देश ही खरीद लो।' वह अक्लमंद आदमी इतना कह कर चला गया। उस रात हफीज सो नहीं सका। वह असंतुष्ट हो चुका था, इसलिए उसकी खुशी भी खत्म हो चुकी थी।

दूसरे दिन सुबह होते ही हफीज ने अपने खेतों को बेचने और अपने परिवार की देखभाल का इंतजाम किया, और हीरे खोजने के लिए रवाना हो गया। वह हीरों की खोज में पूरे अफ्रीका में भटकता रहा, पर उन्हें पा नहीं सका। उसने उन्हें यूरोप में भी ढूंढ़ा, पर वे उसे वहां भी नहीं मिले। स्पेन पहुंचते-पहुंचते वह मानसिक, शारीरिक और आर्थिक स्तर पर पूरी तरह टूट चुका था। वह इतना मायूस हो चुका था कि उसने बार्सिलोना नदी में कूद कर खुदकुशी कर ली।

इधर जिस आदमी ने हफीज के खेत खरीदे थे, वह एक दिन उन खेतों से होकर बहने वाले नाले में अपने ऊंटों को पानी पिला रहा था। तभी सुबह के वक्त उग रहे सूरज की किरणें नाले के दूसरी और पड़े एक पत्थर पर पड़ी, और वह इंद्रधनुष की तरह जगमगा उठा। यह सोच कर कि वह पत्थर उसकी बैठक में अच्छा दिखेगा, उसने उसे उठा कर अपनी बैठक में सजा दिया। उसी दिन दोपहर में हफीज को हीरों के बारे में बताने वाला आदमी खेतों के इस नए मालिक के पास आया। उसने उस जगमगाते हुए पत्थर को देख कर पूछा, 'क्या हफीज लौट आया?' नए मालिक ने जवाब दिया, 'नहीं, लेकिन आपने यह सवाल क्यों पूछा?' अक्लमंद आदमी ने जवाब दिया, 'क्योंकि यह हीरा है। मैं उन्हें देखते ही पहचान जाता हूं।' नए मालिक ने कहा, 'नहीं, यह तो महज एक पत्थर है। मैंने इसे पाले के पास से उठाया है। आइए, मैं आपको दिखता हूं। वहां पर ऐसे बहुत सारे पत्थर पड़े हुए हैं। उन्होंने वहां से नमूने के तौर पर बहुत सारे पत्थर उठाए, और उन्हें जांचन-परखने के लिए भेज दिया। वे पत्थर हीरे ही साबित हुए। उन्होंने पाया कि उस खेत में दूर-दूर तक हीरे दबे हुए थे।

इससे हमें सीख मिलती है- जब हमारा नजरिया सही होता है, तो हमें महसूस होता है कि हम हीरों से भरी हुई जमीन पर चल रहे हैं। मौके हमेशा हमारे पावों तले दबे हुए हैं। हमें उनकी तलाश में कहीं जाने की जरूरत नहीं है। हमें केवल उनको पहचान लेना है।

दूसरे के खेत की घास हमेशा हरी लगती है। जिन्हें मौके की पहचान नहीं होती, उन्हें मौके का खटखटाना शोर लगता है।

# मुख्य सचिव श्रीनिवास ने स्वदेश दर्शन योजना के कार्यों का किया निरीक्षण



खाटूश्यामजी में श्याम बाबा के किए दर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को खाटूश्यामजी में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 52 बीघा पार्किंग में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्रीनिवास ने कहा कि सभी संबंधित विभागों में समन्वय स्थापित कर खाटूश्याम जी में चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने आगामी दिनों में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्ययोजना तैयार करने तथा उसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही। निरीक्षण के उपरांत मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बाबा श्याम के दर्शन किए और देश व प्रदेश की उन्नति एवं सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, देवस्थान विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी, जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक सहित पर्यटन विभाग की शासन सचिव, स्थानीय निकाय विभाग के शासन सचिव रवि जैन, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. राकेश कुमार मीणा दांतारामगढ़ भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनाना हॉस्पिटल में 3 महीने से नहीं हो रही सोनोग्राफी

### गर्भवती महिलाओं को जानकारी का अभाव, नहीं मिल रहा मां वाउचर योजना का पूरा लाभ

**सुजानगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** फतेहपुरिया जनाना हॉस्पिटल में चार महीने से सोनोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण इलाज के लिए आने वाली प्रसूताओं को परेशानी हो रही है। डॉ. बंशीधर ने बताया कि 350 से ज्यादा ओपीडी वाले इस हॉस्पिटल में रोजाना 40 से 50 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच लिखी जाती है। हॉस्पिटल में सोनोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण महिलाओं को ये जांचें बाहर से करानी पड़ती है, जिसके लिए प्रति जांच 800 से 1100 रुपए देने पड़ते हैं। वहीं जानकारी के अभाव में महिलाओं को मां वाउचर योजना का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। इस योजना में हर महीने की 9, 18 व 27 तारीख को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सोनोग्राफी जांच का वाउचर दिया जाता है। फतेहपुरिया जनाना अस्पताल में पिछले चार महीने में सिर्फ 52 वाउचर कटे हैं।



# सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर फहराया तिरंगा



### डीआरयूसीसी सदस्य हुसैन आर्मी की पहल लाई रंग

**सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर करीब ढाई वर्ष से बिना राष्ट्रीय ध्वज के खड़े पोल पर शुक्रवार को रेलवे प्रशासन ने तिरंगा फहराकर एक महत्वपूर्ण पहल को साकार किया। डीआरयूसीसी सदस्य एवं वतन फाउंडेशन के मुखिया हुसैन आर्मी द्वारा कोटा मंडल की डीआरयूसीसी बैठक में उठाई गई मांग पर रेल प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कराया। इस अवसर पर डीआरयूसीसी सदस्य हुसैन आर्मी, पश्चिम रेलवे की सलाहकार समिति (जेडआरयूसीसी) के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, स्टेशन प्रबंधक लोकेंद्र मीना, आरपीएफ निरीक्षक मानसिंह, रेलवे के एडीईएन दिगपाल सिंह, अतीश माहेश्वरी सीएमआई, पीडब्ल्यूआई राकेश मीना, आईओडब्ल्यू अमित भारती व संजय मीणा सहित रेलवे एवं आरपीएफ के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात हुसैन आर्मी की ओर से उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित कर इस अवसर की खुशी साझा की गई।

# कृषि महाविद्यालय पीथमपुरी में कुलपति का विद्यार्थियों से संवाद



**पीथमपुरी/ नीमकाथाना (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति पुष्पेन्द्रसिंह चौहान ने कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी का औपचारिक भ्रमण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. खंडेलवाल ने उनका स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान कुलपति ने 'रेडी' कार्यक्रम के विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण, ग्रामीण कार्यानुभव तथा व्यावहारिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास एवं कृषि क्षेत्र में नवाचार की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कुलपति ने महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध उपकरणों, शिक्षण सुविधाओं एवं प्रयोगात्मक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने महाविद्यालय फार्म का भी भ्रमण कर फसलों, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान कुलपति ने छात्र-छात्राओं के छात्रावासों का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। कुलपति ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

# शिवम सैनी ने नीट में हासिल की सफलता

**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता )।** सरस्वती स्कूल बलवन्तपुरा के छात्र शिवम सैनी ने कक्षा 12 के साथ ही नीट 2026 में 551 अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। शिवम ने स्लूक में 12वीं कक्षा के साथ-साथ ही नीट की तैयारी की और सफल होकर साबित कर दिया कि स्कूल के साथ-साथ नीट में सफलता संभव है। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि हनुमान की ढाणी, निवासी शिवम सैनी पुत्र रामचन्द्र सैनी ने कक्षा 12 में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।



# एडीजीपीआई पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन लेने पर मुकदमा दर्ज

### जल माफियाओं पर कसा शिकंजा: जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देश पर पीएचईडी का सघन अभियान, होटल, नर्सरी व निर्माण स्थलों की जांच

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देश पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने शहर में अवैध जल कनेक्शनों और पानी की चोरी के खिलाफ सघन अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को होटलों, नर्सरियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा निर्माणाधीन स्थलों पर की गई जांच के दौरान चौहटन रोड स्थित एक निर्माण स्थल पर सेना की एडीजीपीआई



पाइपलाइन से अवैध जल कनेक्शन लेकर पानी का उपयोग किए जाने का मामला सामने आया। इस पर विभाग ने निर्माण स्थल के मालिक गोपाल सिंह राजपुरोहित पुत्र कान सिंह के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीएचईडी के अधिशासी अभियंता हजारीराम बालवा ने बताया कि शुक्रवार को दर्जनों व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कनेक्शन रखने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहायक अभियंता रिंकू शर्मा ने बताया कि चौहटन रोड के पास चल रहे निर्माण कार्य में सेना की छावनी के लिए जसाई तक बिछाई गई सामरिक महत्व की एडीजीपीआई पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन लेकर पानी की चोरी की जा रही थी। मामले की पुष्टि होने पर सिटी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता ने निर्माण मालिक के विरुद्ध सिटी कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

**70 हजार घर, केवल 34 हजार वैध कनेक्शन:** विभागीय अधिकारियों के अनुसार बाड़मेर शहर में लगभग 70 हजार मकान हैं, जबकि पीएचईडी के रिकॉर्ड में केवल 34 हजार वैध पेयजल कनेक्शन दर्ज हैं। विभागीय सर्वे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अवैध जल कनेक्शन चिन्हित किए गए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं को सात दिन के भीतर अपने कनेक्शन नियमित कराने अथवा अवैध कनेक्शन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि के बाद विभाग अवैध कनेक्शनों को काटने के साथ कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

# निरंतर अध्ययन और शोध ही वैचारिक विमर्श के सबसे प्रभावी अस्त्र : श्रीवास्तव

### शैक्षिक चिंतन एवं सकारात्मक शिक्षा विमर्श के लिए महासंघ प्रतिबद्ध : प्रो. नारायण लाल गुप्ता

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला का शुभारंभ शनिवार को बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में में हुआ। कार्यशाला में देशभर से 100 से अधिक कार्यकर्ता सहभागी बने हैं। संगठन महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक विमर्श, प्रभावी मीडिया संवाद तथा राष्ट्रहित आधारित शैक्षिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि डीडी न्यूज के वरिष्ठ एंकर अशोक श्रीवास्तव रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना से हुआ तथा राष्ट्रगान के साथ प्रथम सत्र का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में अनेक वैश्विक एवं राष्ट्रविरोधी शक्तियां भ्रामक नैरेटिव गढ़कर समाज और विशेष रूप से नई पीढ़ी को भ्रमित करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में निरंतर अध्ययन, शोध, तथ्यपरक विश्लेषण और प्रमाणिक जानकारी ही वैचारिक विमर्श की सबसे बड़ी शक्ति है तथा इन्हीं के आधार पर समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित किया जा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. नारायणलाल गुप्ता ने कहा कि भारत में शिक्षा और शिक्षक सदैव राष्ट्र निर्माण की आधारशिला रहे हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अपने त्रि-सूत्रीय सिद्धांतों के माध्यम से शैक्षिक नवाचार, शिक्षक सशक्तिकरण और राष्ट्रीय शिक्षा चिंतन को नई दिशा देने के लिए सतत कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. मित्तल तथा संगठन महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला में राजस्थान के सीकर जिले से प्रदेश मीडिया सह संयोजक आर.के. शर्मा, प्रिंट मीडिया प्रमुख पूर्णमल लोहार तथा यूट्यूब चैनल प्रमुख सुरेश बैरागी की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

# दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पलटा चीनी से भरा ट्रक



### यातायात हुआ बाधित, रामगढ़ पचवारा क्षेत्र में हुई दुर्घटना

महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को पिलर संख्या 221.3 के पास स्थित रेस्ट एरिया के नजदीक चीनी से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया।

जानकारी के अनुसार ट्रक दिल्ली से मुंबई की ओर जा रहा था। श्रीया गांव के समीप पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक बीच सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटते ही एक्सप्रेस-वे बाधित हो गया, जिससे वहां से गुजर रहे वाहनों की कतार लगने लगीं। हादसे की सूचना मिलते ही एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम और रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने वाहनों को सुरक्षित तरीके से निकालने की व्यवस्था की। इसके बाद क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कराया गया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क से हटाया गया और फिर से यातायात के लिए खोला गया।

# शिक्षकों के विदाई समारोह में भावुक हुए विद्यार्थी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नीमकाथाना।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, गणेश्वर से स्थानांतरित हुए प्राध्यापक सुखाराम सैनी एवं आशा देवी मीणा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा दोनों शिक्षकों का आत्मीय सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रवींद्र शर्मा ने कहा कि सुखाराम सैनी एवं आशा देवी मीणा दोनों ही अत्यंत सेवाभावी, कर्मठ एवं विद्यालय के प्रति पूर्ण समर्पित शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए तथा प्रत्येक दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया।

इस अवसर पर सुखाराम सैनी की ओर से समस्त विद्यालय परिवार के लिए स्नेह-भोज (प्रसादी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सैनी, विजेंद्र सैनी, कविता सैनी एवं सुरेंद्र सिंह का भी सम्मान किया गया। संचालन टीना शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्राध्यापक हरीश शर्मा, शीशराम सैनी, योगेश शर्मा, सुमित्रा देवी, आशा वर्मा, अंकिता, टीना शर्मा व अशोक प्रजापत उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वातावरण भावुक हो गया और अपने प्रिय शिक्षकों को विदा करते समय अनेक विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं।

### सीकर अग्रवाल समाज प्रन्यास व महिला मंडल का आयोजन

# राखी फेस्टिवल एवं लाइफस्टाइल एग्जीबिशन सेल आज से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** अग्रवाल महिला मंडल व अग्रवाल समाज प्रन्यास द्वारा छठे राखी फेस्टिवल एवं लाइफस्टाइल एग्जीबिशन सेल का आयोजन 26 से 28 जुलाई को अग्रवाल समाज प्रन्यास के गढ़ परिसर में हरीराम लोहिया सभागार सुभाष चौक सीकर में किया जाएगा।

यह प्रदर्शनी प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक सर्व समाज के लिए खुली रहेगी। इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वावलंबन को बढ़ावा देना और उनके हुनर को समाज के समक्ष मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में राखियां, परिधान, एआई गैजेट्स हस्तशिल्प, गृह उपयोगी वस्तुएं, डिज़ाइनिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स व घरेलू उपयोगी सामान की प्रदर्शनी और विक्रय की व्यवस्था की जाएगी।

कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए विशेष लकी ड्रॉ कूपन व चटपटे स्टाल की भी व्यवस्था की गई है। समाज के अरुण फागलवा, महेश टीबड़ा, मंजू लोहिया, सनु मोदी, संतोष अग्रवाल, सुमन खेतान, नीता अग्रवाल, सरिता बजाज, मधु सीहोटिया, पिंकी अग्रवाल, सुचिता बजाज, शिप्रा बजाज, स्वीटी तोदी, नेहा तोदी ने नगरवासियों से इस आयोजन में सपरिवार पधार कर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# होमगार्ड जवान ने वितरित किए 1100 पौधे



**झुंझुनूं (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** शहर में सामाजिक कार्यकर्ता अजय वर्मा एवं आवाम ग्रुप झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में चौथी बार पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 1100 पौधों का निशुल्क वितरण किया। यह अभियान लगातार चौथे वर्ष भी जारी रहा। अजय वर्मा अब तक अपने व्यक्तिगत प्रयासों से 7000 पौधे लोगों को वितरित कर चुके हैं। अजय वर्मा ने बताया कि बढ़ते तापमान, पर्यावरण प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उनका कहना है कि 'पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव हैं।' आवाम ग्रुप सदस्य संदीप कुमार टंडन ने बताया कि यह अभियान केवल पौधे बांटने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास है। इस दौरान राजेश हरिपुरा, संदीप टंडन, प्यारेलाल भूपेश, सीताराम बास बुडाना, राकेश कुमावत, महेंद्र मीणा, नरेंद्र मीणा उपस्थित रहे।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान के लिए जिला समिति का गठन

# हेमन्त मीणा जिला संयोजक नियुक्त

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बस्सी।** भारतीय जनता पार्टी, जयपुर दक्षिण देहात के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 'समरसता संकल्प अभियान' के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।



जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने जयपुर दक्षिण देहात के जिला महामंत्री हेमन्त मीणा को जिला संयोजक नियुक्त किया है। उनके नेतृत्व में जिलेभर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता, सामाजिक सद्भाव एवं जनजागरण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समिति में विनोद सांभरिया (जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा) एवं कांता सोनवाल (जिला उपाध्यक्ष) को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं जितेन्द्र सिंह (जिला मंत्री) एवं रामफूल शर्मा (जिला मंत्री) को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।

### ग्रीन स्किल प्रोजेक्ट के तहत हरियाली अभियान

# अमराबाद स्कूल में लगाए 51 पौधे, 300 किए वितरित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** भारत स्काउट गाइड के ग्रीन स्किल प्रोजेक्ट के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमराबाद में पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रधानाचार्य महेश कुमार बैरवा ने कहा कि पेड़ मानव जीवन के सबसे बड़े दाता हैं। पेड़ हमें शुद्ध हवा, छाया, फल, लकड़ी और जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। विद्यालय परिसर में कुल 51 पौधे लगाकर ग्रीन स्पेस विकसित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच 300 पौधों का वितरण किया गया।

**विद्यार्थियों को हरियाली बढ़ाने का दिलाया संकल्प**

ग्रीन स्किल प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर बलराम मीणा ने बताया कि भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने और अपने घर तथा विद्यालय में ग्रीन स्पेस तैयार करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्य लक्ष्मीनारायण मीणा, जगदीश प्रसाद शर्मा, स्काउट मास्टर भरतलाल मीणा, श्रीरंग मीणा, मुकेश महावर, सुनीता बाकोलिया, मनोहर पिनारा, करमा मीणा सहित विद्यालय का स्टाफ, स्काउट सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### मिशन हरियालो राजस्थान की शुरुआत

# लालपुरा स्कूल में 500 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**लालसोट (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुरा में मिशन हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। हले चरण में विद्यालय परिसर, खेल मैदान और आस-पास के क्षेत्रों में करीब 500 फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य चौथमल मीणा ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन से पर्यावरण स्वच्छ, शुद्ध और संतुलित बना रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। पौधारोपण अभियान के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी पौधे वितरित किए गए। साथ ही प्रत्येक पौधे की देखभाल, समय पर पानी देने और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई।

**करगिल शहीदों की स्मृति में लगाए जाएंगे पौधे:** प्रधानाचार्य चौथमल मीणा ने बताया कि मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 576 करगिल शहीदों की स्मृति में भी पौधरोपण किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में देशभक्ति और प्रकृति संरक्षण दोनों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में पंचायत शिक्षक धर्मेंद्र तिवाड़ी, विकास शर्मा, बाबूलाल मीणा, रामभजन मीणा, रामफूल बैरवा, भोरीलाल बैरवा, रामरूप मीणा, आशा मीणा, माया मीणा, सुनीता मीणा, मीरा सैनी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने पौधरोपण किया।

# एडीएम ने किया ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर का निरीक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** ग्राम पंचायत आसपुरा (अजीतगढ) में राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण फॉलोअर सेवा शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अजीतगढ़ सुरेन्द्र कुमार कुड़ी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी अजीतगढ़ सांवरमल सैनी के निर्देशन में हुआ। शिविर का अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) नीमकाथाना भागीरथ साख ने निरीक्षण किया तथा सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट देखी।

शिविर में सहकारिता विभाग से सागरमल कलवानिया व्यवस्थापक, झाबरमल सोलेत सह व्यवस्थापक, अजय जांगिड़ कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा सहकारिता विभाग एवं बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई तथा 3 किसानों को 4.50 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया।

विद्युत विभाग द्वारा 3 स्मार्ट मीटर लगाए गए। पशुपालन विभाग द्वारा मंगलम पशु बीमा योजना के 10 प्रमाण-पत्र जारी किए गए। परिवहन विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक के 2 स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए। पीडब्ल्यूडी द्वारा परिवादों का निस्तारण किया गया तथा बरसाती गड्ढों को भरवाया गया एवं सड़क के किनारों पर कंटीली झाड़ियों को लगाया गया। वन विभाग द्वारा 7 वन मित्र आवेदन पत्र प्राप्त किए तथा 15 पौधे वितरण किए गए।

राजस्व विभाग से पटवारी विनोद कुमार मरोड़िया, आरती यादव, पंचायती राज विभाग से हरफूल यादव, नरेंद्र यादव ग्राम सेवक, विद्युत विभाग से पूरणमल रोलाणियां, जलदाय विभाग से मीना गर्ग, कैलाश चंद्र चेजारा, पशुपालन विभाग से शारदा देवी यादव, आयुर्वेद विभाग से श्रीनिधि शर्मा, रसद विभाग से राशन डीलर सुधाकर दीक्षित, कृषि विभाग से संजु यादव, वन विभाग से शम्भुदयाल, महिला एवं बाल विकास विभाग से सरिता सैनी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी/अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामवासियों में मदन सिंह शेखावत अध्यक्ष सोसायटी, रामजीलाल यादव, रामसिंह जाखड़, हनुमान, जगदीशप्रसाद यादव, सुरेश जाखड़, जालिम सिंह शेखावत समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



## करगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित




**झुंझुनूं (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** लायंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में एमजेएफ लायन उमर कुरैशी के सौजन्य से करगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को शहीद पार्क में शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर पुष्पांजलि दी गई एवं मोमबत्ती जलाकर उनके शौर्य को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर लायंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. डी एन तुलसियान, सचिव एमजेएफ लायन रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, कोषाध्यक्ष लॉयन भागीरथ प्रसाद जांगिड़, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लायन एसके केजरीवाल, लायन बबीता कुमावत, जेडसी लायन शकुंतला पुरोहित, लायन गोपाल कृष्ण गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## ओम पब्लिक स्कूल में मनाया करगिल विजय दिवस



**बस्सी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** हेमल्यावाला रोड स्थित ओम पब्लिक स्कूल में करगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था में प्रार्थना सभा में अमर शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दी। पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने तिरंगा हाथ में लेकर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को देशभक्ति से सरोकार करवाने के लिए व करगिल युद्ध के इतिहास को समझाने के लिए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन व डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर संस्था सचिव हेमराज शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और शहीदों के बलिदान से अवगत करवाया।

## दुर्गा माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**बस्सी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** ज्योतिबा फुले विकास संस्थान नई नाथ धाम में राम जानकी मंदिर से पंडितों द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चना करके कलश यात्रा निकाली गई व स्थापित की जाने वाली मूर्ति को नगर भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात पंडितों द्वारा विधि विधान से दुर्गा माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी राम मूर्ति महाराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। यह आयोजन ज्योतिबा फुले विकास संस्थान बांसखोह के नेतृत्व में किया गया।

## क्विज व पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**झुंझुनूं (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** डाकघर झुंझुनूं द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उदावास में फिलेटली क्विज प्रतियोगिता एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 प्रतिभागियों को डाक विभाग की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रामावतार सैनी ने की। इस अवसर पर डाक विभाग के प्रतिनिधि नरेश गुर्जर, सुनील मैड़ा एवं संजय के निर्देशन में विद्यालय स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

## लालसोट में चातुर्मास रामायण पठन का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**लालसोट (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उपखंड मुख्यालय स्थित देवी जी के मंदिर से रविवार से चातुर्मास रामायण पठन के शुभारंभ से पूर्व शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों की मधुर धुन और रामायण की चौपाइयों के साथ निकली यात्रा ने पूरे शहर के माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान बैंड-बाजों के साथ बज रही रामायण की चौपाइयों ने वातावरण को पूरी तरह राममय बना दिया। यात्रा में शामिल महिलाओं ने रामायण की चौपाइयों पर नृत्य कर अपनी आस्था का सुंदर प्रदर्शन किया। इस आयोजन में नगर सभापति पिंकी चतुर्वेदी, समाजसेवी सोनू बिनोरी, रामचरण बोहरा, बनवारीलाल व्यास, कैलाश चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पीएम श्री विद्यालय में विद्यार्थियों को बैग वितरित



**रामगढ़ पचवारा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्टाफ के सहयोग से स्कूल बैग वितरित किए गए। बैग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष फूल मीणा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि रेवड़ मल माहवर, राधेश्याम मीणा, हरकेश मीणा और मोहन बेड़िया वाले रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य राम अवतार मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में भोलाराम रेगर, गोपीचंद जांगिड़, दीपक गुप्ता सहित विद्यालय स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वृंदा रॉयल ने वृंदा स्टार्ज को 17 रन से हराया



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** वृंदा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में शनिवार को टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। वृंदा रॉयल ने पहले खेलते हुए 20 ओवर मे 180 रन बनाए, जिसमें रतिकांत नाबाद 80 (58 गेंद), डॉ. अक्षय गर्ग 35 (22 गेंद) की 63 रनों की मजबूत साझेदारी एं विकास सुथार के अंतिम ओवर में आतिशी 11 रनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जवाब में वृंदा स्टार्ज की अच्छी शुरुआत हुई। शंभू चौहान ने 59 रन बनाए, लेकिन वृंदा रॉयल की आक्रमक फील्डिंग एवं सबसे सफल बॉलर शंभू सुमन ने 4 ओवर में मात्र 25 रन देकर चार विकेट, विकास सुथार 3 विकेट एवं सचिन यादव ने 2 विकेट लेकर निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 163 रन पर समेट दिया। इस तरह रॉयल ने 17 रनों से वृन्दा स्टार्ज को परास्त किया।

# आजाद प्रण महोत्सव के साथ शुरू हुआ 'सनातन सुगंध अभियान'

### युवाओं को संस्कृति और नशामुक्ति का दिया संदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता



**लालसोट।** स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भगतसिंह आभामंडल द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित आजाद प्रण महोत्सव का समापन समारोह लालसोट के श्यामपुरा रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन ने 'सनातन सुगंध अभियान' की शुरुआत करते हुए युवाओं को भारतीय संस्कृति, वैदिक ज्ञान और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लिया। आभामंडल के जिला प्रभारी अक्षित जांगिड़ ने बताया कि अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास, वैदिक धर्मग्रंथों और सनातन संस्कृति से परिचित कराना है। इसके तहत विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें युवाओं को भारतीय परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी जाएगी।

### नशामुक्ति और सामाजिक समरसता पर विशेष जोर

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह अर्पित गुप्ता ने चंद्रशेखर आजाद के साहस और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर भी विस्तार से विचार रखे।

मंडावरी खंड संचालक भगवानसहाय शर्मा ने संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे पर अपने विचार व्यक्त किए। समाजसेवी रामचरण बोहरा ने युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। अध्यक्षता कर रहे लखन पाटोदिया ने सामाजिक समरसता को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया।

### सेवा कार्यों की उपलब्धियां बताईं

आभामंडल संयोजक अमन शर्मा राजपूर्ण ने संगठन के वर्षभर के सेवा कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्था सात प्रमुख अभियानों के माध्यम से लगातार समाज सेवा कर रही है। उन्होंने बताया कि 4311 पंछी पुकार अभियान के तहत हजारों परिंडे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा 41 हजार विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई है तथा 1700 नामजप काउंटर भी वितरित किए जा चुके हैं।

कार्यक्रम में हनुमान शर्मा, मीठालाल मीणा, बाबूलाल शर्मा, विष्णु शर्मा, लोकेश सैन, शुभम शर्मा, अखिल ठाकुरिया, दीपेश थानादारी, काजल शर्मा, आकाश, प्रेरु, जय सहित आभामंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत है भारत देश का युवा : निम्बाराम

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर झुंझुनूं में निकाली 'एक दौड़ राष्ट्र के नाम' युवा मैराथन

महानगर टाइम्स संवाददाता




**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर 'एक दौड़ राष्ट्र के नाम' युवा मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद शहीद स्मारक से सेठ मोतीलाल कॉलेज खेल स्टेडियम तक मैराथन निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भगवा टी-शर्ट पहने युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में आरएसएस के राजस्थान क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, जिला संघ चालक मानसिंह, नगर संघ चालक अनूप गाडिया, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज तथा जयपुर प्रांत सह-प्रचारक विशाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि भारत का युवा राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत-प्रोत है और उसे व्यक्तिगत सफलता के साथ राष्ट्र निर्माण को भी अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समाज में अशांति और अराजकता का वातावरण बनता है, तो विकास की गति प्रभावित होती है। समाज का संगठित, संस्कारित और शक्तिशाली होना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थ अथवा विदेशी षड्यंत्रों के प्रभाव में समाज को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं, जिससे राष्ट्रीय और सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होती है। युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि केवल व्यक्तिगत कॅरियर ही नहीं, बल्कि 'कंट्री इज माय कॅरियर' की भावना भी विकसित होनी चाहिए।

संघ के विरोध का उल्लेख करते हुए निम्बाराम ने कहा कि पिछले 101 वर्षों में संगठन को रोकने और समाप्त करने के अनेक प्रयास हुए। उन्होंने दावा किया कि संघ के बारे में 'चार फीट जमीन में गाड़ देंगे' और 'भगवा नहीं फहराने देंगे' जैसे बयान दिए गए थे, लेकिन समय के साथ ऐसे दावे करने वाले पीछे छूट गए, जबकि संघ आज देशभर में एक लाख से अधिक स्थानों पर शाखाओं और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति से प्रेरित अच्छे नागरिक तैयार करना है।

उन्होंने देश के सामने जनसंख्या असंतुलन, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और सामाजिक विघटन जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया तथा कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए युवाओं को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर समाजहित में कार्य करना होगा। उनके अनुसार राष्ट्र निर्माण का अर्थ केवल भौतिक विकास नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव, नागरिक कर्तव्यों के पालन, स्वदेशी सोच और श्रेष्ठ आचरण से भी है।

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज ने कहा कि युवा मैराथन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा भावना और चरित्र निर्माण के संस्कार विकसित करना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और जागरूक युवा ही राष्ट्र की प्रभावी सेवा कर सकते हैं।

## आभानेरी में किरोड़ी लाल मीणा करेंगे कृषि मंडी का शिलान्यास



**रामगढ़ पचवारा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उपखंड के गांव आभानेरी में प्रतीक्षित कृषि मंडी निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार दोपहर एक बजे कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालसोट विधायक रामविलास मीणा करेंगे।

भाजपा कार्यकर्ता बिंडोली समिति के अध्यक्ष हजारीलाल आभानेरी ने बताया कि पचवारा क्षेत्र में कृषि मंडी की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब यह सपना साकार होने जा रहा है। कृषि मंडी बनने से क्षेत्र के हजारों किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूसरे शहरों और दूर-दराज की मंडियों का रुख नहीं करना पड़ेगा। हजारी लाल ने बताया कि लालसोट विधायक रामविलास मीणा के लगातार प्रयासों के बाद क्षेत्र को कृषि मंडी की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि शिलान्यास कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन को अंतिम रूप दे दिया गया है। भाजपा नेता शंभूलाल कुई वाला ने बताया कि कृषि मंडी निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 2 करोड़ 69 लाख रुपए की स्वीकृति भी जारी हो चुकी है। इससे निर्माण कार्य जल्द गति पकड़ने की उम्मीद है।

### प्रदेश स्तरीय कॉर्डियोलॉजी समिट में बोले डॉ. हरबंस गोयल

## 'दैनिक जीवनचर्या को नियंत्रित रखने पर हृदय की रखी जा सकती है सुरक्षा'

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नीमकाथाना।** जयपुर में आयोजित राजस्थान कॉर्डियोलॉजी समिट के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए नीमकाथाना के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. हरबंस गोयल ने ट्रांसफॉर्मिंग कार्डियोवस्कुलर केयर पर चर्चा में बताया कि हृदय की सलामती के लिए हर व्यक्ति को अपनी दैनिक जीवन चर्या को नियंत्रित रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण का तात्पर्य यह है कि अपने खान-पान की शुद्धता, उचित मात्रा में पानी, दूध, दही, हरी सब्जियों को शामिल कर हल्का पौष्टिक आहार लेना चाहिए। साथ ही नियमित, थोड़ा ही सही खाना खाने से पूर्व व बाद में घूमने और हल्की व्यायाम क्रियाओं को जीवन दिनचर्या में शामिल करने से हृदय की सलामती रह सकती है। वहीं वर्ष या दो वर्षों के अंतराल में अपनी संतुष्टि के लिए जांच करवाते रहने से हृदय का खतरा पहचाना जा सकता है। उन्होंने बताया कि हृदय घात जैसे कोई लक्षण शरीर की क्रियाओं में अहसास होता है, तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। इस मौके पर गोयल ने अपने कई प्रयोगिक अनुभवों के उदाहरण देकर रोगी की स्थितियों में आए बदलाव पर मौजूद चिकित्सा विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

## फलाहारी बाबा के वार्षिकोत्सव में उमड़े श्रद्धालु



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** धनीजी मनजी मोहल्ला स्थित बाबा रामदास की बगीची में महंत रामचंद्रदास जी फलाहारी बाबा का 30वां वार्षिकोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम महामंडलेश्वर महंत शंकरदास बापू के सान्निध्य में आयोजित किए गए। शंकरदास बापू व महात्यागी कमलदास महाराज ने फलाहारी बाबा की मूर्ति का अभिषेक कर उनकी पूजा अर्चना की। लम्बे समय से चल रही अखंड रामायण को विराम दिया गया। अखंड रामचरितमानस की पूर्णाहुति पर हवन हुआ। शाम के समय बाबा का अटूट भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद जागरण में शेखावाटी के प्रसिद्ध गायकों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर नागा बाबा बालकदास महाराज, पारसनाथ महाराज, क्रांतिगिरी महाराज सहित संत महात्मा मौजूद रहे। श्याम भक्त रामगोपाल गोपी, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, शंकरलाल पहाड़िया, कोकट जोशी, श्रीकांत डस्सा, राजकुमार हलवाई सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अनिल शर्मा की 'अर्जुन नागा' की शूटिंग सितंबर से जैसलमेर में

### डेढ़ माह तक चलेगा शूटिंग शेड्यूल, सम-दामोदरा समेत कई लोकेशन पर होगा फिल्मांकन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** फिल्म निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा की बहुप्रतीक्षित पीरियड एक्शन-ड्रामा फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग सितंबर से जैसलमेर में शुरू होगी। फिल्म के लिए पिछले दो दिनों तक अनिल शर्मा ने जैसलमेर में विभिन्न लोकेशनों का मुआयना किया और शुक्रवार को मुंबई लौट गए। फिल्म का जैसलमेर शेड्यूल करीब डेढ़ माह तक चलेगा, जिसमें सम, दामोदरा, दव सहित जिले के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों पर शूटिंग की जाएगी।

फिल्म में मुख्य भूमिका में उत्कर्ष शर्मा नजर आएंगे, जिन्हें अनिल शर्मा एक बार फिर बड़े स्तर पर लॉन्च कर रहे हैं। वहीं अर्जुन रामपाल के मुख्य खलनायक की भूमिका निभाने की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री निधि अग्रवाल को फिल्म की नायिका के रूप में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

अनिल शर्मा इससे पहले हुकूमत, तहलका, गदरः एक प्रेम कथा और गदर-2 जैसी सफल फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने हाल ही में एक बातचीत में बताया कि 'अर्जुन नागा' उनके कॅरियर की सबसे दमदार स्क्रिप्ट्स में से एक है और इसे भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म का मुहूर्त शेड्यूल मई में मुंबई में पूरा किया जा चुका है, जहां एक गीत की शूटिंग हुई थी। अब मुख्य शूटिंग राजस्थान में होगी।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर एसएफआई ने कल्याण सर्किल पर की आतिशबाजी



विद्यार्थियों ने जताई खुशी

**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने शनिवार को सीकर के कल्याण सर्किल पर आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की। एसएफआई के जिला सचिव राकेश मुवाल ने कहा कि नीट पेपर लीक पर पूरे देश में सबसे पहले सीकर एसएफआई ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला सीकर के कल्याण सर्किल पर जलाया था। उसके बाद एसएफआई ने लगातार विद्यार्थियों के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष किया। सीकर में विरोध-प्रदर्शन, मशाल जुलूस, हड़ताल, पुतला दहन, छात्र संवाद, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न ज्ञापनों के माध्यम से केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय का ध्यान छात्रों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया। देशभर के विद्यार्थियों ने लगातार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, परीक्षा घोटालों पर कार्रवाई तथा जवाबदेही की मांग को लेकर संघर्ष किया। विद्यार्थियों के आंदोलन और व्यापक जनदबाव के परिणामस्वरूप यह इस्तीफा आया , जो छात्र एकता और लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत है। एसएफआई के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र ढाका ने कहा कि केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की जवाबदेही तय करना तथा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना भी आवश्यक है। इस अवसर पर संदीप नेहरा, प्रकाश सैन, कमल महला, समीर खत्री सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आरयूएचएस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आरईएनए 26 का आगाज

### राजस्थान के 15 से अधिक मेडिकल कॉलेजों के प्रतिभागी जुटे



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता आरईएनए 26 का शुभारंभ शनिवार को आरयूएचएस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. प्रमोद येओले ने किया। इस अवसर पर आरयूएचएस के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. मोहनिश ग्रोवर, कुलसचिव (रजिस्ट्रार) राजूलाल गुर्जर विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एडीपी एवं एरिना समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव के नेतृत्व में किया गया। अतिथियों ने चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों के लिए खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना, मानसिक दृढ़ता तथा समग्र स्वास्थ्य के विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान के 15 से अधिक मेडिकल कॉलेजों से 165 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

# पाटन में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

### कहा-शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से काम नहीं चलेगा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**पाटन/नीमकाथाना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष मालाराम वर्मा के नेतृत्व में पेपर लीक, परीक्षा घोटालों, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार तथा छात्रों पर हुई कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई और पुतला फूंका गया। कार्यक्रम में नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी भी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के लगातार सामने आ रहे मामलों ने देश के करोड़ों छात्रों और युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि कथित 150 से अधिक पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से काम नहीं चलेगा, इस्तीफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देना पड़ेगा। विधायक सुरेश मोदी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, पेपर लीक और परीक्षा घोटालों के मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के छात्रों से माफी मांगने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लगातार लड़ती रहेगी।

बलॉक अध्यक्ष मालाराम वर्मा ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक और परीक्षा घोटालों ने प्रतिभाशाली युवाओं की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नीमकाथाना मदनलाल सैनी, नगर अध्यक्ष बलदेव यादव, श्रीराम यादव, रामेश्वर सैनी, शकील खान, फतेहचंद मीणा, कैलाश स्वामी, अनिल स्वामी, दिलीप सैनी, अशोक डीलान, रवि खटाना, बलवीर मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुयाना : दुनिया का अकेला देश, जो अपने खाने की हर चीज खुद उगाता है

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दुनिया में केवल एक ही देश है, जो अपनी जरूरत का सारा भोजन खुद उगा रहा है और इतना पैदा कर रहा है जो उसकी पूरी आबादी के लिए पर्याप्त है। यह देश है गुयाना। साउथ अमेरिका के उत्तरी तट पर स्थित इस देश में मूल निवासियों, अफ्रीकी, भारतीय और यूरोपीय संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। 186 देशों के बीच कराई गई एक स्टडी में यह बात सामने आई है। इस स्टडी के मुताबिक गुयाना खाने-पीने की सभी सात मुख्य श्रेणियों यानी फल, सब्जियां, मांस, मछली, डेयरी, दाल और स्टार्च वाले मुख्य खाद्य पदार्थ के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर है। हालांकि गुयाना दूसरे के साथ व्यापार करता है और कुछ खास चीजें आयात भी करता है। लेकिन इसकी उपजाऊ नदी घाटियों और सरकार के रणनीतिक निवेश ने इसे पोषण के मामले में पूरी तरह से घरेलू स्तर पर आत्मनिर्भर बना दिया है।

गुयाना की इस खास उपलब्धि में वहां की सरकार की बड़ी भूमिका है जिसने साल 2020 से कृषि क्षेत्र में फंडिंग में 468 फीसदी की भारी बढ़ोतरी की थी। गुयाना के ट्रॉपिकल जंगल और उपजाऊ तटीय मैदान चावल, चीनी और पशुपालन के लिए बहुत अच्छे माने जाते हैं। उपजाऊ मिट्टी मुख्य फसलों के उत्पादन में मदद करती है, जबकि अंदरूनी इलाकों में कई तरह की फसलें उगाई जाती हैं। इस देश की आबादी 840,890 और क्षेत्रफल 214,969 वर्ग किमी है। गुयाना के समुद्र में तेल का बड़ा भंडार मिला है।



इस कारण देश की इकॉनमी काफी तेजी से बढ़ रही है। 2026 में गुयाना की जीडीपी ग्रोथ रेट 16.2 फीसदी रहने का अनुमान है। इससे पहले 2024 में लगभग 43.8 फीसदी और 2023 में 33.8 फीसदी की जबरदस्त सालाना रियल जीडीपी ग्रोथ रेट रही है। यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

**तेल का बड़ा भंडार :** गुयाना की गिनती साल 2015 तक दुनिया के सबसे गरीब देशों में होती थी। लेकिन उसी साल एक्सन मोबिल कॉरपोरेशन ने गुयाना से 100 मील दूर तेल के बड़े भंडार खोज निकाले। तेल की खोज ने गुयाना की तस्वीर बदलकर रख दी है। इससे गुयाना को सालाना करीब 10 अरब डॉलर मिलने की उम्मीद है और 2040 तक उसके खजाने में 157 अरब डॉलर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में गुयाना दुनिया में पर कैपिटा क्रूड प्रॉड्यूसर के रूप में कुवैत को पीछे छोड़ सकता है।

## सात देशों से भरभरकर आ रहा था पीवीसी रेजिन, सरकार ने 6 महीने के लिए लगाई रोक

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। उसने कम कीमत वाले सस्पेंशन-ग्रेड पीवीसी रेजिन के इंपोर्ट पर छह महीने के लिए रोक लगा दी है। इसके लिए मिनिमम इंपोर्ट प्राइस तय किया गया है। लेकिन, एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड यूनिट्स और एक्सपोर्ट से जुड़ी कुछ स्कीमों को इस रोक से छूट दी गई है। सात देशों से सस्पेंशन ग्रेड पीवीसी की डंपिंग के आरोप के बाद सरकार ने यह एक्शन लिया।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा, '0.766 डॉलर प्रति किलो या उससे कम सीआईएफ वैल्यू वाले सस्पेंशन-ग्रेड पीवीसी रेजिन का इंपोर्ट छह महीने की अवधि के लिए 'रिस्ट्रिक्टेड' रहेगा।' हालांकि, यह रोक 100 फीसदी एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड यूनिट्स, सेज में मौजूद यूनिट्स और एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम के तहत होने वाले इंपोर्ट पर लागू नहीं होगी। बशर्ते इंपोर्ट किए गए इनपुट को डोमेस्टिक टैरिफ एरिया में न बेचा जाए। यह नया कदम डायरेक्टोरेट



जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज की ओर से पहले की गई एंटी-डंपिंग जांच के बाद उठाया गया है। यह जांच कुछ घरेलू मैन्युफैक्चरर्स की शिकायत के बाद शुरू की गई थी। इनमें केमप्लास्ट कुड्डालोर प्राइवेट लिमिटेड, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड शामिल थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि सात देशों से सस्पेंशन-ग्रेड पीवीसी रेजिन की डंपिंग की जा रही है।

**कहां होता है इस्तेमाल:** सस्पेंशन-ग्रेड पीवीसी रेजिन अपनी मजबूती, ड्यूरेबिलिटी और प्रोसेसिंग क्षमता के कारण सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक रेजिन है।

इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से कठोर उत्पादों जैसे नल और सिंचाई के पाइप, यूपीवीसी खिड़की-दरवाजों के फ्रेम, बिजली की कंड्यूट पाइप और शीट्स बनाने में किया जाता है।

# किसानों को सीधे रियायती उर्वरक, 20 राज्यों के 40 जिलों में पायलट परियोजना शुरू

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों को रियायती उर्वरक सीधे वितरित करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की है। यह पहल 20 राज्यों के 40 जिलों में चरणबद्ध तरीके से चल रही है। शुक्रवार को संसद को इसकी जानकारी दी गई। रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लिखित उत्तर में यह बताया। उर्वरक विभाग और कृषि और किसान कल्याण विभाग इस प्रायोगिक परियोजना को चला रहे हैं। प्रस्तावित प्रणाली के तहत किसान या उनके अधिकृत प्रतिनिधि मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। वे अपनी भूमि और फसल का विवरण प्रदान कर सकते हैं। साथ ही अपनी उर्वरक आवश्यकताओं को पहले से बुक कर सकते हैं।

**'उर्वरक बिक्री के लिए ढांचा' पहल:** यह प्रायोगिक परियोजना 'उर्वरक बिक्री के लिए ढांचा' नाम से लागू की गई है। इसे अब तक 20 राज्यों के 40 जिलों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया है। चिह्नित 40 जिलों में पात्र किसानों को उर्वरक बेचे जा रहे हैं। यह बिक्री उनकी भूमि जोत और बोई गई फसल के आधार पर की जा रही है।

राज्य के अधिकारी एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) डैशबोर्ड पर खरीद संबंधी रिपोर्ट देख सकते हैं। यह प्रणाली निगरानी के लिए उपलब्ध है।



### डीबीटी प्रणाली से कैसे मिल रहा लाभ

उर्वरक विभाग ने देश भर में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली लागू की है। इसमें तेलंगाना भी शामिल है। इस प्रणाली के तहत रियायती उर्वरक किसानों को सस्ती कीमतों पर बेचे जाते हैं। बिक्री आधार-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से होती है। वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 746.57 लाख मीट्रिक टन रियायती उर्वरक बेचा गया। यह बिक्री करीब 2.87 लाख सक्रिय खुदरा विक्रेताओं के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से हुई। इससे 8.4 करोड़ लाभार्थी किसानों को फायदा मिला। केंद्र सरकार ने इस अवधि में 2.17 लाख करोड़ रुपए की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की। डीबीटी प्रणाली रियायती उर्वरकों की बिक्री के लिए 100 फीसदी आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य करती है।

### उर्वरक वितरण में क्या हैं खरीद सीमाएं?

समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने मासिक खरीद सीमा तय की है। प्रति खरीदार 50 बोरी की मासिक खरीद सीमा निर्धारित की गई है। हालांकि, तेलंगाना में प्रति एकड़ प्रति खरीदार यूरिया की दो बोरियों की अलग सीमा है। जम्मू और कश्मीर में प्रति खरीदार प्रति मौसम 60 बोरियों तक की अनुमति है। ये सीमाएं किसानों तक उर्वरक की पहुंच सुनिश्चित करती हैं।

## 2030 तक निर्यात 115 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच लागू हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय निर्यात के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आया है। उद्योग निकाय एसोचैम ने अपने एक अध्ययन में यह महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इस समझौते के प्रभावी होने से 2030 तक ब्रिटेन को भारत का निर्यात 115 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है।



यह ऐतिहासिक समझौता इसी साल 15 जुलाई को आधिकारिक तौर पर लागू किया गया, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत हुए हैं। एसोचैम की रिपोर्ट बताती है कि कुल व्यापार का मार्ग भी तेजी से बढ़ेगा। यह 2025-26 में अनुमानित 58 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2030 तक 115 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। इस व्यापारिक विस्तार से देश में 7 से 10 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा होने की भी प्रबल संभावना है। यह आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। भारत के लिए इस विशाल क्षमता को पूरी तरह से साकार करना एक महत्वपूर्ण चुनौती होगी। इसके लिए भारतीय व्यवसायों को अपनी निरंतर प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता के उच्च मानकों को हर हाल में पूरा करना होगा। साथ ही, विभिन्न प्रमाणन आवश्यकताओं का भी सख्ती से पालन करना सुनिश्चित करना होगा। मूल नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना भी अनिवार्य होगा, ताकि व्यापार में कोई बाधा न आए। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय स्थिरता मानकों को पूरा करना भी भारतीय उद्योगों के लिए आवश्यक होगा। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने इस दिशा में कुछ प्रमुख कारकों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया कि कारोबार सुगमता में सुधार के लिए किए गए सुधार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे में निरंतर निवेश करना भी आवश्यक होगा।

## ग्रामीण भारत की कमाई थमी: खर्च बढ़ा, नाबार्ड सर्वे ने बढ़ाई चिंता, भविष्य को लेकर भी घटा भरोसा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्रामीण भारत में आमदनी की रफ्तार कमजोर पड़ रही है और इसका असर बचत, रोजगार तथा भविष्य को लेकर परिवारों के भरोसे पर भी दिखाई देने लगा है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के जुलाई 2026 के सर्वे में देशभर के 20,000 ग्रामीण परिवारों से मिली प्रतिक्रियाओं में 52.6 फीसदी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उनकी आय नहीं बढ़ी, जबकि 19.8 फीसदी परिवारों



की आमदनी घट गई। केवल 27.7 फीसदी परिवारों ने आय बढ़ने की बात कही, जो सितंबर 2024 में सर्वे शुरू होने के बाद सबसे कम है। इसके बावजूद घरेलू खर्च बढ़ा है और ग्रामीण परिवारों के उपभोग व्यय में भोजन की हिस्सेदारी सबसे अधिक बनी हुई है। अगले तीन महीनों में रोजगार की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद केवल 39.3 फीसदी परिवारों ने जताई है। इसी अवधि में आय बढ़ने की संभावना देखने वाले परिवारों की हिस्सेदारी 41.2 फीसदी रह गई, जो अब तक के सर्वे में सबसे कम है। आय में कमजोरी के बावजूद ग्रामीण परिवारों के घरेलू खर्च में वृद्धि जारी है। सर्वे में 74.1 फीसदी परिवारों ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उनका उपभोग व्यय बढ़ा है। औसतन ग्रामीण परिवार अपनी मासिक आय का 66.5 फीसदी उपभोग पर खर्च कर रहे हैं।

## लालसागर और होर्मुज संकट, देश में फिर बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम!

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईरान यमन के हूती विद्रोहियों के माध्यम से लाल सागर में बाब अल-मंदेब जलमार्ग बंद करने की तैयारी कर रहा है। यह कदम होर्मुज जलडमरूमध्य के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा व्यवधान पैदा कर सकता है। यदि ऐसा होता है, तो दुनिया के दो सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर एक साथ संकट आ जाएगा। ये मार्ग पश्चिम एशिया के ऊर्जा उत्पादकों को एशिया, यूरोप और अन्य देशों के ग्राहकों से जोड़ते हैं। होर्मुज के आसपास की बिगड़ती परिस्थितियों के बाद खाड़ी के तेल उत्पादक तेजी से लाल सागर की ओर मुड़ गए थे। इससे लाल सागर गलियारे से गुजरने वाले तेल की मात्रा में भारी वृद्धि हुई। केपलर सिग्नल ओशन के आंकड़ों के अनुसार, हाल के हफ्तों में लाल सागर से तेल का प्रेषण औसतन लगभग 40 लाख बैरल प्रति दिन रहा है। जून में बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से गुजरने वाली कुल पेट्रोलियम मात्रा 74 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गई थी। यह मात्रा वैश्विक तेल उत्पादन का सात फीसदी है। भारत का



अधिकांश अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुद्री मार्ग पर निर्भर है। देश का 95 फीसदी व्यापार मात्रा के हिसाब से समुद्र के रास्ते होता है। मूल्य के हिसाब से भी लगभग 70 फीसदी व्यापार समुद्री परिवहन पर निर्भर करता है। भारत का लगभग आधा वस्तु निर्यात लाल सागर गलियारे से होता है। आयात के मोर्चे पर, लगभग 30 फीसदी व्यापार इसी मार्ग पर निर्भर है। यूरोपीय देशों के साथ भारत का 80 फीसदी व्यापार लाल सागर और स्वेज नहर से होता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तनाव बढ़ने के बाद खाड़ी के तेल उत्पादकों ने लाल सागर को प्राथमिकता दी। इससे लाल सागर गलियारे से तेल की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हाल के हफ्तों में लाल सागर से तेल का प्रेषण औसतन 40 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। जून में बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से गुजरने वाली कुल पेट्रोलियम मात्रा 74 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गई।

'मेवाड़ की मिट्टी की बेटी' से टाइप-1 डायबिटीज के खिलाफ मुहिम

## महिलाओं को स्वास्थ्य व आत्मनिर्भरता की धुरी बनाने का प्रयास

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान की महिलाओं को अपने परिवार और समुदाय में स्वास्थ्य परिवर्तन की अगुआ बनाने के उद्देश्य से पूर्व राजपरिवार की सदस्य पद्मजा कुमारी परमार ने जयपुर में 'मेवाड़ की मिट्टी की बेटी' अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के साथ ही जोधपुर में 30 जुलाई से 1 अगस्त तक होने वाले इंटरनेशनल टाइप-1 डायबिटीज समिट 2026 का कर्टेन-रेजर भी आयोजित किया गया। 'मेवाड़ की मिट्टी की बेटी' महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए द फ्रेंड्स ऑफ मेवाड़ की व्यापक सामाजिक पहल है। टाइप 1 डायबिटीज के प्रति जागरूकता और उससे प्रभावित बच्चों एवं परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना इसी सोच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अभियान और सम्मेलन को एक साथ शुरू करने के पीछे यह विचार है कि एक स्वस्थ और जागरूक महिला न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाती है, बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य की मजबूत आधारशिला भी बनती है। बच्चों में टाइप 1 डायबिटीज के लक्षणों की समय रहते पहचान, नियमित उपचार और भावनात्मक सहयोग में महिलाओं और माताओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है।




### पद्मजा और राजस्थान की हर महिला की साझा पहचान

अभियान की अवधारणा बताते हुए पद्मजा कुमारी परमार ने कहा कि मेवाड़ की मिट्टी की बेटी एक ऐसी पहचान है, जिसे मैं राजस्थान की प्रत्येक महिला के साथ साझा करती हूं। यह अपनी जड़ों, अपने संस्कारों और उस मिट्टी से हमारे जुड़ाव का प्रतीक है, जिसने हमें आकार दिया है। यह अभियान राजस्थान की महिलाओं की शक्ति और संघर्षशीलता का सम्मान करता है तथा उन्हें अधिक स्वस्थ, आत्मविश्वासी, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में सहयोग देने का प्रयास है। यह अभियान पद्मजा के व्यक्तिगत जीवन और सामाजिक उद्देश्य को भी एक सूत्र में जोड़ता है। पांच वर्ष की आयु से टाइप 1 डायबिटीज के साथ जीवन जी रहीं पद्मजा ने चार दशक से अधिक के अपने अनुभव को स्वास्थ्य जागरूकता और रोगियों के सशक्तीकरण की मुहिम में बदला है।

## आरबीआई और सरकार के उपायों से होगा भारत का भुगतान संतुलन सरप्लस

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सरकार द्वारा जून में घोषित कई महत्वपूर्ण उपायों से भारत का भुगतान संतुलन (बीओपी) लगातार तीसरे वार्षिक घाटे के बजाय छोटे अधिशेष में बदल सकता है। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की जुलाई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इन नीतिगत कदमों से देश में पूंजी प्रवाह में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे भारत की बाहरी स्थिति मजबूत होगी और रुपए पर पड़ रहा दबाव भी कम होगा। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट बताती है कि आरबीआई और सरकार के जून के उपाय भुगतान संतुलन के लगातार तीसरे वर्ष के घाटे को छोटे अधिशेष में बदलने की क्षमता रखते हैं। यह बदलाव रुपये के लिए राहत लेकर आएगा। आरबीआई के एक निर्णय के तहत, तीन से पांच साल के नए एफसीएनआर (बी) जमा पर 30 सितंबर, 2026 तक पूरी हेजिंग लागत वहन की जाएगी। इस कदम से 40 से 60 अरब डॉलर का संभावित पूंजी प्रवाह आकर्षित होने का अनुमान है। 17 जुलाई 2026 तक इस माध्यम से लगभग 17 अरब डॉलर का निवेश पहले ही जुटाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बाहरी वाणिज्यिक उधारों के लिए एक रियायती विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा भी शुरू की गई है।

यह सुविधा 15 से 25 अरब डॉलर का अतिरिक्त पूंजी प्रवाह आकर्षित कर सकती है, साथ ही हेजिंग लागत को भी कम करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई का एफसीएनआर(बी) जमा पर पूरी हेजिंग लागत वहन करने का निर्णय पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है।

'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026' ने अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ पर जारी की ताजा रैंकिंग

# घटती वैश्विक शांति के बीच दुनियाभर में बढ़ी पासपोर्ट की ताकत

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**हैदराबाद।** वैश्विक कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय यात्रा सुगमता को दर्शाने वाली प्रतिष्ठित 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026' की ताजा रैंकिंग जारी कर दी गई है।

अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ पर जारी इस विशेष रिपोर्ट में भारतीय पासपोर्ट को एक बड़ा झटका लगा है। इस साल जुलाई की छमाही रैंकिंग में भारत अपने पिछले पायदानों से नीचे खिसक गया है। दूसरी ओर, एशियाई देशों ने वैश्विक मंच पर अपना दबदबा कायम रखा है, जहां सिंगापुर दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के रूप में शीर्ष स्थान पर काबिज है।

**भारतीय पासपोर्ट को झटका 81वें स्थान पर फिसला भारत:** ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट वैश्विक सूची में छह पायदान फिसलकर 81वें स्थान पर आ गया है। इससे पहले फरवरी 2026 की शुरुआत में भारत 75वें स्थान पर था। इस नई रैंकिंग के तहत, अब भारतीय पासपोर्ट धारक दुनिया के केवल 55 देशों में बिना वीजा या आगमन पर वीजा की सुविधा के साथ यात्रा कर सकते हैं। किसी भी देश के पासपोर्ट की रैंकिंग इस बात से तय होती है कि उसके नागरिकों को बिना किसी पूर्व वीजा के कितने देशों में प्रवेश मिलता है। इस मोर्चे पर भारत की वैश्विक गतिशीलता और पहुंच में कमी दर्ज की गई है।



**सिंगापुर नंबर वन, कूटनीति के दम पर यूएई की ऐतिहासिक छलांग :** इस साल की रिपोर्ट में भी एशियाई महाद्वीप के देशों का दबदबा साफ दिखाई दे रहा है। सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बना हुआ है। सिंगापुर के नागरिक बिना किसी पूर्व वीजा के दुनिया के 192 देशों की सीधी यात्रा कर सकते हैं।

इस रिपोर्ट की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक सफलता संयुक्त अरब अमीरातके नाम रही है। यूएई ने पिछले 20 सालों में अपनी रणनीतिक और बेहतरीन विदेश नीति के दम पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

साल 2006 में यूएई इस सूची में 62वें स्थान पर था। लेकिन अन्य देशों के साथ मजबूत द्विपक्षीय समझौतों के कारण यूएई ने 60 पायदानों की लंबी छलांग लगाई है और अब यह दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यूएई के नागरिक अब 188 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं। इस दूसरे स्थान पर यूएई के साथ जापान और दक्षिण कोरिया भी संयुक्त रूप से मौजूद हैं।

### सुस्त पड़े अमेरिका और ब्रिटेन

एक समय था जब संयुक्त राज्य अमेरिका (एसए) और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पासपोर्ट पूरी दुनिया में सबसे शक्तिशाली माने जाते थे, लेकिन अब पश्चिमी देशों की यह रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ती दिख रही है। ब्रिटेन इस साल चीन और मलावी जैसे देशों से वीजा छूट मिलने के बाद छठे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि कनाडा सातवें स्थान पर है। वहीं, अमेरिका जो कभी शीर्ष पर राज करता था, इस साल 10वें स्थान पर बना हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका द्वारा अन्य देशों के नागरिकों को अपने यहां वीजा-मुक्त प्रवेश देने में बरती जा रही सुस्ती के जवाब में अन्य देश भी अमेरिकी नागरिकों को आसानी से यह छूट नहीं दे रहे हैं।

### घटती वैश्विक शांति और बढ़ती यात्रा स्वतंत्रता का विरोधाभास

आमतौर पर यह माना जाता है कि जो देश आर्थिक रूप से समृद्ध और पूरी तरह शांत होता है, उसका पासपोर्ट उतना ही मजबूत होता है। हालांकि, 2026 की यह रिपोर्ट इस धारणा के विपरीत कुछ चौंकाने वाले तथ्य पेश करती है। ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 के अनुसार, साल 2008 के बाद से दुनिया के 163 देशों में से 119 देशों में शांति का स्तर काफी गिरा है। पिछले पांच सालों में लगभग 103 देश किसी न किसी बाहरी या आंतरिक संघर्ष का हिस्सा रहे हैं। इसके बावजूद, वैश्विक स्तर पर यात्रा करने की आजादी बढ़ी है। इजरायल वर्तमान में भारी संघर्षों के कारण वैश्विक शांति सूचकांक में 159वें स्थान पर है (यानी बेहद अशांत देश), लेकिन पासपोर्ट के मामले में वह दुनिया में 18वें स्थान पर मजबूती से खड़ा है। यही स्थिति अमेरिका और यूक्रेन की भी है, जिनकी पासपोर्ट शक्ति उनकी शांति रैंकिंग से कहीं बेहतर है।

## सीएम ने जयपुर में हरी झंडी दिखाकर भारत टैक्सी का विधिवत किया शुभारंभ

# सारथी बनेंगे मालिक, मेहनत का मिलेगा पूरा लाभ : भजनलाल

### सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव ने किए आरसीडीएफ, नगर निगम, जयपुर मेट्रो एवं आरएसआरटीसी के साथ एमओयू

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत टैक्सी नागरिकों को रोजगार देने के साथ ही स्वामित्व और सम्मान प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। व्यक्ति में स्वामित्व की भावना विकसित होने से उसकी कार्यक्षमता, आत्मविश्वास और समर्पण भी कई गुना बढ़ जाता है और यही भावना भविष्य में छोटे उद्यमियों को बड़े उद्योगपति बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी सहकारिता आधारित स्वामित्व मॉडल है, जिसके माध्यम से सारथी अब मालिक भी बन रहे है।

मुख्यमंत्री शनिवार को एसएमएस रीपा में भारत टैक्सी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच से देश में 'सहकार से समृद्धि' का संकल्प नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी में वाहन चालक सारथी के रूप में स्वयं भागीदार और सहस्वामी हैं। इससे उनकी आय पर किसी प्रकार के अतिरिक्त कमीशन या अन्य कटौती नहीं होगी और उन्हें अपनी मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। इस व्यवस्था में पांच लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे उनके अधिकारों की रक्षा और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### सहकारिता बन रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला : मोहोल

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र देश के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता अब केवल ऋण और साख समितियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि कृषि, डेयरी, मत्स्य, बीमा, निर्यात और परिवहन सहित अनेक क्षेत्रों में आमजन के सशक्तीकरण का आधार बन रही है। सहकारिता आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी सहकारिता मंत्रालय की एक अभिनव पहल है, जिसमें 'सारथी ही मालिक' की अवधारणा को साकार किया गया है।

### सहकारिता के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्य : दक

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6 जुलाई को नई दिल्ली में भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस समारोह में राजस्थान को सहकार सदस्यता अभियान, अन्न भंडारण योजना, ई-पैक्स गठन, पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन सहित अनेक नवाचारों में देश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एकमात्र राज्य के रूप में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### छह सर्वश्रेष्ठ सारथियों को शेयर प्रमाण पत्र वितरित

कार्यक्रम में सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव द्वारा आरसीडीएफ, नगर निगम, जयपुर मेट्रो एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरान 6 सर्वश्रेष्ठ सारथियों को शेयर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने भारत टैक्सी के 100 से अधिक कैब, बाइक और ऑटो के समूह को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सचिव सहकारिता मंत्रालय डॉ. आशीष कुमार भूटानी, अध्यक्ष सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव लि. जयेन मेहता सहित सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में भारत टैक्सी के सारथी उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार ने राजस्थान की शिक्षा को दी नई रफ्तार

# प्रदेश को तीन साल में मिली 12 नए केंद्रीय विद्यालयों की सौगात : राठौड़

### राज्यसभा में शिक्षा मंत्रालय का खुलासा, राजस्थान में 85 केंद्रीय और 36 नवोदय विद्यालय संचालित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तेजी से काम कर रही है। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने



बताया कि पिछले तीन वर्षों में राजस्थान को 12 नए केंद्रीय विद्यालयों की सौगात मिली है। वर्तमान में प्रदेश में 85 केंद्रीय विद्यालय और 36 जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। यह जानकारी शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राज्यसभा में राठौड़ के सवाल के लिखित जवाब में दी। राठौड़ ने बताया कि दिसंबर 2024 और अक्टूबर 2025 में स्वीकृत केंद्रीय विद्यालयों में राजस्थान को 11 नए विद्यालय मिले, जिनमें से 8 शुरू हो चुके हैं। वहीं जून 2026 में स्वीकृत पांच नए नवोदय विद्यालयों में से एक राजस्थान को मिला है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 में केंद्रीय विद्यालयों के लिए 10,129 करोड़ और नवोदय विद्यालयों के लिए 6,025 करोड़ का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान और पीएम उषा योजना के तहत राजस्थान को 950.41 करोड़ रुपए का केंद्रीय अंश मिला है। इससे स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विकास होगा। राठौड़ ने कहा कि ये कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को गति देने के साथ प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

## सिविल राइट्स सोसाइटी के कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक रहे मुख्य अतिथि

# विधायक गोपाल शर्मा ने वितरित किए स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल राइट्स सोसाइटी, राजस्थान के सौजन्य से शनिवार को सोडाला स्थित शहीद मेजर संकल्प यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सेवा कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शहीद मेजर संकल्प यादव के पिता सुरेंद्र यादव, सिविल राइट्स सोसाइटी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मनफूल सिंह सैनी, सचिव दिनेश चौधरी के साथ वंचित एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री वितरित की।



इस अवसर पर गोपाल शर्मा ने कहा कि हर बच्चे को बेहतर शिक्षा के अवसर और हर चेहरे पर मुस्कान ही ऐसे सेवा अभियानों का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान और उनके सपनों को नई उड़ान देने का संकल्प ही समाजसेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। ऐसे प्रयास समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने के साथ सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं। विधायक शर्मा ने इस पहल के लिए सिविल राइट्स सोसाइटी राजस्थान के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार जताते हुए उनके सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज अग्निहोत्री, शिक्षक-शिक्षिकाएं, संस्था के सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# तत्कालेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति की कार्यकारिणी ने ली शपथ

### विधायक गोपाल शर्मा रहे मुख्य अतिथि, अवधेशदास महाराज का मिला सान्निध्य

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** तत्कालेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति, लक्ष्मण पथ, विवेक विहार की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संत अवधेश दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ। समारोह में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संस्कार और सेवा के भी प्रेरणा स्थल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवगठित समिति मंदिर परिसर के विकास के साथ-साथ क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सेवा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ दायित्व निभाने का आह्वान किया। वहीं अवधेश दास महाराज ने अपने कहा कि मंदिर समितियों का दायित्व केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सद्भाव, संस्कार और सेवा की भावना को सुदृढ़ करना भी है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निष्काम भाव से समाज एवं धर्म की सेवा करने का संदेश देते हुए शुभाशीष प्रदान किया। समारोह के प्रारंभ में पार्षद चेयरमैन पवन शर्मा नटराज ने अतिथियों का स्वागत किया तथा समिति एवं कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने संतों, अतिथियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार जताया। इस अवसर पर संरक्षक गोपाल भूतड़ा, महामंत्री सुभाष शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष सोनी सहित समिति के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक गोपाल शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।


**खोया-पाया**

मेरे प्लॉट नं. E-157, गोविन्दपुरा करधनी स्कीम, कालवाड़ रोड, जयपुर के मूल दस्तावेज जेडीए पट्टा करधनी में गुम गये हैं। मिलने पर सूचित करें।
आशीष शर्मा 9828060342

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
**व्यवहार मिश्रित ( मुत्तफरिक ) वाद सं. 23/2026**

विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम दिनेश कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री मदन गोपाल अग्रवाल उम्र-60, निवासी 92/233, रहिम मार्ग, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
हाल निवास- 92/233, रहिम मार्ग, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
मृतक श्री मदन गोपाल अग्रवाल की सम्पत्ति ( शेयर ) के विषय में।
पेशी दिनांक 11.08.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्री मदन गोपाल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राधेश्याम अग्रवाल जाति वैश्य निवासी 92/233, रहिम मार्ग, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 11 माह 08 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 30 माह 05 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया। प्रार्थी ने मृतक श्री मदन गोपाल अग्रवाल के नाम प्रा. पत्र में वर्णित शेयर के बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
2784/29.06.26 मुहर
आज्ञा न्यायालय से
अपर सैशन न्यायाधिश सं. 10
जयपुर महानगर प्रथम
मुख्यालय, सांगानेर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास , जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 2007 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 30.06.2026

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 3004 दिनांक 31/08/2016 जारी कर फ्लैट संख्या-15/230 (द्वितीय तल) मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 36.025 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्रीमती रतन देवी माथुर पत्नी स्व.श्री गोपाल लाल माथुर के पक्ष में किया गया था। तत्पश्चात श्रीमती रतन देवी माथुर पत्नी स्व.श्री गोपाल लाल माथुर के द्वारा उक्त फ्लैट का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री रमेश कुमार जांगिड़ पुत्र हनुमान प्रसाद जांगिड़ को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर-द्वितीय में दिनांक 15/09/2016 को करवाया गया। क्रेता श्री रमेश कुमार जांगिड़ की मृत्यु दिनांक 14/04/2024 को हो जाने के कारण श्रीमती बीना जांगिड़ पत्नी स्व.श्री रमेश कुमार जांगिड़ के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति, विक्रय पत्र की छाया प्रति एवं रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्रीमती बीना जांगिड़ पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार जांगिड** के पक्ष में फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेंगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 2031 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 25.07.2026

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 2/च/01 जवाहर नगर जयपुर, क्षेत्रफल 222.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री राजेश कुमार गुलाटी पुत्र श्री जगदीश राय गुलाटी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 671 दिनांक 14/07/1983 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1262 दिनांक 16/08/1983 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 2699 दिनांक 01/02/1994 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर नगर में दिनांक 10/03/1989 को करवाया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा जारी शुद्धि पत्र को कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक दिनांक 16/03/2005 को निष्पादित करवाया गया। तत्पश्चात श्री राजेश कुमार गुलाटी पुत्र श्री जगदीश राय गुलाटी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री भूषण लाल भाटिया पुत्र स्व. श्री अमीर चन्द भाटिया को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर चतुर्थ में दिनांक 06/10/2017 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री भूषण लाल भाटिया पुत्र स्व. श्री अमीर चन्द भाटिया के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री तुलसीदास तिलोकानी पुत्र श्री हरचन्दराय तिलोकानी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर षष्ठम में दिनांक 28/01/2019 को करवाया गया। श्री तुलसीदास तिलोकानी पुत्र श्री हरचन्दराय तिलोकानी के द्वारा उक्त आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया हैं। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री तुलसीदास तिलोकानी पुत्र श्री हरचन्दराय तिलोकाली का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त तृतीय, जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत घनावड (पं.स. बांदीकुई) दौसा**
क्रमांक :- ग्रा.प./निविदा/2026-27/35-40 दिनांक : 24.07.2026
UBN NO: PDT2627GLRC00061
NIB NO. PDT2627A0045
**दर संविदा हेतु ई-निविदा सूचना 03/2026-27**

ग्राम पंचायत घनावड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा-पंचायती राज योजनान्तर्गत कार्यों के निर्माण सामग्री (शिड्यूल के अनुसार) की आवश्यकता संभावित है जिसकी अनुमानित लागत 50.00 लाख रु. है। कार्यों के लिए उक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में जी.एस.टी पंजीकृत होना आवश्यक है। इच्छुक पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से दिनांक 31.03.2027 तक के लिए दर अनुबंध हेतु नियमानुसार वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 03.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
प्रशासक, ग्राम पंचायत घनावड, पं.स. बांदीकुई (दौसा) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत घनावड, पं.स. बांदीकुई (दौसा)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोलाडा, पंचायत समिति बौंली, जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक : 28 दिनांक : 24.07.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2026-27**
NIB code PIJ2627A0039 and UBN is: PIJ2627GLOB00040

वर्ष 2026-27 हेतु विकसित भारत जी.राम.जी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न एवं योजनाओं में कार्यों के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2013 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं/ निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.3.2027 तक के लिये निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्यूरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग-अलग) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्तें एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लाखनपुर — प्रशासक, ग्राम पंचायत लाखनपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीथावास, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर**
क्रमांक/ग्रा.पं.पीथावास/निर्माण/निविदा/2025-26/18 दिनांक :- 25.07.2026
**ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 16-17 दिनांक 24.07.2026 द्वारा ग्राम पंचायत पीथावास में निर्माण कार्यों हेतु नियम 181 के तहत E-Procurement पद्धति से ऑनलाईन राजस्थान सरकार के निर्माण विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिनके NIB Code PFG2627A0030 and UBN is: PFG2627WSRC00040, PFG2627WSRC00041 है। निविदा सूचना की शर्तें वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड/अपलोड की जानी है।
प्रशासक, ग्राम पंचायत पीथावास, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पीथावास पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर

**उत्तर मध्य रेलवे**
निविदा सूचना संख्याः ई.एल.जी.- ELG-10-J07-2026-27 दिनांकः 23.07.2026
**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य),आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

**टेन्डर संख्याः** ELG-10-J07-2026-27, **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** MTJ-AWR सेक्शन के JREA स्टेशन पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं (MEA) की कमी को पूरा करने के लिए 02 प्लेटफॉर्म को ऊंचे स्तर तक उठाने के काम के सिलसिले में विद्युतीकरण का कार्य।

| | |
|---|---|
| **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** ₹ 42,82,079.45 | **कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह |

(1) पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। (2) टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways Website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 17-08-2026 तक टेन्डर डाल सकते है। 1698/26 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना संख्याः 2026-जुलाई-06 दिनांकः 23.07.2026
**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से नीचे दिये गये कार्यों के /इंजीनियरिंग/ लिये ''खुली निविदा'' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2026-जुलाई-06-01 | ₹ 12150182.80 | सहायक मण्डल इंजीनियर, प्रथम, मथुरा एवं सहायक मण्डल इंजीनियर, द्वितीय, मथुरा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न स्टेशनों पर वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण का कार्य। |
| 2 | 2026-जुलाई-06-02 | ₹ 8731891.82 | सहायक मण्डल इंजीनियर, द्वितीय, मथुरा के अंतर्गत वरि. खण्ड इंजीनियर, रेलपथ, दक्षिण, मथुरा के अधिकार क्षेत्र में अप, डाउन एवं तीसरी लाइन के लिए विविध रेलपथ कार्य। |
| 3 | 2026-जुलाई-06-03 | ₹ 29338921.92 | आगरा डिवीज़न में फ़्लैश बट वेल्डेड जोड़ों की फेज़्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (पाउट) द्वारा अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग का कार्य। |
| 4 | 2026-जुलाई-06-04 | ₹ 12625772.12 | सहायक मण्डल इंजीनियर, मुख्यालय, आगरा एवं सहायक मण्डल इंजीनियर, लाइन, ईदगाह के अधिकार क्षेत्र में आने वाली विभिन्न जगहों पर वर्षा जल संचयन / सोक पिट्स एवं वृक्षारोपण का कार्य। |
| 5 | 2026-जुलाई-06-05 | ₹ 12150182.80 | सहायक मण्डल इंजीनियर, लाइन, आगरा एवं सहायक मण्डल इंजीनियर, धौलपुर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न स्टेशनों पर वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण का कार्य। |
| 6 | 2026-जुलाई-06-06 | ₹ 1343764.16 | छलेसर, कुबेरपुर, एत्मादपुर, आगरा सिटी स्टेशनों, समपार फाटक संख्या 3 ऐ.बी., 4 ऐ.बी., 498, 499 और 501 तथा कॉलोनियों में 24 महीनों के लिए पीने के पानी की आपूर्ति का कार्य। |
| 7 | 2026-जुलाई-06-07 | ₹ 2845964.87 | आगरा कैंट - ईदगाह - सहायक मंडल इंजीनियर, मुख्यालय आगरा उप - मंडल के अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों के पंप हाउसों (14 नग) में 24 महीनों के लिए पंप वाल्वों का संचालन और रखरखाव। |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेवपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 14.08.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 1707/26(AK)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला-जयपुर (राज.)**
क्रमांक/न.पा.चा./2026/2744 दिनांक : 21/07/2026
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस नगर पालिका क्षेत्र में स्थित विभिन्न भूखण्डों की निम्नानुसार पत्रावली/प्रार्थना पत्र मय साईट प्लान राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि के अकृषि उपयोग के अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत् निस्तारण हेतु विचाराधीन है :-

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | पता | एरिया | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रेम देवी | किशन लाल बरवा | भू.सं. J-29,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 199.74 वर्गमीटर | नियमन |
| 2. | हर्षित कुमार शर्मा | जितेन्द्र कुमार शर्मा | भू.सं. G-29,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 3. | कमलेश कुमार मीना | भरत लाल मीना | भू.सं. S-16,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 4. | रितु | ऋषिकेश शर्मा | भू.सं. Q-15,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 5. | निर्मला बैरवा | प्रदीप कुमार बैरवा | भू.सं. R-7,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 6. | रुचि अग्रवाल | अभिनव अग्रवाल | भू.सं. N-33,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 7. | अंकुर सैनी | सुरेश सिंह | भू.सं. Q-12,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 8. | मंजू जांगिड | यदु नंदन जांगिड | भू.सं. I-27,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 9. | मारकुस बरला | लडे बरला | भू.सं. I-35,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 10. | जसकौर मीणा | मुकेश मीना | भू.सं. S-3,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 11. | 1. गितांजली शर्मा 2. मधु त्रिपाठी | 1. कार्तिक त्रिपाठी 2. ओम प्रकाश | भू.सं. F-29,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 12. | सचिन ज्ञानोबा सोनसेठ | ज्ञानोबा सोनसेठ | भू.सं. R-13,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 13. | सुमन कुण्डरवाल | सुरेश कुमार चौधरी | भू.सं. M-24,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 14. | राधा किशन मीना | राम सिंह मीना | भू.सं. J-39,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 15. | सोमेन्द्र सिंह | राजवीर सिंह | भू.सं. U-8,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 16. | सत्यदेव प्रजापति | विश्राम लाल प्रजापति | भू.सं. S-2,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 17. | राजेश कुमार सिंह | लखमी चंद | भू.सं. S-13,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 18. | प्रकाश चंद तिवारी | शिव लहरी तिवारी | भू.सं. H-36,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 19. | सुनील कुमार यादव | कृत्यानंद यादव | भू.सं. R-12,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 20. | पंकज शर्मा | हरी बल्लभ शर्मा | भू.सं. I-33,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 21. | त्रिविज इण्डिया टेक्नोलॉजी प्राईवे लिमिटेड | जरिए ऑथराईज्ड सिग्नेटरी सचिन कुमार किशनलाल जोशी | भू.सं. N-23,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 22. | विक्रम बसेटिया | लक्ष्मी नारायण | भू.सं. K-36,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 23. | एम एल महावर | पूरणमल महावर | भू.सं. L-42,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 24. | अनुज माहेश्वरी | कैलाश चंद माहेश्वरी | भू.सं. G-35,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 25. | सर्वेश कुमार माहेश्वरी | कैलाश चंद माहेश्वरी | भू.सं. G-34,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 26. | चंद्र प्रकाश नागर | गोविंद राम नागर | भू.सं. Q-18,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 134.98 वर्गमीटर | नियमन |
| 27. | गायत्री शर्मा | शिवकुमार शर्मा | भू.सं. L- 41,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 28. | सरिता कुमारी सिन्हा | मृत्युंजय प्रसाद | भू.सं. R-2,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 29. | ललित किशोर विजय | भवानी शंकर विजय | भू.सं. J-35,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 30. | आशा नरूका | राहुल राजपूत | भू.सं. R-6,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 31. | शीलू कानवा | योगेश कानवा | भू.सं. Q-17,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 32. | गुलाब यादव | लल्लूराम यादव | भू.सं. F-34,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 127.71 वर्गमीटर | नियमन |
| 33. | नमता | धर्मवीर | भू.सं. Q-16,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 34. | दीक्षा यादव | लल्लूराम यादव | भू.सं. J-30,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 35. | लवकुश कुमार | पूरन चंद | भू.सं. L-31,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |
| 36. | अराधना शर्मा | अजय कुमार शर्मा | भू.सं. T-9,जनकपुरी, राजस्व ग्राम जयसिंपुरा एवं स्वामी का बास, चाकसू | 92.96 वर्गमीटर | नियमन |

उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर-2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। उक्त सूचना आज दिनांक 21.07.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका चाकसू

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ललित कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री लाडू लाल ने प्लाट नम्बर 174-ए, योजना श्यामपुरी हरिजन बस्ती, सीकर रोड, जयपुर क्षेत्रफल 66.88 ... Shubham Housing Development Finance Company Limited के पास ... [illegible]
सुशील जैन एडवोकेट मो. नम्बर: 98280-25372

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नंबर 704/2026**
चूंकि **श्री सुरेन्द्र कौशिक**, निवासी बी-29 गणेश बस्ती, विद्या विहार, पिलानी, तहसील पिलानी, जिला झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास **असिल नवसर्जन रूरल डेवलपमेंट फाउण्डेशन**, प्लॉट नम्बर 15 श्री हनुमान वाटिका, उत्तरी विहार के पास, न्यू लोहा मंडी रोड, रोड नम्बर 14, जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.7.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-28.09.26
4778/23.07.26
**मुहर**
**सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
मुकदमा नंबर 63/2026
चूंकि प्रार्थी **स्नेहलता** ने पंजीकृत प्रन्यास के बी एस एजूकेशन ट्रस्ट, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 39/जयपुर/2026 दिनांक 17.10.2026 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र 8 प्रस्तुत किया। प्रन्यास की मीटिंग दिनांक 10.06.2026 में लिये गये निर्णय के अनुसार विधान में कई बिन्दू पूर्व विधान में समहित होने रह जाने के कारण पूरक विधान तैयार किया गया व प्रन्यास में पूर्व प्रन्यासियों के अतिरिक्त श्रीमती काजल सिंह व श्रीमती श्रेया सिंह का नाम व पूर्व विधान को दर्ज अभिलेख में दर्ज करने हेतु प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.07.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-27.08.26
4772/23.07.26
मुहर
**सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नंबर 703/2026**
चूंकि **श्री अभिमन्यु सिंह**, निवासी हाउस नम्बर 48, सरिता विहार, दक्षिण दिल्ली ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास **फाउण्डेशन फॉर एजूकेशन एण्ड डवलपमेन्ट,** सी 113 शिवाजी मार्ग, विजय पथ तिलक नगर, जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.7.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-28.09.26
4775/23.07.26
**मुहर**
**सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
मुकदमा नंबर 62/2026
चूंकि प्रार्थी **श्री दौलतराम स्वामी** ने पंजीकृत प्रन्यास स्वामी रामप्रकाश ट्रस्ट, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 18/03 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र-8 प्रस्तुत किया। प्रन्यास की मीटिंग दिनांक 15.05.2026 में लिये गये निर्णय के अनुसार श्री भजनदास, श्री फूलचन्द शर्मा, श्री जनकराज की मृत्यु हो जाने व श्री शीतलदास, श्री भगवान सहाय त्रिवेदी श्री राजेन्द्रपाल सिंह का त्याग पत्र दिये जाने से अभिलेख से नाम हटाने तथा नवीन प्रन्यासी श्री दौलतराम स्वामी श्री राजेन्द्र सिंह, डॉ. शीशराम ओला, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, श्री सुभाषचन्द्र भास्कर, श्री रामप्रकाश स्वामी, श्री मोहनदास स्वामी का नाम अभिलेख में दर्ज करने हेतु प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.07.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-27.08.26
4768/23.07.26
मुहर
**सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 2030 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 25.07.2026

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 4/89-D मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 145.57 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र कमांक 1388 दिनांक 05/11/1997 श्री राजेन्द्र नाथ सरना पुत्र स्व. श्री ठाकुर दास सरना के पक्ष में जारी किया गया। उनके द्वारा आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों (परप्युचल लीज) का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-प्रथम में दिनांक 22/01/1998 को करवाया गया है। तत्पश्चात श्री राजेन्द्र नाथ सरना पुत्र स्व.श्री ठाकूर दास सरना के द्वारा उक्त आवासीय मूखण्ड का मुख्त्यारनामाआम श्रीमती निर्मला बठेजा पत्नी श्री चेतन प्रकाश बठेजा को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्त्यारनामाआम कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, प्रथम में दिनांक 08/02/2005 को निष्पादित है। तत्पश्चात मुख्यारनामाआम धारिका श्रीमती निर्मला बठेजा पत्नी श्री चेतन प्रकाश बठेजा के द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री चेतन प्रकाश बठेजा पुत्र श्री सोहन लाल बठेजा को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर-चतुर्थ में दिनांक 19/01/2007 को करवाया गया। श्री चेतन प्रकाश बठेजा पुत्र श्री सोहन लाल बठेजा के द्वारा उक्त आवासीय भूखण्ड का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम केता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति्त/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री चेतन प्रकाश बठेजा पुत्र श्री सोहन लाल बठेजा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त तृतीय, जयपुर

## होटल की खिड़की से पिछोला झील में गिरी 2 साल की मासूम, डूबने से मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर में घूमने आए एक परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब उनकी दो वर्षीय बेटी होटल की खिड़की से फिसलकर सीधे पिछोला झील में जा गिरी। हादसा इतना अचानक हुआ कि परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले मासूम पानी में डूब गई काफी मशक्कत के बाद बच्ची को झील से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घंटाघर पुलिस थाने के एएसआई इशाक मोहम्मद के अनुसार नई दिल्ली के फतेहपुर बेरी, असोला निवासी सोनू सिंह तंवर अपनी पत्नी डॉ. मोनिका और दो वर्षीय बेटी धीमही के साथ उदयपुर घूमने आए थे। परिवार शहर के एक होटल में ठहरा हुआ था। शनिवार सुबह परिवार होटल की दूसरी मंजिल स्थित रेस्टोरेंट में नाश्ता करने पहुंचा। इसी दौरान हादसा घटित हुआ। संतुलन बिगड़ने से वह सीधे नीचे पिछोला झील में गिर गई। घटना के बाद होटल में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और होटल स्टाफ ने तत्काल रेस्क्यू शुरू किया और बच्ची को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। यह हादसा पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। खासकर झील किनारे बने होटल, व्यू प्वाइंट और ऊंचाई वाले स्थानों पर बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत रेलिंग, सुरक्षा जाल और अतिरिष्ठह सतर्कता की जरूरत महसूस की जा रही है।

## किडनैप कर 2 लाख की मांगी फिरौती, दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में दुकानदार को किडनैप कर 2 लाख की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को शनिवार दोपहर गिरफ्तार किया है। दुकानदार को बदमाश जबरन कार में डालकर किडनैप कर ले गए थे। परिजनों को कॉल कर 2 घंटे में फिरौती की रकम नहीं पहुंचाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। प्रताप नगर थाना पुलिस ने किडनैप



शॉपकीपर को सुरक्षित छुड़वाकर पीछा कर दो बदमाशों को धर-दबोचा। डीसीपी (ईस्ट) रंजीता शर्मा ने बताया कि मामले में बदमाश मनीष सैनी पुत्र छीतरमल सैनी निवासी नरसी विहार कॉलोनी प्रताप नगर और अविनाश राव उर्फ बॉबी पुत्र राजेश राणा निवासी बोली सवाईमाधोपुर हाल प्रताप नगर को गिरफ्तार किया है।

सांगानेर की रहने वाली विनोदी देवी ने शुक्रवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत में बताया कि उनकी श्योपुर रोड पर स्थित दुकान पर से रामदयाल को आरोपी मनीष सैनी, बॉबी राणा और किशन राजपूत जबरन गाड़ी में बैठाकर किडनैप कर ले गए। उसके साथ मारपीट करने के साथ आरोपी मनीष सैनी ने घरवालों को कॉल कर 2 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। पुलिस ने किडनैपर्स के चुंगल से सुरक्षित रामदयाल को छुड़वा लिया। पुलिस टीम ने पीछा कर दो बदमाश मनीष सैनी और अविनाश राव उर्फ बॉबी को धर-दबोचा। उनका तीसरा साथी किशन राजपूत भागने में कामयाब हो गया। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में दबिश दे रही है।

### रुपए नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

**दो घंटे** में रुपए नहीं देने पर धमकी दे रहा है कि जान से मार दूंगा। बदमाशों ने किडनैप कर फिरौती के लिए रामदयाल का अनजान जगह पर बंधक बनाकर रखा है। प्रताप नगर थाना पुलिस ने तुरंत शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। वारदातस्थल के साथ करीब 15 किमी. दूरी तक सरीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों का पीछा किया। किडनैपर्स के पीछे पुलिस पड़े होने का पता चलने पर वह रामदयाल को बीच रास्ते पटक कर फरार हो गए।

## हाई टेंशन तार चुराने आए दो युवकों की करंट लगने से मौत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** जिले के धोरीमन्ना थाना क्षेत्र के कोठाला गांव में हाईटेंशन बिजली लाइन से तार चुराने आए 2 चोर करंट की चपेट में आ गए। चोरों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के शरीर और हाथ बुरी तरह जल गए थे। एक का हाथ इतना ज्यादा जल चुका था कि वह लगभग अलग हो गया था। उसकी उंगलियां और अंगूठा भी पूरी तरह जलकर गायब हो चुके थे। थानाधिकारी दलपत सिंह के अनुसार धोरीमन्ना उपखंड के कोठाला गांव में नई बिजली लाइन बिछाने का काम चल रहा था। शुक्रवार रात करीब 12 बजे दो युवक बिजली के तार चोरी करने पहुंचे। दोनों चोरी किए गए तारों को इकट्ठा कर रहे थे।

इसी दौरान चोरी किया गया तार करंट प्रवाहित हो रही बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। करंट दौड़ने से दोनों उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दोनों के शरीर और हाथ बुरी तरह जल गए थे। शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे आसपास के लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो उन्होंने दोनों को देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं, बिजली से जुड़े पहलुओं की जांच के लिए डिस्कॉम की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतकों की पहचान खेताराम पुत्र चेनाराम और गिरधारीराम पुत्र सोनाराम, दोनों निवासी कोठाला के रूप में हुई है। थानाधिकारी दलपत सिंह ने बताया कि डिस्कॉम टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## टायर फटने से बेकाबू मैक्स पलटी, एक की मौत, बच्चों समेत 20 लोग घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी (धौलपुर)।** श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा एक मैक्स टेंपो टायर फटने की वजह से बेकाबू होकर पलट गया। घटना धौलपुर जिले के बाड़ी के सदर थाना क्षेत्र में बिजौली और नया पुरा मोड के पास हाईवे 11बी पर हुआ। श्रद्धालु आगरा के ककुआ से कैलादेवी जा रहे थे। हादसे में 50 साल की महिला की मौत हो गई। वहीं छोटे बच्चों समेत 20 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया। सदर थाना एएसआई कम्पोटर सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर एक बजे सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बिजौली और नया पुरा मोड के पास एक मैक्स गाड़ी टायर फटने की वजह से पलट गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस टीम घायलों को एंबुलेंस की मदद से धौलपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर घायल महिला रिमला पत्नी दलेल निवासी ककुआ (आगरा) को बाड़ी अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मैक्स में सवार सभी लोग आगरा के ककुआ गांव के रहने वाले थे और शनिवार को कैला देवी माता के मंदिर पर दो बच्ची मिश्री और वैष्णवी के मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे। हादसे में घायल और मृतक सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं। जिसमें से 10 को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर भेजा है। घायलों में जीत प्रकाश पुत्र सुरेश, राजू पुत्र सुरेश, कान्हा पुत्र जीत प्रकाश, सुरेश पुत्र मवासी, अंशिका पुत्री राजकुमार, तान्या पुत्री आजाद, आजाद पुत्र शंकर लाल, मनीषा पत्नी राजकुमार, आर्यन पुत्र राजकुमार, किरण पत्नी शिशुपाल, रेखासुरेश, गोविंद पुत्र राजेंद्र, वंश पुत्र अनूप, अभिराज पुत्र राजकुमार और नरेंद्र पुत्र सुरेश शामिल हैं।

### अवैध रूप से कमाई गई प्रॉपर्टी पर कार्रवाई

## तस्करी से खरीदी 1 करोड़ की जमीन को किया फ्रीज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के खेड़ापा थाना क्षेत्र में ग्रामीण पुलिस ने तस्करी से खरीदी 1 करोड़ की जमीन को फ्रीज किया है। इसके साथ ही 2 फोर व्हीलर को भी जब्त करने का प्रोसेस शुरू कर दिया है। रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह और ग्रामीण एसपी पंकज यादव की ओर से इसे लेकर लगातार अभ्यिान चलाया जा रहा है। इधर, इस मामले को लेकर खेड़ापा थाना पुलिस टीम तस्करी अनिल विश्नोई के एग्रीकल्चर जमीन पर पहुंची और उसे फ्रीज कर वहां बोर्ड लगाया है।

ग्रामीण एसपी पंकज यादव ने बताया कि अनिल के खिलाफ



खेड़ापा थाने में एनडीपीएस एक्ट में मामले दर्ज है। इसे लेकर तस्करी से बनाई प्रॉपर्टी को फ्रीज करवाने की कार्रवाई को लेकर भारत सरकार, वित्त मंत्रालया और राजस्थव विभाग के सक्षम अधिकारी व प्रशासन नई दिल्ली की ओर से आदेश पारित किया गया था। वहीं मामले को लेकर एएसपी भोपाल सिंह लाखावत के सुपरविजन में भोपालगढ़ सीओ भंवरलाल के साथ खेड़ापा थानाधिकारी लाखाराम, ने इस मामले में अवैध मादक पदार्थ बेचकर बनाई प्रॉपर्टी को जब्त करने की रिपोर्ट दी थी।

इस मामले में गिंगाला निवासी अनिल से 90 किलो डोडा पोस्त बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। सामने आया कि इसके खिलाफ अन्य थानों में भी कई मामले दर्ज है। जांच में सामने आया कि अनिल और उसके रिश्तेदारों ने तस्करी कर एक स्कॉर्पियो, एक बोलेरो कैंपर समेत गिंगाला में 14.66 हेक्टेयर एग्रीकल्चर जमीन खरीदी थी। इसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपए थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पर्याप्त सबूत और वित्तीय जांच के आधार पर पटवारी की उपस्थिति में खेड़ापा थानाधिकारी के नेतृत्व में 14.66 हेक्यटेयर एग्रीकल्चर जमीन को फ्रीज किया गया। उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो और बोलेरों कैंपर को भी जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की है।

### व्यवसायिक रंजिश में विरोधी मेडिकल संचालक ने रची जेल भिजवाने की साजिश

## गांजा रखकर फंसाने की साजिश का भंडाफोड़, महिला समेत 5 गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। सायरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को झूठे एनडीपीएस केस में फंसाने की साजिश का पर्दाफाश किया है। एएसपी मुकुल शर्मा और सीओ गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी शैतान सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने एक मेडिकल संचालक को फंसाने के आरोप में महिला समेत 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला एसपी डॉ. दुहन ने बताया कि मामले की शुरुआत 21 जुलाई को हुई, जब पुलिस को सूचना मिली कि कृष्ण मेडिकल पर अवैध मादक पदार्थ मौजूद है। वहां से 1.230 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने मेडिकल दुकान के संचालक महेश हड़िया से गहन पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध महिला दुकान के अंदर सफेद रंग का कट्टा रखकर बाहर जाती हुई नजर आई। जांच पर सामने आया कि भानपुरा रोड पर ही दूसरा मेडिकल चलाने वाले आरोपी गोपाल कुमार की महेश हड़िया से आपसी कहासुनी और व्यापारिक रंजिश चल रही थी। योजना के तहत पदमाराम के कहने पर बाबला नामक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर आया। इसके बाद पदमाराम के इशारे पर लीला बाई और उसके पति अशोक उर्फ आशाराम ने महेश के मेडिकल स्टोर के अंदर छिपकर गांजे की थैली रख दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए षड्यंत्र में शामिल सभी पांचों आरोपियों लीला बाई, उसके पति आशाराम उर्फ अशोक, पदमाराम, बाबला निवासी ज्वारवाला थाना सायरा और मुख्य षड्यंत्रकारी गोपाल कुमार निवासी भानपुरा रोड सायरा जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

## जमीन विवाद को लेकर युवक की मौत परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

महानगर टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। शिव थाना इलाके के जसे का गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। सरकारी जमीन पर एक पक्ष बुवाई कर रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक के साथ मारपीट की गई थी और उसे धमकाया भी गया था।

उनका कहना है कि मारपीट और धमकाने की वजह से ही उसकी तबीयत बिगड़ी और बाद में उसकी मौत हो गई। वहीं, पुलिस का कहना है कि युवक की मौके पर अचानक तबीयत बिगड़ी थी।



प्रारंभिक जांच में उसकी मौत हार्ट अटैक से होने का अंदेशा है। हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस के अनुसार जसे का गांव निवासी सुमेरसिंह सरकारी जमीन पर बुवाई कर रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के हनीफ खान पुत्र फलगू खान ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान हनीफ खान की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में शिव हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बाड़मेर रेफर कर दिया। बाड़मेर ले जाते समय रास्ते में हनीफ की मौत हो गई। शिव थाना इंचार्ज मनोहरलाल विश्नोई ने बताया कि दोनों पक्ष आमने-सामने नहीं हुए थे। ऐसे में मारपीट होने का सवाल ही नहीं है। प्रारंभिक जांच में हनीफ की मौत हार्ट अटैक से होने का अंदेशा है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।

## पत्रकार से मारपीट व जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**झुंझुनूं (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जिले के गुढ़ा गौड़जी थाना क्षेत्र के ग्राम ककराना में एक पत्रकार के साथ



कथित मारपीट, जातिसूचक अपमान और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम ककराना निवासी सुमेर सिंह तूनवाल, जो एक दैनिक अखबार के संवाददाता हैं। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि 22 जुलाई को दोपहर करीब 1:30 बजे वह ग्राम पंचायत ककराना में आयोजित एक शिविर की मीडिया कवरेज करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान मातादीन वहां आया और उनका माइक, आईडी कार्ड एवं मोबाइल छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोटा में 1.24 करोड़ रुपए की नशे की खेप जब्त

## एमपी से पंजाब जा रहा था डोडा-चूरा, पुलिस ने 4 लग्जरी कारों के साथ तस्करों को दबोचा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोटा।** कोटा में नशे के कारोबार के खिलाफ कोटा ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चार कार्रवाई करते हुए कुल 455 किलो 540 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ और वाहनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 1.24 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल होने वाली चार कारें जब्त की हैं। सात अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई 'ऑपरेशन रूट क्लीयरेंस' के तहत की गई है। एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि थाना चेचट, मोडक, कनवास, जिला डीएसटी और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में चार अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी की गई। संदिग्ध वाहनों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीमों ने पीछा कर वाहनों को घेराबंदी कर पकड़ा और तलाशी में भारी मात्रा में डोडा चूरा बरामद किया। थाना चेचट क्षेत्र में बिना नंबर की टाटा नेक्सॉन कार से 257 किलो 600 ग्राम डोडा चूरा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना मोडक क्षेत्र में स्कॉर्पियो क्लासिक कार से 119 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ, जबकि थाना कनवास क्षेत्र में मारुति ब्रेजा कार से 40 किलो 390 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कन्हैया लाल, मोहम्मद विकास शाह, सतनाम सिंह उर्फ सत्ता, रणजीत सिंह उर्फ रिंकू और निरवैर सिंह शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि डोडा चूरा मध्यप्रदेश से पंजाब और नागौर की ओर तस्करी कर ले जाया जा रहा था। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे तीन कट्टों से 38 किलो 540 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की अर्टिगा कार और 79 हजार रुपये कैश भी जब्त किए हैं। जब्त माल और वाहन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है। इस मामले में हरियाणा निवासी पवन विश्नोई और मोहित विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है।

## 15 साल से फरार बदमाश घरवालों से मिलने आया, गिरफ्तार

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जयपुर की आदर्श नगर थाना पुलिस ने शनिवार को वांटेड इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो पिछले 15 साल से तमिलनाडु में छिपकर फरारी काट रहा था। घरवालों से मिलने आने पर बीकानेर में दबिश देकर पुलिस टीम ने पकड़ा। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) रंजिता शर्मा ने बताया कि वांटेड इनामी बदमाशों की धड़-पकड़ के लिए



पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के आदेश पर ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ऑपरेशन के तहत आदर्श नगर थानाधिकारी छगन डांगी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। वांटेड बदमाशों की लिस्ट तैयार कर उनकी तलाश की गई। मुखबिर से सूचना मिली कि पिछले 15 सालों से फरार 5 हजार का इनामी बदमाश पुखराज जैन बीकानेर अपने घरवालों से मिलने आया है। पुलिस टीम ने रवाना होकर तुरंत बीकानेर में दबिश देकर उसको धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने पिछले 15 साल पुलिस के ढूंढने के दौरान बचने के लिए तमिलनाडु के त्रिपुर कोयम्बटूर में छिपकर फरारी काट रहा था। साल-2010 में आरोपी पुखराज जैन ने अपने पिता व अन्य साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की गई थी। पीड़ित के पिता की (यूटीआई म्यूचरल फंड व अन्य कंपनियों के शेयर्स) जमा रकम को माता-पिता की डेथ के बाद दिलवाने का झांसा दिया। पीड़ित के माता-पिता के फेक सिग्नेचर कर रकम निकल हड़प कर फरार हो गया था।

### सिंदूर–मंगलसूत्र पहन छिपा रही थीं पहचान, दस्तावेजी सुबूतों के फर्जी होने की गहराई से पड़ताल

## राजस्थान में अवैध बांग्लादेशी नेटवर्क का पर्दाफाश, जयपुर, नागौर समेत 4 शहरों में रेड

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की चिंता लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ दिनों में नागौर, भीलवाड़ा, अजमेर और अब जयपुर से बांग्लादेशी महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसियां पूरे मामले की गहराई से पड़ताल कर रही हैं। शुरुआती जांच में इन महिलाओं के बीच आपसी संपर्क, फर्जी दस्तावेज, हिंदू पहचान अपनाकर रहने और हवाला के जरिए बांग्लादेश पैसे भेजने जैसे कई पहलू सामने आए हैं।

ह्यालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सभी तथ्यों की जांच जारी है और किसी भी देशविरोधी गतिविधि को लेकर अभी कोई



अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

**चार शहरों में एक जैसा पैटर्न आने से बढ़ी चिंता:** जांच एजेंसियों के अनुसार नागौर, भीलवाड़ा और अजमेर में हुई कार्रवाई के बाद मिले इनपुट के आधार पर जयपुर पुलिस ने नारायण विहार इलाके में छापेमारी कर रूबिया नाम की एक महिला को हिरासत में लिया। शुरुआती जांच में सामने आया कि वह अवैध रूप से भारत में रह रही थी। लगातार चार अलग अलग शहरों से सामने आए मामलों में कई समानताएं मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई हैं।

**हिंदू पहचान अपनाकर रह रही थी महिला :** पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला ने अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए हिंदू रीति रिवाज अपनाए हुए थे। वह मांग में सिंदूर लगाती थी, गले में मंगलसूत्र पहनती थी और उसके मोबाइल फोन में कथित तौर पर एक हिंदू युवक के साथ शादी की तस्वीर भी लगी हुई थी। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि यह विवाह वास्तविक था या केवल पहचान छिपाने के उद्देश्य से किया गया था।

**महिलाओं के बीच संपर्क और शादी की जांच:** सूत्रों के अनुसार अब तक नागौर, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर से पकड़ी गई बांग्लादेशी महिलाओं के बीच आपसी संपर्क के संकेत मिले हैं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि सभी ने अलग अलग स्थानों पर हिंदू युवकों से शादी की थी। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने और इसके पीछे सक्रिय लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वहीं जयपुर पुलिस ने दो बांग्लादेशी युवकों को भी गिरफ्तार किया है।

### फर्जी आधार कार्ड और पासपोर्ट की जांच

महिला के पास से भारत का आधार कार्ड भी बरामद हुआ है, जिसके फर्जी होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह दस्तावेज कहां और किसकी मदद से तैयार कराया गया। यदि दस्तावेज फर्जी पाए जाते हैं तो इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह असम के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी और बाद में जयपुर पहुंची। उसके पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट भी मिला है, लेकिन उसमें भारत आने या जाने की वैध इमिग्रेशन एंट्री दर्ज नहीं मिली। सूत्रों का दावा है कि पासपोर्ट आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखा गया था। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है और पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

### देह व्यापार और हवाला कनेक्शन की भी जांच

जांच के दौरान यह जानकारी भी सामने आई है कि ये महिलाएं कथित तौर पर देह व्यापार से जुड़े नेटवर्क के लिए भारत आती थीं। हालांकि उनका किसी देशविरोधी गतिविधि या संगठित मॉड्यूल से संबंध है या नहीं, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस, खुफिया एजेंसियां और अन्य सुरक्षा एजेंसियां हर पहलू की गहन जांच कर रही हैं। पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि भारत में कमाए गए पैसे एजेंटों के जरिए बांग्लादेश भेजे जाते थे। पुलिस को कोलकाता स्थित एजेंटों के माध्यम से रकम ट्रांसफर किए जाने के इनपुट मिले हैं। अब इस वित्तीय नेटवर्क की भी विस्तार से जांच की जा रही है।

### उप्र सीएम ने किया 489 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

# मिट्टी में मिला दिए जाएंगे पेपर लीक वाले नकल माफिया : योगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि पेपर लीक वाला नकल माफिया इन्हीं दलों की विरासत है, जिसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के लिए केवल दो ही जगह हैं- जेल या जहन्नुम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नकल माफिया के खिलाफ ऐसा सख्त कानून ला रही है, जिसके तहत दोषियों को कम से कम 10 वर्ष की सजा और 10 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को फतेहपुर सदर और अयाह-शाह विधानसभा क्षेत्रों के लिए 489 करोड़ से अधिक लागत की 125 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंन कहा कि जिन्होंने युवाओं का शोषण किया, छात्रों के सामने अंधकारमय जीवन खड़ा किया, वही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज घड़ियाली आंसू बहाने का काम कर रही हैं। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने छात्रों व युवाओं के लिए पिछले 12 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना और प्रधानमंत्री स्टैंडअप योजना के माध्यम से भारत के नौजवानों में आशा की नई किरण जगाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति देकर नौजवानों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का अवसर दिया। आज भारत के नौजवानों को दुनिया में सम्मान मिलता है।



### 'भाजपा की जमीन पर था पूर्व सपा विधायक का कब्जा'

सीएम ने कहा कि सपा के एजेंडे में विकास कभी नहीं था और ना है। सपा के लोग अब बेरोजगारों की तरह घूम रहे हैं, क्योंकि ठेके, पट्टे और अवैध जमीनों पर कब्जे का उनका धंधा चौपट हो चुका है। इसलिए वे हताश-निराश बैठे हुए हैं। पहले वे किसी भी खाली जमीन या प्लॉट पर कब्जा कर लेते थे। भाजपा ने 1990 में लखनऊ में एक कार्यालय के लिए जमीन ली थी। जब कार्यकर्ताओं ने चंदा एकत्र कर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई तो पता चला कि उस जमीन पर भी सपा के एक पूर्व विधायक ने कब्जा कर रखा था। कल हमने बुलडोजर भेजकर उस कब्जे को हटवाया है। यही इनका धंधा था। खेत बोता कोई और था, लेकिन फसल काटने ये लोग पहुंच जाते थे।

### लाभार्थियों को वितरित किए आयुष्मान कार्ड

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चेक, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सामग्री वितरित की। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबी, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास की चाबी सौंपी गई। वहीं ग्रामीण उद्यमी योजना के तहत लाभ प्रदान किया गया। मिनी नंदिनी योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन और अनुदान के तहत चेक दिए गए।

### अंग प्रत्यारोपण में संजीवनी बनी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

# 2,607 मरीजों का किया गया अंग प्रत्यारोपण, मिला निशुल्क उपचार

120.29 करोड़ रुपए से अधिक का कैशलेस इलाज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना) के तहत अब गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अंग प्रत्यारोपण सहित कई महंगे इलाज निशुल्क मिल रहे हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों को लाखों रुपए के इलाज का खर्च नहीं उठाना पड़ रहा है।

मा योजना के तहत अब तक 2,607 मरीजों को राजस्थान और देश के अन्य राज्यों में अंग प्रत्यारोपण एवं अन्य विशेष उपचार का लाभ मिला है। इन उपचारों पर अब तक 120.29 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। योजना के तहत प्रदेश के पात्र मरीजों को रीनल (किडनी) ट्रांसप्लांट के लिए अधिकतम 7 लाख रुपए, कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए 6 लाख रुपए, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं लिवर ट्रांसप्लांट के लिए 14 लाख रुपए तथा हृदय एवं हृदय-फेफड़ा प्रत्यारोपण के लिए 16.70 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का कहना है कि प्रदेश का कोई भी व्यक्ति केवल पैसों की कमी के कारण जीवनरक्षक इलाज से वंचित नहीं रहे। इसी सोच के साथ इस योजना के माध्यम से महंगे इलाज भी आम लोगों के लिए निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### आर्थिक तंगी इलाज में नहीं बनेगी बाधा

योजना के तहत राजस्थान में 2,500 मरीजों को करीब 115.78 करोड़ रुपए की लागत से उपचार मिला। इनमें 1,205 किडनी ट्रांसप्लांट जयपुर, जोधपुर और सीकर में, 660 कॉक्लियर इम्प्लांट जयपुर, बीकानेर और चूरू में, 508 बोन मैरो ट्रांसप्लांट जयपुर, सीकर और कोटा में, 105 लिवर ट्रांसप्लांट जोधपुर, बीकानेर और पाली में तथा 9 हृदय एवं हृदय-फेफड़ा प्रत्यारोपण जयपुर, अलवर और कोटा के मरीजों में सर्वाधिक किए गए। इसके अलावा 13 मरीजों को प्रत्यारोपण से जुड़े अन्य विशेष उपचार पैकेजों का लाभ भी दिया गया। योजना में राज्य से बाहर भी इलाज की सुविधा उपलब्ध है। अब तक 107 मरीजों ने राजस्थान के बाहर स्थित अस्पतालों में इलाज कराया है। इनके इलाज पर 4.51 करोड़ रुपए का पुनर्भरण किया गया। सबसे अधिक 93 मरीजों ने गुजरात, 6 ने दिल्ली, 2 ने आंध्र प्रदेश, 2 ने तमिलनाडु के अलावा हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तेलंगाना 1-1 मरीजों ने योजना का लाभ लिया।

### गरीब परिवारों के लिए राहत का बड़ा माध्यम मा योजना

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ का कहना है कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना) गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हजारों परिवारों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनी है। यह योजना मरीजों को बेहतर इलाज देने के साथ-साथ उनके परिवारों को भारी आर्थिक बोझ से भी बचा रही है।

## राज्यपाल से केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने की मुलाकात

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मुलाकात की। इस दौरान सहकारिता से समृद्धि आलोक में दोनों ने राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## कोलकाता हिंसा पर बड़ा एक्शन, 70 उपद्रवी रडार पर, पहली बार चलेगा गुंडादमन कानून



महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित धर्मतल्ला के डोरिना क्रॉसिंग पर प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़ा एक्शन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को विधानसभा में घोषणा की कि अब तक 70 उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है और मामले में सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि आरोपितों पर पश्चिम बंगाल सार्वजनिक सुरक्षा एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण अधिनियम, 2026 (गुंडादमन कानून) की धाराएं भी लगाई जाएंगी। यह इस कानून के तहत कार्रवाई का पहला मामला होगा। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि चिह्नित 70 लोगों में ना तो कोई छात्र शामिल है और ना ही स्वयं को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का सदस्य बताने वाला कोई व्यक्ति। प्रारंभिक जांच में कोलकाता के कुछ मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के चार कुख्यात अपराधियों की संलिप्तता सामने आई है, जिनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने मीडियाकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताया। पत्रकारों की शिकायतों के आधार पर छह अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय ने रुकवाए बाल विवाह

# दो बालिकाओं का होना था विवाह, समझाइश कर माताओं को किया पाबंद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय ने भट्टा बस्ती क्षेत्र में 2 बालिकाओं का बाल विवाह रुकवा दिया। 24 जुलाई 2026 को प्रस्तावित दो बालिकाओं के विवाह की सूचना मिलने पर इस संबंध में जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) को जानकारी देकर उनकी सहायता से दोनों बच्चियों की काउंसलिंग करवाई गई। काउंसलिंग के बाद भी बच्चियों की माता बालिकाओं का विवाह रोकने के लिए सहमत नहीं हुई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा ने बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्कीम आशा के तहत चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल ने निषेधाज्ञा संबंधी कार्यवाही की। इस कार्यवाही में नोटिस जारी होने के बाद बालिकाओं की माता को पाबंद किया गया। इस प्रकार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय ने दोनों बालिकाओं का विवाह होने से रोक दिया।






स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26